ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 3 जून 2024
वर्ष 5, अंक 197, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



रियल मैड्रिड ने जीती चैंपियंस लीग 13
प्रीति जिंटा की लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी 14

**दिल्ली आबकारी नीति मामले में मिली थी 1 जून तक अंतरिम जमानत**

## केजरीवाल ने किया आत्मसमर्पण

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया। केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 10 मई को अंतरिम जमानत दी थी। यह अवधि एक जून को समाप्त हो गई।

आत्मसमर्पण करने से पहले केजरीवाल ने राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-



● जेल जाने से पहले महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि, हनुमान मंदिर में पूजा

अर्चना की। उन्होंने पार्टी कार्यालय में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि मैं जेल वापस जा रहा हूं, इसलिए नहीं कि मैं भ्रष्टाचार में शामिल था, बल्कि इसलिए कि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई। आप नेता ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान देश को बचाने के लिए प्रचार किया।

उन्होंने कहा कि मुझे सुप्रीम कोर्ट से 21 दिन की राहत मिली थी। ये 21 दिन अविस्मरणीय थे। मैंने एक मिनट भी बर्बाद नहीं किया। मैंने देश को बचाने के लिए चुनाव प्रचार किया। आम आदमी पार्टी महत्वपूर्ण नहीं है, यह गौण है। देश प्रथम है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के लिए तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान जताने वाले सभी एग्जिट पोल फर्जी हैं।

## गौतम अडाणी बने एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में उछाल के बाद गौतम अडाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनयर्स इंडेक्स के अनुसार, 111 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ अडाणी अब दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अंबानी 109 अरब डॉलर की संपत्तियों के साथ 12वें स्थान पर हैं।




● मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा

## भुगतान न करने पर 7 वर्ष, जालसाजी पर उम्रकैद संभव

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर अपराध जैसे, फिशिंग (जालसाजी), विशिंग (शब्दजाल) और हैकिंग आदि संगठित अपराधों में संलिप्त पाए जाने पर अभियुक्त को कम से कम पांच साल और अधिकतम उम्रकैद की सजा हो सकती है। इसी तरह शॉपलिफ्टिंग (दुकान अथवा मॉल से जानबूझकर भुगतान किए बगैर वस्तु ले जाना) की तो सात वर्ष की सजा हो सकती है। इसी तरह के तमाम तरह अपराधों के लिए सख्त कानून भारतीय न्याय संहिता-2023 में परिभाषित कर एक जून से लागू कर दिया गया है।

दरअसल, उप्र. में भारतीय न्याय संहिता-2023 लागू हो गई है। थानों में एफआईआर अब नए कानून के अंतर्गत ही दर्ज होंगे। इस बीच पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय से भी नागरिकों को जागरूक करने की पहल शुरू की है। पुलिस मुख्यालय ने सोशल मीडिया एवं अपने एक्स प्लेटफार्म के माध्यम से नागरिकों को विधिवत जागरूक करना शुरू किया है।




### पहले के कानून में क्या था

पहले के कानून में जालसाजी अथवा हैकिंग के लिए धारा-463 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया जाता था। इसके तहत मात्र दो वर्ष की सजा का प्रावधान था। इसी तरह शॉपलिफ्टिंग के लिए धारा 379 के अंतर्गत कार्रवाई होती थी, जिसकी सजा अधिकतम तीन वर्ष का कारावास था।

### क्या है धारा- 111, 112

पहली जून को फिशिंग (जालसाजी), विशिंग एवं हैकिंग से जुड़े अपराधों एवं सजा पर विस्तृत रूप से बताया गया। नए कानून के तहत अब इस तरह के अपराध पर धारा 111 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत होगा। जबकि 02 जून को शॉपलिफ्टिंग के बारे में बताया गया। शॉपलिफ्टिंग अर्थात दुकान अथवा मॉल से जानबूझकर भुगतान किए बगैर सामान ले जाने की सजा अब सात साल निर्धारित की गई है। इस आरोप में धारा 112 का प्रयोग किया जाएगा।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## जयराम के बयान पर चुनाव आयोग गंभीर, नोटिस भेजकर मांगा जवाब

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह पर 150 डीएम को फोन कर धमकाने का लगाया था आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उनके उस दावे को लेकर तथ्यात्मक विवरण मांगा जिसमें उन्होंने कहा था कि चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों और कलेक्टरों से फोन करके बात की है। रमेश को भेजे गए पत्र में आयोग ने कहा है कि वह रविवार शाम सात बजे तक अपने दावों का विवरण साझा करें।

निर्वाचन आयोग ने एक जून को 'एक्स' पर किए गए जयराम रमेश के पोस्ट का हवाला दिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि निवर्तमान गृह मंत्री जिला अधिकारियों/ कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं। अब तक उन्होंने 150 से बात की है। यह खुलेआम और निर्लज्ज तरीके से धमकी देना है। निर्वाचन आयोग ने रमेश से कहा कि मतों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक चुनाव अधिकारी का एक पवित्र कर्तव्य है और ऐसे सार्वजनिक बयान संदेह पैदा करते हैं तथा इसलिए बयान व्यापक सार्वजनिक हित में दिए जाने चाहिए। आयोग ने कांग्रेस नेता से यह भी कहा कि जब आदर्श आचार संहिता लागू होती है तो सभी अधिकारी आयोग की प्रतिनियुक्ति के अधीन होते हैं और वे किसी भी निर्देश के लिए सीधे निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट करते हैं। हालांकि, किसी जिलाधिकारी ने ऐसे किसी अनुचित प्रभाव की सूचना नहीं दी है जैसा कि आपने आरोप लगाया है...।



● आयोग ने आरोपों का आधार बताते हुए कांग्रेस नेता से स्पष्टीकरण देने को कहा

### यह भाजपाई एक्जिट पोल कई महीने से तैयार था

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इंडी गठबंधन के जीतने का दावा करते हुए एक्जिट पोल को जनमत के साथ धोखा बताया है। रविवार को अपने एक्स हैंडल पर सपा प्रमुख ने लिखा कि एक्जिट पोल वास्तव में कई महीने पहले ही तैयार कर लिए गए थे। बस टीवी चैनलों में इन्हें अब चलाया गया है। अखिलेश यादव के मुताबिक, भाजपा को 300 पार इसलिए दिखाया जा रहा है जिससे कि घपला करने की गुंजाइश बनी रहे।



### यह एग्जिट पोल नहीं, मोदी मीडिया पोल है : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एग्जिट पोल को रविवार को फर्जी बताते हुए कहा कि यह चुनावों में धांधली को सही ठहराने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास और इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का मनोबल कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खेले जा रहे मनोवैज्ञानिक खेल का हिस्सा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एग्जिट पोल को मोदी मीडिया पोल बताया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पार्टी के लोकसभा सांसदों के साथ एक बैठक के बाद एआईसीसी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता बल्कि इसका नाम मोदी मीडिया पोल है। यह मोदी जी का पोल है, यह उनका काल्पनिक पोल है। यह पूछने पर कि 'इंडिया' गठबंधन को कितनी सीट मिलेंगी, इस पर गांधी ने कहा कि आपने सिद्धू मूसेवाला का '295' गीत सुना है? इसलिए 295 सीट।

## अरुणाचल में लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी भाजपा

ईटानगर, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की, पार्टी को 2019 की तुलना में चार अधिक सीटें मिली।

विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करते हुए भाजपा ने विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस का सफाया कर दिया जिसके खाते में केवल एक सीट आई और यह एनपीपी (5), राकांपा (3) तथा पीपीए (2) के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गई। तीन सीट निर्दलीय उम्मीदवारों के खाते में गईं। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि ''उगते सूरज की भूमि'' अरुणाचल प्रदेश में जैसा हुआ है वैसा ही चार जून को देश के अन्य हिस्सों में होगा जब लोकसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती होगी। खांडू ने कहा कि यह भाजपा और पूरे अरुणाचल प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। अरुणाचल प्रदेश के लोगों ने घोषणा की है कि वे चाहते हैं कि भाजपा अगले पांच वर्षों तक सत्ता में रहे। इस बार का जनादेश 2019 में हमें मिले जनादेश से कहीं अधिक है। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 41 सीट जीती थीं, जबकि हमने इस बार 46 सीट जीती हैं। खांडू ने स्वयं मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध जीत हासिल की है। भाजपा के नौ अन्य उम्मीदवारों ने भी निर्विरोध जीत प्राप्त की। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) के योगदान का बदला चुकाया है...।



● 60 सदस्यीय अरुणाचल विस में 46 सीट हासिल कीं

### सिक्किम में एसकेएम को प्रचंड बहुमत

**गंगटोक।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) 32 सदस्यीय विधानसभा में 31 सीट पर जीत दर्ज करके रविवार को लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सिक्किम में सत्ता बरकरार रखी। वर्ष 2019 तक लगातार 25 साल राज्य पर शासन करने वाला सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) महज एक सीट जीत पाया है। एसडीएफ अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग दोनों सीट पर हार गए हैं। उन्होंने दो सीट पर चुनाव लड़ा था। एसकेएम अध्यक्ष और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग भी दो सीट पर चुनाव लड़े थे और उन्होंने दोनों सीट पर जीत दर्ज की। सिक्किम में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के साथ ही विधानसभा का चुनाव हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एसकेएम और तमांग को बधाई दी।

### मोदी ने कहा- धन्यवाद अरुणाचल!



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा की जीत पर राज्य के लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश! इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है। अरुणाचल में भाजपा पर एक बार फिर अपना विश्वास जताने के लिए उन्हें मेरा आभार। हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक उमंग के साथ काम करेगी।

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

### एक नजर

**आठ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण**

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आठ नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से चार के सिर पर कुल पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

**सूरत में 42.50 लाख का एलएसडी ड्रग्स बरामद**

**सूरत।** गुजरात में सूरत शहर के अडाजण क्षेत्र में एसओजी और पीसीबी की टीम ने 42 .50 लाख रुपये मूल्य का एलएसडी ड्रग्स और 65,460 रुपये कीमत का हाइब्रिड गांजा बरामद किया है। एसओजी ने बताया कि पार्थ केतनकुमार मंदिर वाला बैंगकोक से कुरियर के द्वारा ड्रग्स मगाकर बेचता है।

## गुवाहाटी में आईआईएम की स्थापना को केंद्र की मंजूरी

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्र ने असम में गुवाहाटी के पास भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही गुवाहाटी देश के उन कुछ शहरों में शामिल हो जाएगा, जहां शीर्ष शैक्षणिक संस्थान हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पिछले 18 महीनों से केंद्र के साथ इस मामले को आगे बढ़ा रही थी, और नया संस्थान राज्य में उच्च शिक्षा के लिए 'क्रांतिकारी कदम' होगा। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि एक बड़ी खबर साझा कर रहा हूं! 2023 में हमारे अनुरोध के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी के पास एक भारतीय प्रबंध संस्थान को मंजूरी देकर असम के लोगों को एक विशेष उपहार दिया है। इससे यह उन कुछ शहरों में शामिल हो गया है जहां आईआईटी, एम्स, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और अब आईआईएम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और उनके मंत्रालय के समक्ष अपना मामला पेश किया था, साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को भी पत्र लिखा था।

● राज्य में उच्च शिक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम : हिमंत

## प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी की तलाश में जुटी एसआईटी

**बेंगलुरु।** एसआईटी ने महिला के अपहरण के मामले में जद (एस) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना की तलाश में 24 घंटे में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली। भवानी हासन जिले के होलेनरसीपुरा में अपने आवास पर मौजूद नहीं थीं, जिसके बाद उनकी तलाश की जा रही है। इस बीच, कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि भवानी को गिरफ्तार करने के लिए तलाश की जा रही है जो फरार हैं। उन्होंने कहा कि भवानी कहीं छिपी हुई हैं और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

● महिला के अपहरण का मामला

## विशेष प्रेक्षक रखेंगे मतगणना पर सतर्क नजर

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

● 75 जिलों में बनाएं जाएंगे 81 मतगणना केंद्र
● लोक व विस के लिए मतगणना होगी अलग-अलग हाल में

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में स्वतंत्र व निष्पक्ष मतगणना के लिए 179 विशेष प्रेक्षक तैनात किए हैं। विशेष प्रेक्षक मतगणना पर सतर्क नजर रखेंगे। 75 जिलों में 81 मतगणना केंद्र बनाए जाएंगे। लोकसभा व विधानसभा की सीटों के लिए अलग-अलग हाल में मतगणना होगी। सभी मतगणना व सीलिंग की कार्रवाई सीसीटीवी की निगरानी में की जाएगी। मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से शुरू होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 15 प्रेक्षक को एक-एक विधानसभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षक को दो-दो विधानसभा क्षेत्र और 60 को तीन-तीन विधानसभा क्षेत्र आवंटित किए गए हैं। 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग अफसर और 1581 सहायक रिटर्निंग आफिसर के जरिए कराई जाएगी। आगरा, मेरठ, आजमगढ़, देवरिया, सीतापुर व कुशीनगर जिलों में मतगणना दो-दो केंद्रों पर होगी। आठ लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना तीन जिलों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना दो जिलों में और 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना एक जिले में होगी। पोस्टल बैलेट की मतगणना जिला निर्वाचन कार्यालयों के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी। इसके बाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित होगा। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 मतदेय स्थल होने के कारण सबसे अधिक 41 राउंड में मतगणना सम्पन्न होगी।

### लोस के 851 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

मतगणना के जरिए कुल लोकसभा सीटों पर 851 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। चुनाव मैदान में रहे इन प्रत्याशियों में 771 पुरुष व 80 महिला हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा क्षेत्र में व सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं।

### विस सीटों के लिए अलग रिटर्निंग अफसर तैनात

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा उप चुनाव वाली सीटों शाहजहांपुर की ददरौल, लखनऊ पूर्व, बलरामपुर की गैंसड़ी व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) पर मतगणना के लिए अलग-अलग रिटर्निंग अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना के लिए चार रिटर्निंग अफसर व 26 सहायक रिटर्निंग अफसर तैनात किए गए हैं।

## विमान में बम की धमकी आपात स्थिति में उतारा

मुंबई, एजेंसी

पेरिस से 306 यात्रियों को लेकर मुंबई आ रही विस्तारा की एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिती में उतारा गया।

सूत्रों के अनुसार पूर्वाह्न 10 :08 बजे पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया और विमान 10:19 बजे हवाई अड्डे पर उतरा। सूत्र ने बताया कि पेरिस से मुंबई आने वाली इस उड़ान में 294 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे। विस्तारा ने एक बयान में पुष्टि की कि दो जून 2024 को पेरिस से मुंबई के लिए संचालित होने वाली एयरलाइन की उड़ान यूके 024 में सवार हमारे कर्मचारियों ने सुरक्षा संबंधी खामी के बारे में जानकारी दी जिसके बाद एयरलाइन ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। बयान में कहा गया कि विमान मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतर चुका है।




● पेरिस से मुंबई आ रही थी विस्तारा की उड़ान, 306 यात्री थे सवार

## हल्की बौछारों से जल्द मिलेगी भीषण गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● प्रदेश में हल्की बारिश से गिरेगा तापमान बुंदेलखंड में तीन दिन और चलेगी लू
● लखनऊ में तापमान रहा 42.2 डिग्री फतेहपुर, झांसी व कानपुर सबसे गर्म



**अमृत विचार :** भीषण गर्मी तथा हीट वेव के बीच प्रदेशवासियों के लिए मौसम विज्ञान विभाग ने राहत भरी खबर दी। विभाग के मुताबिक सोमवार और मंगलवार को कई जिलों में तेज हवा चलने के साथ बारिश का अनुमान है।

इससे तापमान में गिरावट आएगी। लेकिन, मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि बुंदेलखंड में अगले तीन दिन तक लू जारी रहेगी। रविवार को लखनऊ में अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा। फतेहपुर, झांसी और कानपुर जिले सबसे गर्म रहे। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि 5 जून तक प्रदेश में प्री-मानसून का असर दिखेगा। लगभग सभी जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। तेज हवा चलेगी। गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में लू चलेगी। हालाकि दिन के वक्त यहां भी हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इसके अलावा पश्चिमी जिलों में बारिश के साथ 40-50 प्रति किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पूर्वी जिलों में भी बारिश के मध्यम गति से हवाएं चलेंगी। अगले तीन दिन में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।

### यह जिले सबसे गर्म

| | | |
|---|---|---|
| फतेहपुर | - | 46.2 डिग्री |
| कानपुर | - | 45.2 डिग्री |
| झांसी | - | 45.2 डिग्री |
| उरई | - | 44.8 डिग्री |

### राजधानी को मिली राहत

राजधानी में रविवार सुबह ही बादल छाने लगे। इसी के साथ कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। 10 से 15 मिनट की बूंदाबांदी के बाद आसमान साफ हो गया। दोपहर में फिर से घने बादल दिखे। इससे गर्मी से थोड़ी राहत रही। लखनऊ का अधिकतम तापमान 42 .2 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 30 .2 डिग्री रहा।

## दो मालगाड़ियों में टक्कर, एक का इंजन यात्री ट्रेन से भिड़ा

फतेहगढ़ साहिब, एजेंसी

पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह एक खड़ी मालगाड़ी से एक अन्य मालगाड़ी के टकराने से दो लोको पायलट घायल हो गए। राजकीय रेलवे पुलिस के अधिकारी ने बताया कि टक्कर लगने से मालगाड़ियों में से एक का इंजन दूसरी पटरी पर चला गया और एक यात्री ट्रेन से टकरा गया।

उन्होंने बताया कि सरहिंद के माधोपुर के निकट हुई घटना में लोको पायलट विकास कुमार और हिमांशु कुमार घायल हो गए। फतेहगढ़ साहिब में राजकीय अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि विकास के सिर और हिमांशु की पीठ पर चोट लगी है और उन्हें पटियाला के राजेंद्र अस्पताल भेज दिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना से सेवाएं बाधित हो गई थीं, जिसको बहाल किया जा रहा है और कुछ ट्रेन को राजपुरा, पटियाला और धुरी तथा कुछ को चंडीगढ़ के रास्ते चलाया जा रहा है।



● सरहिंद रेलवे स्टेशन पर हुआ हादसा, दो लोको पायलट घायल

एक नजर

## अध्यापक के निधन पर शोकसभा



**शाहजहांपुर।** जनता पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुड़िया कुर्मियात बंडा के प्रधानाध्यापक ललित कुमार (45) का बीमारी के चलते 28 मई को निधन हो गया था। उनके निधन पर शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया है। शहर में बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कॉलोनी में उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के कार्यालय पर शोक सभा हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष उदित प्रताप सिंह ने कहा कि ललित कुमार का निधन शिक्षक समाज एवं संगठन के लिए अपूर्णीय क्षति है। सभी लोगों ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर संयुक्त मंत्री भारत विकास प्रधान अध्यापक प्रदीप सिंह, संगठन मंत्री अनुराग गुप्ता, गौरव गंगवार, सत्येंद्र दिनकर, राधेश्याम मौर्य आदि शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## पिता-पुत्रों पर मोबाइल छीनने की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर।** युवक ने पिता-पुत्रों पर मोबाइल छीनने और मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी सुनील कुमार मौर्य ने बताया कि वह स्टेशन रोड स्थित एक रेडीमेड गारमेंट्स के शोरूम पर काम करता है। शुरू शोरूम के पड़ोस में एक दुकानदार उससे बुराई मानता है। शुक्रवार को शोरूम से काम निपटाकर वह अपने घर वापस जा रहा था। इसी दौरान आरोपी मोहल्ला कुमारगंज निवासी श्याम गुप्ता, राम गुप्ता, वंश गुप्ता, अपने पिता इंद्र गोपाल गुप्ता के साथ आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जब उसने मारपीट और गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपी आग बबूला हो गए। उसके साथ जमकर मारपीट की। मारपीट से उसे गंभीर चोटें आई है। इसके बाद उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# भीषण गर्मी में अग्निकांड का खतरा, बचाव के उपाय बताए

## अपर मुख्य मुख्य सचिव गृह के निर्देश पर अग्निशमन विभाग ने अटल प्रेक्षागृह में किया कार्यशाला का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश में हीटवेव के कारण संभावित अग्निकांड की दुर्घटनाओं के मद्देनजर शासन-प्रशासन सतर्क हो गया है। रविवार को अटल प्रेक्षागृह में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अग्निशमन विभाग की ओर से अग्निकांडों से बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

बता दें कि 31 को अपर मुख्य मुख्य सचिव गृह की अध्यक्षता में हुई वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न संस्थानों और भवनों में संभावित अग्निकांड की दुर्घटनाओं से बचाव, सुरक्षा तथा रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे अटल प्रेक्षागृह में एडीएम वित्त एवं राजस्व तथा प्रभारी अधिकारी आपदा डॉ. सुरेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न संस्थानों, फैक्ट्रियों, होटल, रेस्टोरेंट, सिनेमा हाल, व्यापार मंडल, आईएमए, आईआईए, नर्सिंग होम के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। साथ ही कार्यशाला में विद्युत सुरक्षा अधिकारी, अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, नगर पालिका, नगर पंचायत, नगर निगम के अधिशासी अधिकारी, सभी तहसीलों के तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे।



जानकारी देते अग्निशमन अधिकारी अग्निशमन अधिकारी बी एन पटेल व अन्य।

- **तमाम विभागों, संस्थानों के प्रतिनिधियों, चिकित्सकों, व्यापारियों ने किया प्रतिभाग**

कार्यशाला का प्रारंभ करते हुए एडीएम एवं प्रभारी अधिकारी आपदा डॉ. सुरेश कुमार ने आपदा प्रबंधन के गठन के बारे में अवगत कराया। साथ ही उन्होंने आपदाओं की जानकारी देते हुए सरकार से मिलने वाली राहत सहायता के बारे में भी जानकारी दी। इसी क्रम में अग्निशमन अधिकारी बी एन पटेल ने आग से होने वाली घटनाओं और उनसे बचाव की जानकारी दी। कार्यशाला में बिल्डिंग में लगने वाली आग को काबू में पाने के लिए फायर सिस्टम के क्रिया-कलापों के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी गई।

इलेक्ट्रिक सेफ्टी अधिकारी ने भी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विद्युत से होने वाली घटनाओं और उनसे बचाव की उपयोगी जानकारी सभी को दी। स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि डॉ. घनश्याम ने हीटवेव से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए इससे बचाव के बारे में समझाया।



अटल प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यशाला में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## नौ जून को होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक की हुई चर्चा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** काकुत्स्थ विकास महासभा नगर इकाई की बैठक रविवार को प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र काकुत्स्थ के आवास मोहल्ला जागृति नगर गदियाना पर हुई। जिसमें आगरा एत्मादपुर प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में 9 जून को होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक में जाने हेतु विचार विमर्श किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा अलग-अलग सरनेम लगाने की वजह से हमारी पहचान सुनिश्चित नहीं हो पा रही है जिस कारण हमारी कोई गिनती नहीं है। राजनीति में शून्यता बनी हुई है, इसलिए समाज को एकजुट होने के आवश्यकता है। 9 जून को होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने हेतु 6 जून तक संपर्क अवश्य कर ले ताकि प्रदेश स्तर पर सूचना प्रेषित की जा सके। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र काकुत्स्थ, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश बाबू काकुत्स्थ, राजेश काकुत्स्थ, मुकेश काकुत्स्थ, अमर काकुत्स्थ, योगेश उर्फ मिथुन काकुत्स्थ, मीरा देवी, उषा काकुत्स्थ आदि लोग सम्मिलित हुए।

## प्लेटफार्म पर दो घंटे नहीं आया पानी, यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **रेलवे स्टेशन पर इधर-उधर भटकते रहे यात्री**

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर सुबह दो घंटे तक पानी न आने पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों ने पूछताछ कार्यालय में कर्मचारी से कहा कि प्लेटफार्म एक पर नलों की टोटी में पानी नहीं आ रहा थ। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रविवार की सुबह साढ़े चार बजे प्लेटफार्म एक पर नलों की टोटी तथा प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय मं पानी नहीं आ रहा था।

यात्री पानी की बोतल लेकर जाए और वापस लौट जाए। यात्री काफी देर तक पानी का इंतजार करते रहे। आखिर में यात्रियों ने सुबह साढ़े छह बजे पूछताछ कार्यालय में डयूटी पर तैनात कर्मचारी से कहा कि प्लेटफार्म एक पर पानी नहीं आ रहा है। यात्रियों को लघुशंका आदि में दिक्कत हो रही है।

यात्री पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहे। यात्रियों ने आरोप लगाया कि पानी की बोतल बेचने के लिए जान बूझकर पानी बंद कर दिया जाता है। आरोप है कि वेंडर रेल नीर पानी बोतल 15 रुपये के स्थान पर बीस रुपये में बेचते है। पूछताछ कार्यालय से एनाउंस होने के बाद सुबह साढ़े छह बजे आइओडब्लू कर्मचारी ने पानी प्लेटफार्म पर खोला

## क्षमता बढ़ाने को गहरे खोदे जाएं तालाब

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उप नगर आयुक्त रविवार को महानगर क्षेत्र के चिनौर में दो तालाब व बाड़ूजई स्थित एक पक्का तालाब अमृत योजना के तहत स्वीकृत व निर्माणाधीन तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाबों की गहरी खोदाई समेत कई दिशा निर्देश दिए।

शासन से निर्देश मिले है कि पर्यावरण व जल संरक्षण के उद्देश्य से महानगर क्षेत्र के स्थलों पर स्थित तालाबों को पुनर्जीवित करने और तालाबों की खोदाई कर तालाब की क्षमता बढ़ाई जाए। इसे देखते हुए निर्माणाधीन तालाबों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी ने किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि निर्माणाधीन तालाबों की गहरी खोदाई कर व उसके बाद तालाब से निकलने वाली सिल्ट को वर्षा से पहले ही साफ करा लें। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि निर्माणाधीन तालाबों के आस-पास नाला-नाली व गंदा पानी तालाब में न जाने पाए, जिससे अमृत योजना के तहत निर्माणाधीन तालाबों का जल साफ व स्वच्छ रह सके। इस दौरान अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



निर्माणाधीन तालाब का निरीक्षण करतीं उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी।

- **उप नगर आयुक्त ने निर्माणाधीन तालाबों का निरीक्षण कर दिए निर्देश**

## नुमाइश में झूले गिरने की जांच उच्च अधिकारी से कराने की मांग उठाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ओसीएफ रामलीला मैदान में लगी नुमाइश में झूले गिरने की जांच किसी उच्च अधिकारी से कराने और आयोजन को बंद कराने की मांग करते हुए सर्व समाज जन कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज अंसारी ने डीएम को पत्र दिया गया।

पत्र में बताया गया कि ओसीएफ मैदान में जेके दुबई थीम कार्निवल के नाम से 24 अप्रैल से जो नुमाइश चल रही है वह पूरी तरह से नियम विरुद्ध है। वहां झूले वगैरह मजबूती से नहीं लगाए गए थे। 30 अप्रैल को आंधी-पानी आने से सारे झूले गिर गये। गनीमत रही कि उस समय नुमाइश आयोजन का समय नहीं था वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मनोरंजन कर निरीक्षक से साठगांठ कर जारी की गई अनुमति को निरस्त किया जाए। किसी उच्च अधिकारी से जांच कराकर नुमाइश को बंद कराया जाए।




## रोगों से दूर रखता है नियमित योग का अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भारतीय योग संस्थान जिला इकाई के तत्वावधान में वृंदावन गार्डन में चल रहे मधुमेह रोग निवारण शिविर का रविवार को समापन हो गया। दक्षिण क्षेत्र के शिविर के समापन पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अमिता जैन ने कहा कि योग को नियमित जीवन में आत्मसात करने से मधुमेह जैसे रोग दूर हो सकते हैं।

डॉ. अमिता ने कहा कि यदि हम नियमित रूप से योग करते हैं तो रोगों से तो दूर रहते ही हैं, साथ ही मानसिक स्तर पर इसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सदर क्षेत्र प्रधान अवधेश प्रजापति और जिला संगठन मंत्री के के शर्मा ने भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर क्षेत्र प्रधान विनोद बिहारी पांडेय, प्रवीण कुमार गुप्ता, वैभव पाल, संदीप कुमार गुप्ता, जितेंद्र पाल सिंह, नीरज वर्मा, दयाशंकर द्विवेदी, हरीश गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, ओमवीर सिंह, बृजेश कुमार मिश्रा, रवि अग्रवाल, मदन मोहन त्रिपाठी संजय सिंह आदि ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया।



वृंदावन गार्डन केंद्र पर बड़ी संख्या में योग करते लोग। ● अमृत विचार

- **वृंदावन गार्डन में मधुमेह निवारण योग शिविर का समापन**
- **सहयोगियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित**

जिला प्रधान पवन कुमार सिंह ने शिविर के सहयोगियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र, जिला उप प्रधान डॉ. मयंक भूषण पांडेय, डॉ. एस के जैन, डॉ. शिवानी जैन, डॉ. मेघा जैन, डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा, मनोज खन्ना, सतीश सिंह चौहान, हरीश गुप्ता, नीरज वर्मा, निधि द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में साधक मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक यासिर को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले के शायर व सेवानिवृत्त शिक्षक को राष्ट्रीय उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ की ओर से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार नौ जून को दिल्ली में प्रदान किया जाएगा।



असगर यासिर।

मोहल्ला तारीन बहादुरगंज निवासी असगर अली यासिर विकास खंड ददरौल स्थित कंपोजिट विद्यालय पंथी से प्रधानाध्यापक पद से इसी वर्ष 31 मार्च को रिटायर हुए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के लिए चुना गया है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वासिल अली ने इसकी घोषणा की है। असगर यासिर ने बताया कि उनका काव्य संग्रह साया साया आंच प्रकाशित हो चुका है। वर्ष 2022 में अल्लामा इकबाल पुरस्कार, बज़्मे अरबाब ए सुखन साहित्यिक पुरस्कार, डॉ. अम्बेडकर साहित्यिक पुरस्कार, नेता जी सुभाष चंद्र बोस रत्न पुरस्कार आदि से भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है।

महबूब हुसैन इदरीसी, हमीद खिज्र, आफताब आलम, कामिल वारसी, राशिद हुसैन राही, गुलिस्ता खान, मोहम्मद नकी, मोहम्मद रफी सिद्दीकी, इरफान अहमद अंसारी, एनए किरमानी, समीउल्लाह अंसारी, डॉ. मसर्रत अली ख़ां, प्रियंका गुप्ता, मीनू मिश्रा, रीता देवी, नीतू गुप्ता, प्रदीप जोसेफ आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।







## एसएस कॉलेज में हुई वाणिज्य संकाय की मौखिक परीक्षा



एसएस कॉलेज केंद्र पर मौखिक परीक्षा देते वाणिज्य संकाय के परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **परीक्षा में शामिल हुए बीकॉम व एमकॉम के विभिन्न सेमेस्टर के परीक्षार्थी**

**अमृत विचार :** एसएस कॉलेज के वाणिज्य संकाय में रविवार को वाणिज्य संकाय की विभिन्न सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कई कॉलेजों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि उनके केंद्र पर बीकॉम तृतीय वार्षिक पाठ्यक्रम, एमकॉम द्वितीय वार्षिक पाठ्यक्रम तथा बीकॉम छठे सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा कराई गई। नवीन शिक्षा नीति से आच्छादित बीकॉम छठे सेमेस्टर की प्रोजेक्ट रिपोर्ट की मौखिक परीक्षा में एसएस कॉलेज के कुल 202 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से सात परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और 195 परीक्षा में शामिल रहे। परीक्षा में मेजबान कॉलेज के अतिरिक्त आर्य महिला महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय तिलहर, राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद, सुभद्रा देवी मुलाराम महाविद्यालय निगोही के परीक्षार्थी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि अनुपस्थित रहे परीक्षार्थियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्र ही निर्धारित शुल्क के साथ पुनः मौखिक परीक्षा का फार्म भरने का अवसर दिया जाएगा। उनकी मौखिक परीक्षा बरेली में होगी।

## निर्धारित समय पर किया जाए रात्रि बसों का संचालन

संवाददाता, खुटार

- **नागरिकों ने परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र भेज कर की मांग**

**अमृत विचार:** नगर के लोगों ने परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शाहजहांपुर को पत्र भेजकर रात्रि विश्राम की बसों का निर्धारित समय से संचालन कराए जाने और मार्गो से हटाई गई बसों का पुनः संचालन कराए जाने की मांग की है।

नगर निवासी सोनू मिश्रा, सुशील कुमार, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, शिवांशु, अनुराग, अनुभव, देबू, हरीश, सुमित कुमार शुक्ला, मनोज कुमार, वैभव, अनुज कुमार, राजेश मिश्रा, अशोक कुमार आदि ने परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शाहजहांपुर को भेजे गए पत्र में बताया कि पूर्व में पूरनपुर रात्रि विश्राम की बस शाम 3:30 बजे शाहजहांपुर डिपो से निकलती थी। अब 4:30 कर दिया गया है। जिससे दिक्कत होती है। इसी तरह पूर्व में जोगराजपुर बाय बेला तुलापुर रात से विश्राम की बस 4:30 पर निकलती थी। उसे बंद कर दिया गया है। मैलानी रोड, जोगराजपुर, खुटार समेत अन्य स्थानों के लिए चलाई जा रही बसों के रात्रि विश्राम के समय में किए गए फिर बदलाव को पूर्व की भांति रखने और शाहजहांपुर डिपो से निर्धारित समय पर ही संचालन कराने की मांग की।









# हैंडपंप रिबोर घोटाले में फंसेगी कई जेई और सचिवों की गर्दन

## अब जैतीपुर ब्लॉक में भी पकड़ी गई गड़बड़ी, डीएम के निर्देश पर चल रही जांच अंतिम दौर में पहुंची

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** हैंडपंप रिबोर घोटाले में एक बार फिर कई जेई और सचिवों की गर्दन फंसती दिखाई दे रही है। आचार संहिता के चलते ठप पड़ी जांच अब दोबारा तेजी पकड़ रही है। जिसके जल्द पूरा होने की उम्मीद है। रिबोर का कार्य सचिव और जेई की देखरेख में हुआ है। ऐसे में इनकी गर्दन घोटाले में फंसती दिखाई दे रही है। मामले की शिकायत जनवरी माह में डीएम से की गई थी। तभी जांच शुरू हो गई थी। अब जांच अंतिम दौर में है। अब तक की जांच में 10 से ज्यादा हैंडपंप रिबोर में गड़बड़ी की पुष्टि हो चुकी है।

पुवायां के धरमापुर गांव निवासी रामप्रवेश शुक्ला ने जैतीपुर में हैंडपंप रिबोर में गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत जनवरी में शिकाययत की थी। जिसके आधार पर डीएम ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दुर्गेश यादव व जल निगम के अधिशासी अभियंता कंपिल एम सिंह को जांच सौंपी। जांच टीम ने वर्ष 2022, 23 व 24 में ब्लाक क्षेत्र में रिबोर कराए गए हैंडपंप की सूची मांगी।

बीडीओ की ओर से डीएम के निर्देश पर तीन सदस्यीय टीम ने जैतीपुर क्षेत्र में किए गए 181 हैंडपंपों का स्थलीय निरीक्षण किया। जबकि शिकायतकर्ता की ओर ओर से ब्लॉक जैतीपुर के 464 हैंडपंप रीबोर कराने में घोटाला का आरोप लगाया गया है। इसी आधार पर मामले की जांच शुरू भी की गई, लेकिन ब्लॉक कार्यालय जैतीपुर की ओर से 182 हैंडपंप रिबोर कराने की सूची दी गई, जबकि शिकायतकर्ता ने बताया था कि 464 हैंडपंप रिबोर कराए गए हैं। टीम ने बीडीओ की ओर से मिली सूची के आधार पर स्थलीय निरीक्षण किया तो बोरिंग में गड़बड़ी मिली। कहीं पर सामग्री खपत से अधिक दिखाई गई तो कहीं पर कम थी। बोरिंग की गहराई, पाइप के व्यास में भी अंतर मिला।

प्लेटफार्म के आकार व मानक भी सही नहीं थे। 181 हैंडपंपों की जांच में टीम को लगभग 38 रिबोर नहीं मिले हैं।


एक गांव में लगा हैंड पंप।

- 664 हैंडपंप में गड़बड़ी का लगाया गया है आरोप
- अब तक की जांच में कई रिबोर में गड़बड़ी की पुष्टि
- सचिव और जेई की देखरेख में हुआ है हैंडपंप रिबोर कार्य

### घरों में कैसे लग गए सार्वजनिक हैंडपंप

सरकारी हैंड पंप सार्वजनिक उपयोग के लिए होते हैं। इसके बाद भी जैतीपुर में जांच के दौरान पता चला कि कई हैंड पंप लोगों के घरों में लगे हैं। सरकारी हैंड पंप लोगों के घरों में कैसे लग गए यह सवाल उठ रहा है। माना जा रहा है कि हैंडपंप लगाने में नियमों की अनदेखी की गई। जांच टीम को कुछ हैंडपप लोगों के घरों में भी लगे मिले। जिनका सार्वजनिक उपयोग नहीं हो सकता। इसी तरह दो हैंडपंपों के बीच न्यूनतम दूरी के मानक का भी पालन नहीं किया गया। हैंडपंप लगाने व रिबोर में हुई इस गड़बड़ी में संबंधित विभागीय अधिकारियों पर भी कार्रवाई होना तय है। जांच टीम में वरिष्ठ कोषाधिकारी को भी शामिल किया गया है।

### पहले भी पकड़ी गई गड़बड़ी

हैंडपंप रिबोर में पहले भी गड़बड़ी पकड़ी जा चुकी है। इससे पहले जनवरी माह में गड़बड़ी पकड़ी गई थी। शिकायत पर डीएम उमेश प्रताप सिंह ने बंडा, पुवायां और खुटार ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में जांच के लिए टीमें गठित की थीं। बंडा ब्लॉक क्षेत्र के लिए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दुर्गेश यादव के नेतृत्व में वित्त एवं लेखाधिकारी विभा यादव, जल निगम निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता सुनील कुमार यादव को जांच का जिम्मा सौंपा गया था। पहली जांच रिपोर्ट में बंडा के बीडीओ कार्यालय से मात्र 64 रिबोर हैंडपंपों की सूची उपलब्ध कराई गई, जिनमें 27 हैंडपंपों के रिबोर होने की पुष्टि नहीं हो सकी। 64 से अधिक हैंडपंपों का रिबोर भुगतान होना पाया गया। तब पुवायां ब्लॉक के वितौनी, नत्थापुर, भटियुरा बुजुर्ग, बंडा ब्लॉक के बनिगवां, पिपरिया हरिश्चंद्र, चरखी देवरी, मझिगई, बरगदा, ढकाघनश्याम, पट्टी छज्जूपुर, मुड़िया छावन, तिहरा ऐजनपुर, देवकली, उदरा टिकरी, मकसूदापुर, चिकटिया, नरेंद्रपुर मोहद्दीन, कुलुमजुझारपुर, बंडी, अख्त्यारपुर धौकल ग्राम पंचायतों में रीबोर हुए हैंडपंप में गड़बड़ी किए जाने की बात सामने आई थी। इस मामले में कई सचिव और जेई को रिकवरी का नोटिस भी जारी किया गया था। बाद में कुछ से रिकवरी हुई भी थी।

> आरोपों की जांच चल रही है। कुछ जगह गड़बड़ी मिली है। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी जाएगी।
>
> – **दुर्गेश यादव**, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट

## चार अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**पुवायां, अमृत विचार :** पुलिस ने चार अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया। छह माह पूर्व चारों अपराधियों को गंभीर धाराओं में जेल भेजा गया था।

शनिवार को लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के मोहल्ला देवस्थान निवासी लाला उर्फ कदीर व रामपुर मदारी निवासी राजू उर्फ राजा हुसैन, खुटार क्षेत्र के कहमहरिया गांव के मतीउलला, इसी गांव के जुनैद के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपियों को पूर्व में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया था। जमानत पर आने के बाद लगातार इनकी दहशत समाज में व्याप्त थी जिसके कारण कोई भी व्यक्ति इनके खिलाफ गवाही देने को तैयार नहीं हुआ। समाज को भय मुक्त बनाने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस ने चारों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्द ही जेल भेज दिया जाएगा।

## एक नजर

### उधार दिए रुपये मांगने पर मारपीट, एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला अंटा निवासी खिजर महबूब खां ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मोहल्ला अंटा के फसी उल्ला पर उसके 13500 रुपये उधार थे। 14 मई की रात दस बजे वह मोहल्ला चमकनी में आरिफ के घर के सामने बैठा हुआ था। उन्होंने फसी उल्ला से उधार दिए गए रुपये मांगे। इस बात से आरोपी नाराज हो गया और गाली देने लगा। विरोध करने पर फसी उल्ला ने अपने साथियों के साथ खिजर महबूब को पीटकर घायल कर दिया। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि फसी अल्ला, तारिक, रेहान, शोएब के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### मकान पर कब्जा करने का आरोप

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कैलाशनगर कालोनी निवासी प्रेम प्रकाश कठेरिया ने बताया कि 27 मई को उसके साले इंद्रेश निवासी खानपुर थाना कादरी गेट जिला फर्रुखाबाद, रामगोपाल निवासी कैलाश नगर कालोनी थाना रोजा आदि के साथ आए ओर मकान का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। 31 मई को वह अपने घर गया तो ताला टूटने के संबंध में पूछताछ की। उसका आरोप है कि उसके साले ने अन्य लोगों की मदद से उसे कमरे में बंद करके मारा पीटा और चश्मा तोड़ दिया। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी इंद्रेश कुमार, रामगौपाल, नरवीर समेत छह लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## फार्म हाउस पर पानी के हौद के पास मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- परिजनों का आरोप- चुनाव में सपा भाजपा की हार जीत पर उसके साथ की गई थी मारपीट

**अमृत विचार :** शहर में एक डॉक्टर के फार्म हाउस पर पानी के हौद के निकट एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। परिजनों का आरोप है कि लोकसभा चुनाव की हार-जीत को लेकर कुछ लोगों ने मारा पीटा था और गुम चोटें थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित रखा गया है। शरीर में चोट के निशान नहीं पाए गए।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला ककरा कला निवासी अनुज कुमार(30) एक डॉक्टर के फार्म हाउस पर सुबह व शाम को जाकर भैंस का दूध निकालने का काम करता था। शनिवार को दिन में चार बजे वह फार्म हाउस पर पहुंचा। शाम छह बजे उसके घर पर किसी ने सूचना दी कि फार्म हाउस पर ट्यूबवेल के पास अनूप बेहोशी की हालत में पड़ा है। अमरजीत परिवार के साथ गया तो देखा कि उसका साला बेहोशी की हालत में पड़ा था। वह उसे मेडिकल कॉलेज ले गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

उसका आरोप है कि फार्म हाउस के बाहर मोहल्ले के तीन लोग शराब पी रहे थे। जो लोकसभा चुनाव पर चर्चा कर रहे थे कि सपा जीतेगी। उसके साले उन लोगों से कह दिया कि भाजपा जीतेगी। आरोप है कि इस बात को लेकर विवाद हो गया था और उन लोगों उसके साले को मारा पीटा, जिससे उसके साले की मौत हो गयी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह मौके पर गए और परिवार वालों से जानकारी की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित रखा गया है और शरीर में चोट के निशान नहीं पाए गए है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई और मामले की जांच की जा रही है। उसकी पत्नी का नाम अर्चना है और दो बच्चे है। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## मतगणना कार्मिकों का रेंडमाइजेशन पूरा, कल होगी वोटों की गिनती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन तथा ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन की मतगणना के लिए चल रहे मतगणना कार्मिकों का रेंडमाइजेशन कार्य रविवार को पूरा कर लिया गया। सामान्य प्रेक्षक बाबूलाल गोयल, जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह एवं ददरौल विधानसभा मतगणना के प्रेक्षक मुरलीधर पटिहार की उपस्थिति में एनआईसी कक्ष में रेंडमाइजेशन कार्य संपन्न कराया गया। रोजा स्थित मतगणना सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन मंडी में चार जून को सुबह आठ बजे से शुरू होगी।

भारत निर्वाचन आयोग के स्टैंडर्ड सॉफ्टवेयर के माध्यम से मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सभी छह विधानसभाओं में विधानसभा वार 14-14 टेबिल लगाई गई हैं। यानि कुल 84 टेबिल पर मतगणना होगी। इसके अतिरिक्त रिजर्व टेबिल 18, आरओ/एआरओ 12 टेबिल भी लगाई जाएंगी, जिन पर काउंटिंग सुपरवाइजर, माइक्रो आब्जर्वर भारत सरकार, काउंटिंग असिस्टेंट एवं एडिशनल काउंटिंग असिस्टेंट समेत कुल 456 मतगणना कार्मिक मतगणना कार्य को अंजाम देंगे।

वहीं, ददरौल विधानसभा के उप निर्वाचन में 14 टेबिल, रिजर्व टेबिल तीन, आरओ/एआरओ की दो टेबिल समेत कुल 19 टेबल लगेंगी, जिन पर काउंटिंग सुपरवाइजर, माइक्रो आब्जर्वर भारत सरकार, काउंटिंग असिस्टेंट एवं एडिशनल काउंटिंग असिस्टेंट समेत कुल 76 मतगणना कार्मिक मतगणना करेंगे। लोकसभा के लिए पोस्टल बैलट टेबल 10 तथा ददरौल विधानसभा के निर्वाचन में पोस्टल बैलट की एक टेबल लगेगी।

इस दौरान एसपी अशोक कुमार मीणा, सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ, डीडीओ पवन सिंह, डीआईओएस हरिवंश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


एनआईसी कक्ष में रेंडमाइजेशन कार्य में मौजूद प्रेक्षक बाबूलाल गोयल व डीईओ उमेश प्रताप सिंह।

- प्रेक्षकों और डीईओ की उपस्थिति में संपन्न हुआ रेंडमाइजेशन कार्य
- लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए 456 और ददरौल विधानसभा में लगेंगे 76 कर्मचारी

### प्रेक्षकों ने लिया मतगणना की तैयारियों का जायजा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की ईवीएम के लिए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना की तैयारियों का रविवार को प्रेक्षकों ने निरीक्षण किया। प्रेक्षकों ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन तथा ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन के सामान्य प्रेक्षक बाबूलाल गोयल, जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह एवं ददरौल विधानसभा के मतगणना प्रेक्षक मुरलीधर प्रतिहार ने सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन रोजा मंडी में बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था एवं मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। प्रेक्षकगणों ने निरीक्षण के दौरान मतगणना को लेकर की जा रहीं सभी तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया और जो भी छोटी-मोटी कमियां पाई गईं, उन्हें अति शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी अशोक कुमार मीणा, सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


रोजा मंडी में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और मतगणना तैयारियों का जायजा लेते प्रेक्षक एवं प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार

## डिवाइडर से टकराई बियर से भरी अनियंत्रित डीसीएम, बाल-बाल बचे चालक-हेल्पर

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** पूरनपुर रोड पर शनिवार रात को गांव मुरादपुर में स्थित टोल टैक्स के पास चालक को झपकी लगने से बियर भरी डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। कई पेटियों में रखी बियर की बोतलें फूट गईं। जिससे भारी नुकसान का अनुमान है। हादसे में चालक और हेल्पर मामूली चोटिल हो गए। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी पाकर थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां चालक से पूछताछ कर वापस लौट आए। इसके बाद चालक ने कैंटीन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। चालक और हेल्पर डीसीएम में बियर की पेटी प्रांत उत्तराखंड से भरकर सिक्किम आर्मी कैंटीन जा रहे थे।

शनिवार रात करीब 11 बजे खुटार पूरनपुर टोल के पास डीसीएम पहुंची। इस बीच डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और एक तरफ झुक गई। डीसीएम में रखी बियर की बोतलें टूट गईं। जबकि कुछ बच गई। मौके पर टोल टैक्स पर मौजूद कर्मचारियों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। चालक और हेल्पर सही सलामत थे लेकिन डीसीएम का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों ने बताया कि चालक को झपकी आने से यह हादसा हुआ है। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। साथ ही बाइक, कार सवार इसकी चपेट में आने से बच गए। उधर, थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस टीम को लेकर मौके पर पहुंच गए। वहां चालक से पूछताछ कर वापस चले गए। इसके बाद चालक ने उत्तराखंड और सिक्किम कैंटीन आर्मी को सूचना दी। डीसीएम चालक और हेल्पर का नाम, पता नहीं चल पाया है।


टोल प्लाजा के डिवाइडर पर चढ़ी बियर से भरी डीसीएम, सड़क पर पड़ी बोतलें।

- चालक उत्तराखंड से बियर लेकर जा रहा था सिक्किम आर्मी कैंटीन
- शनिवार रात खुटार पूरनपुर टोल टैक्स के पास हुआ हादसा

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**खुटार।** क्षेत्र के गांव सिल्हुआ के रहने वाले राधारमन मिश्रा रविवार दोपहर बाद बाइक लेकर खुटार मार्केट किसी काम से आए थे। मां पंथवारी मंदिर के पास उनकी बाइक में वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। लोगों ने इसकी सूचना 108 सेवा एंबुलेंस को देकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने हालात गंभीर देख उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दुर्घटना की जानकारी पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## बस ने कार को मारी टक्कर मामा की मौत, भांजा घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मोहम्मदी रोड पर बस ने कार को टक्कर मार दी, जिससे मामा की मौत हो गयी और भांजा घायल हो गया। चालक बस छोड़कर भाग गया।

लखीमपुर खीरी जिले के थाना मोहम्मदी के गांव रामलखना निवासी प्रदीप सिंह(46) भांजे शमशेर सिंह के साथ रविवार की सुबह साढ़े दस बजे कार से कार की सर्विस कराने शाहजहांपुर आ रहे थे। मोहम्मदी रोड पर रोडवेज की बस ने कार को टक्कर मार दी, जिससे मामा-भांजे घायल हो गए। मोहम्मदी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला। पुलिस दोनों को मोहम्मदी सीएचसी ले गई। डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल प्रदीप सिंह को यहां मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दियाा। चालक बस छोड़कर भाग गया। बस में भी कुछ लोग घायल हो गए थे। मृतक प्रदीप सिंह की पत्नी का नाम परमजीत कौर है और दो बच्चे है। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## निगोही में ई-रिक्शा पलटने से दो लोग घायल, भर्ती



घायल शिवदयाल और ई-रिक्शा चालक सुशील कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

**निगोही, अमृत विचार:** पिपरिया चौहान तिराहे के पास ई-रिक्शा पलटने से उसमें सवार पीलीभीत की पुलिस चौकी करेली क्षेत्र के गांव करेली निवासी शिवदयाल शर्मा और मरेना निवासी चालक सुशील कुमार शर्मा घायल हो गए। दोनों लोग किसी काम से पुवायां गए थे और वहां से शाम चार बजे लौट रहे थे, तभी रास्ते में पिपरिया चौहान तिराहे के पास ई-रिक्शा अचानक पलट गया। निगोही पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा है।

## सड़क पार कर रहे सांड़ से टकराई कार, चालक घायल


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

**खुटार, अमृत विचार :** गोला रोड पर निहालपुर के पास शनिवार रात सड़क पार कर रहे सांड़ से एक कार टकरा गई। हादसे में चालक घायल हो गया। गनीमत रही कि दोस्त बाल-बाल बच गए। राहगीरों की सूचना पर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी।

जनपद लखीमपुर खीरी के मोहल्ला नई बस्ती, थाना सदर बाजार निवासी अर्पित मिश्रा अपने दोस्तों के साथ शनिवार रात को प्रांत उत्तराखंड में स्थित बाबा नीम करोरी धाम के लिए घर से निकला था। खुटार गोला मार्ग पर ईंट भट्ठा के पास रात करीब नौ बजे उनकी कार सांड़ से टकरा गई। हादसे के बाद वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में अर्पित मिश्रा घायल हो गए और दोस्त बच गए। घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। जहां डॉ. पुनीत रस्तोगी ने घायल का उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी।

### शराब बनाते एक गिरफ्तार

**सेहरामऊ दक्षिणी।** एसओ रोहित सिंह को एक जून को सुबह सूचना मिली कि सिउरा के एक मकान कच्ची शराब बनाने का धंधा चल रहा है। पुलिस ने दबिश देकर शराब बनाते हुए राजीव सिंह निवासी सिउरा थाना सेहरामऊ दक्षिणी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 20 लीटर शराब तथा 60 लीटर लहन, गैस चूल्हा आदि सामान बरामद किया है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक वीकेश सिंह, नितिन कुमार आदि थे।

## कमरे में दुपट्टे से लटका मिला महिला का शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** घर के कमरे में कुंडे से एक महिला का शव दुपट्टे से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला है। मृतका के भाई ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने उसकी बहन को दहेज के लिए मारकर लटका दिया है। ससुराली उसे आए दिन परेशान करते थे। मामला खुदागंज थाना क्षेत्र का है।


मृतका जूली।

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव पुन्नापुर निवासी मनोज कुमार की शादी पांच साल पूर्व जूली(25) पुत्री कल्याण सिंह निवासी गंगा जमुनी थाना निगोही के साथ हुई थी। जूली ने शनिवार की रात आठ बजे खाना बनाकर सबको खिलाया और सोने चली गई। उसका पति मनोज बरामदे में सो रहा था। रात में 12 बजे जूली का एक साल का बेटा आंशिक रोने लगा। मनोज बेटे की आवाज सुनकर उठे तो कमरे में जाकर देखा कि उसकी पत्नी दुपट्टे से कुंडे से लटकी हुई थी। मनोज ने सुबह चार बजे मरने की सूचना ससुराल वालों को दी। मृतका का भाई आनंद परिवार वालों के साथ बहन की सुराल पहुंचा। उसने बताया उसकी बहन का शव जमीन पर रखा मिला। उसका आरोप है ससुराल वाले दहेज में बुलेट मोटर साइकिल की मांग कर रहे थे। दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुराल वालों ने उसकी बहन को मार डाला और कुंडे से लटका दिया है। उसके शरीर में चोट के निशान है। उसकी बहन एक साल का बेटा आंशिक तथा ढो साल की बेटी सौम्या है। मृतका के पति ने बताया उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर जान दी है। सीओ तिलहर प्रयांक जैन ने बताया तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी और मामले की जांच की जा रही है।


पोस्टमार्टम हाउस पर गमगीन बैठे परिजन। ● अमृत विचार

- भाई बोला- दहेज के लिए बहन को मारकर लटका दिया

## युवक ने पिटाई से क्षुब्ध होकर पिया था कीटनाशक, दस दिन बाद मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मेडिकल कॉलेज में भर्ती था श्रवण

**अमृत विचार :** रोजा में मामा के घर शराब पीते समय एक युवक ने उल्टी कर दी। जिससे गुस्साए ममेरे भाइयों ने उसे मारा पीटा। जिसके बाद वह घर लौट आया। घर में उसने पिटाई से क्षुब्ध होकर कीटनाशक दवा पी ली थी। अस्पताल में 10 दिन से भर्ती युवक ने दम तोड़ दिया।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव गुवारी निवासी वीरपाल ने बताया कि उसका भाई श्रवण कुमार(35) दस दिन पूर्व रोजा थाना क्षेत्र के गांव जमलापुर में मामा जोगेश के घर गया था। उसने मामा के साथ शराब पी और उसके बाद घर के अंदर उसने उल्टी कर दी। इससे मामा के बेटे नाराज हो गए और उसके भाई को मारा पीटा था। श्रवण इससे क्षुब्ध हो घर चला आया और कीट नाशक दवा पी ली। परिवार वालों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था।

यहां कुछ दिन इलाज कराने के बाद बरेली ले गए। बरेली में उसका इलाज चल रहा था। परिवार बरेली से मेडिकल कॉलेज वापस लेकर आ गए। सोमवार की सुबह श्रवण ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं आयी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। उसकी पत्नी का नाम अनीता है और दो बच्चे है।

## सांड़ से बाइक टकराई, चार घायल

**पुवायां, अमृत विचार :** रोड पर अचानक छुट्टा पशु आ जाने से बाइक उनसे टकरा गई। जिससे चार लोग घायल हो गए। चारों लोग बुझिया गांव के वेद प्रकाश के भतीजे के पुत्र के नामकरण संस्कार में शुक्रवार को शामिल होने आए थे। बहादुरपुर बुजुर्ग गांव के शुभम (21), थाना सिंधौली के गांव पटई निवासी राम गोपाल (28), भटपुरा रसूलपुर के विनोद (20) और बुझिया सचिन (25) बाइक से किसी काम से पुवायां शनिवार की रात आए थे। जिसके बाद वह वापस गांव जा रहे थे। बंडा रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास आवारा पशु मोटरसाइकिल के सामने आ गए। जिससे टक्कर हो गई और चारों लोग घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उपचार किया।

MAXLIFE
SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली

डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप

डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon

डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन

डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist

डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon

डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ

FACILITIES
- CATHLAB
- ICU
- CCU
- ANGIOPLASTY
- NICU
- ECHO TMT
- ANGIOGRAPHY
- HDU
- PACEMAKER
- DIALYSIS
- VENTILATOR

मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब

EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
स्त्री एवं प्रसूति रोग
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

# शाहजहांपुर की टीम ने 40 रन से दर्ज की जीत



मैच का उद्घाटन करते आयोजक, साथ में खिलाड़ी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुर्रिया कला

**अमृत विचार :** क्रिकेट प्रेमियों को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित हो रहे शिव क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कांट और अध्यक्ष पुत्र रईस मियां ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन मैच शाहजहांपुर की टीम ने जीता।

इस दौरान पूर्व चेयरमैन ने बैटिंग में हाथ आजमाए और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। टूर्नामेंट कांट ब्लॉक के ग्राम पंचायत सरथौली में कांग्रेस नेता एसपी सिंह एडवोकेट व समाजसेवी रोहित सिंह की ओर से कराया जा रहा है। एसपी सिंह व रोहित सिंह कई वर्षों से शिव क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करते आ रहे हैं। उद्घाटन मैच में टॉस शाहजहांपुर की टीम ने जीता और पहले बैटिंग करते हुए 12 ओवर में 137 रन बनाए। बाद में रामापुर की टीम 97 रन पर 11 ओवर में आल आउट हो गयी। जिसमें शाहजहांपुर की टीम 40 रनों से जीती। प्रशान्त ने 55 रन बनाए, जिसे मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच प्रबंधन में एसपी सिंह एडवोकेट, रोहित सिंह, अभय सिंह, अमित सिंह, मनमोहन सिंह, करन कश्यप आदि का सहयोग रहा।

## कीलापुर ने नवादा को 32 रन से हराया

**मिर्जापुर।** हरिहरपुर में चल रहे एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को कीलापुर व रुद्रपुर नवादा की टीम के बीच मैच खेला गया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कीलापुर की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 92 रन बनाकर विपक्षी टीम को 93 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी रुद्रपुर नवादा की टीम कीलापुर के ऑलराउंडर रोहित की घातक गेंदबाजी के आगे 9 ओवर में 60 रन बनाकर आल आउट हो गई। रोहित को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। इस दौरान अनुराग यादव, ललित कुमार, प्रशांत, रुचित कुमार, सतीश, मधुर कुमार आदि मौजूद रहे।

# मानक विहीन सड़क निर्माण से गुस्साए ग्रामीणों का प्रदर्शन

## इटौआ प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने नाराजगी जताई

संवाददाता, खुटार



खराब सड़क बनाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करते कुसुमा के ग्रामीण।

**अमृत विचार:** जिला पंचायत की तरफ से पूरनपुर मेन रोड से गांव कुसमा तक डामर रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क निर्माण कार्य में मानक विहीन सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने नाराजगी जताई और प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी सड़क निर्माण का क्या फायदा जो चंद दिन में खराब हो जाए।

ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को सड़क निर्माण कार्य करने के लिए पत्थर आदि डलवाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। रविवार को गांव इटौआ के प्रधान कन्हैयालाल के नेतृत्व में गांव कुसुमा के रहने वाले अनिल कुमार, वीरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, खूबलाल, सुमित, रामदुलारे, शेर सिंह, नरेंद्र कुमार, शुभम, अमित, गोकरन आदि लोग एकत्र हुए और मौके पर पहुंचे। प्रधान और ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप सामग्री नहीं लगाए जाने और सड़क को नाली से कम ऊंचाई रखने की आपत्ति की। प्रधान के साथ आए ग्रामीणों का कहना था कि ठेकेदार नालियों से नीची सड़क बनवा रहे हैं। इससे बारिश का पानी

- **पूरनपुर मेन रोड से कुसुमा तक जिला अस्पताल की ओर से बनाई जा रही रोड**
- **बोले प्रदर्शनकारी- निर्माण सामग्री की गुणवत्ता खराब, ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग**

नालियों में जाने के बजाय सड़क पर भरेगा। इससे सड़क पर जलभराव की समस्या पैदा होगी और सड़क समय से पहले ही टूट जाएगी। सड़क निर्माण कार्य में नाम मात्र का ही पत्थर डाला जा रहा है। इससे पता चलता है कि सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही और धांधली बरती जा रही है। जो कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद प्रधान ने ग्रामीणों के साथ ठेकेदार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन

> मानक विहीन सड़क का निर्माण होने से परेशानी इस रोड से गुजरने वाले लोगों को होगी और आसपास के लोगों को भी इसलिए हम लोगों को मजबूरन इसका विरोध करना पड़ रहा है। मानक अनुरूप सामग्री लगाकर सड़क का निर्माण होना चाहिए।
> – **कन्हैयालाल**, प्रधान, इटौआ

किया और नारेबाजी भी की। ग्रामीणों ने नीची सड़क बनवाने और निर्माण में डाली जा रही घटिया सामग्री लगाने पर कड़ी निंदा की है। सभी ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने और सड़क निर्माण कार्य में अच्छी गुणवत्ता लगाने की मांग की। बाद में ठेकेदार ने सभी को मानक अनुरूप सड़क बनाए जाने का आश्वासन देकर शांत कराया।

# आत्मनिर्भर बनाने को महिलाओं को दिया रोजगारपरक प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **अल-मुश्किल कुशा नेशनल सोसायटी का आयोजन**

**अमृत विचार :** अल-मुश्किल कुशा नेशनल सोसायटी के सभागार में जरूरतमंद महिलाओं के लिए निशुल्क रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया।

इस अवसर पर अधिवक्ता गुलिस्ता खान ने कहा कि सोसायटी गांव, शहर, कस्बों में उन लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया करा रही है, जो गरीब और मजलूम हैं। खासतौर पर बेसहारा महिलाओं को रोजगार का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा हैं। सोसायटी नये प्रोडक्ट्स निर्माण कर बेरोजगारी दूर करने में हर संभव मदद कर रही है। सोसाइटी अध्यक्ष शेख मौलाना रजवी कादरी ने कहा कि हमारी सोसायटी हर वक्त समाज सेवा का कार्य कर रही है।

बेरोजगारों को ट्रेनिंग देकर हुनरमंद बनाना एकमात्र उद्देश्य है। इस अवसर पर अधिवक्ता सुधाकर तिवारी, राष्ट्रीय सचिव कदीर ख़ान,, रेहान दानाई, मायाराम, इमराना, फरजा़ना, शाफिया, नेहा, मीना, शाज़िया, मुस्कान ख़ान, ज़ीनत, रुबी आदि मौजूद रहे।



अल–मुश्किल कुशा नेशनल सोसायटी के प्रशिक्षण कैंप में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ● पाइलोनाइडल साइनस ● इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

# पंप का मोटर खराब, पानी को तरसे लोग

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को रोजा के प्रेम नगर कॉलोनी में लगे पंप का मोटर खराब हो गया। जिससे रेलवे कॉलोनी सहित प्रेमनगर व कोयला कॉलोनीवासियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। शनिवार की शाम तक घरों के नलों में पानी पहुंचा तो लोगों ने आसपास लगे सरकारी हैंडपंप का सहारा लेना पड़ा।

रोजा के प्रेम नगर कॉलोनी में रेलवे का पानी का पंप नंबर चार लगा हुआ हुआ। जिससे रेलवे आवासों में सुबह, दोपहर और शाम को पानी की सप्लाई की जाती हैं। शनिवार दोपहर अचानक पंप का मोटर खराब हो गया। काफी देर तक रेलवे, प्रेमनगर व कोयला कॉलोनीवासी पानी का इंतजार करते रहे। जब दोपहर तक काफी घरों के नलों में पानी नहीं आया तो लोगों ने आसपास लगे हैंडपंप से पानी भर कर अपने रोजमर्रा के काम निपटाएं। देर शाम तक पंप का मोटर सही नहीं हो पाया था। जिससे कालोनीवासियों को पूरे दिन पानी की किल्लत से जूझते रहे। लोगों की दिक्कत को देखते हुए नगर निगम ने पानी के टैंकर की व्यवस्था की। लेकिन लोगों की जरूरत पूरी नहीं हो पाई। रेल विभाग ने पंप के मोटर ठीक करा दिया। रविवार को पंप ठीक होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।





टैंकर से पानी लेते लोग।



हैंडपंप से पानी भरता युवक।

- **पानी न आने से प्रेमनगर, रेलवे आवास व कोयला कॉलोनी में हाहाकार**

### आए दिन खराब हो जाता है पंप



प्रेमनगर कॉलोनी निवासी सन्नी वाल्मीकि ने बताया कि रेल प्रशासन का लगा पंप आए दिन खराब हो जाता है। अभी कुछ माह पूर्व भी पंप में खराबी आ गई थी, जिसके कारण क्षेत्रवासियों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता हैं।

## धारदार हथियार से ग्रामीण को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव हुल्लापुर निवासी भूरे सिंह ने बताया कि 31 मई की शाम साढ़े चार बजे गांव के रवि उसके खेत में मूंगफली की फसल जानवर से चरा रहे थे। आरोपी को फसल चराने से मना किया तो विवाद हो गया। आरोप है कि आरोपी रवि अपने साथियों के साथ आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे धारदार हथियार से घायल कर दिया। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी रवि, राजीव, राम निवास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है।

# मनीष की धमाकेदार बल्लेबाजी से जीती सुनारा इलेवन की टीम

संवाददाता, पुवायां

- **क्रिकेट टूर्नामेंट का छठां मैच पुवायां व सुनारा इलेवन के बीच खेला गया**

**अमृत विचार :** गांव सुनारा बुजुर्ग में चल रहा क्रिकेट टूर्नामेंट का छठां मैच पुवायां व सुनारा इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें पुवायां टीम के कप्तान विशाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम महज 11.5 गेंद में 121 रन बनाकर आल आउट हो गई। पुवायां की तरफ से बल्लेबाज अमन ने 36, करन ने 25 रन व अन्नू 20 रनों का योगदान दिया है।

सुनारा इलेवन के तेज गेंदबाज आयुष ने 20 रन देकर 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी सुनारा इलेवन की टीम ने 10.5 गेंदों में 125 रन बनाकर जीत दर्ज की। जिसमें मनीष ने 47 रनों की जबरदस्त पारी खेली। वहीं बल्लेबाज विकास विकास सिंह 15, अन्नू शर्मा ने 25 रनों का महत्वपूर्ण योगदान किया। क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के चलते मनीष पांडेय को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सुनारा प्रीमियर लीग के आयोजक प्रधान पुत्र विकास पांडेय का कहना है कि कमेंट्री बॉक्स में सूरज पांडेय व उनके सहयोगी वाशिम खान के द्वारा मैच को रोमांचक बनाया जा रहा है और एम्पायर अंकित मिश्रा व सत्यम गिरी के द्वारा निष्पक्ष निर्णय दिए जा रहा हैं।

# दो घरों में नकब लगा नगदी समेत 5.80 लाख की चोरी

## खुटार के गांव सीतापुर में शनिवार रात चोरों ने दिया घटना को अंजाम, फॉरेंसिक टीम ने पुलिस के साथ जुटाए साक्ष्य

संवाददाता, खुटार



घटनास्थल पर जांच करते थानाध्यक्ष व मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार



टूटा पड़ा घर का बक्सा। ● अमृत विचार



पुलिस के कहने के बाद खेत से सामान भरता पीड़ित। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** चांदपुर मार्ग पर गांव सीतापुर (सहारू) में दो घरों में चोरों ने नकब लगा दी और घर में दाखिल हो गए। इस दौरान दोनों परिवार आंगन व टिन शेड के नीचे आराम से सोते रहे और चोर घरों में रखे बक्से, अलमारी खंगालने में जुटे रहे। चोरों ने घर से जेवरात, कपड़े और 60 हजार रुपये की नगदी सहित करीब पांच लाख, अस्सी हजार की कीमत के सामान पर हाथ साफ कर दिया। रविवार सुबह गांव के लोगों ने नकब लगा देखा, तो दोनों परिवारों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और पीड़ितों से पूछताछ की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक ही रात दो घरों में चोरी की वारदात से पुलिस के होश उड़े हुए है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर बारीकी से जांच की। जहां चोरों का पता लगाने के पुलिस हर प्रयास करने में जुटी हुई है।

गांव सीतापुर निवासी देव पटेल ने बताया कि वह पुवायां में बजाज फाइनेंस कंपनी में नौकरी करता है। उसके पिता फूल सिंह पटेल प्राइवेट स्कूल में अध्यापक हैं। घर में उसकी पत्नी शेफाली पटेल, पुत्र, मां सरोजनी पटेल, भाई शिवम पटेल रहते हैं। शनिवार शाम को भोजन करने के बाद घर के सदस्य आंगन, टीन शेड में सोने चले गए थे। रात करीब 12 बजे तक लोग जागते रहे। इसके बाद गहरी नींद आ गई। रात किसी समय खेत की तरफ से चोरों ने कमरे में पीछे से सेंध लगा दी और दाखिल हो गए। बड़ा बक्सा और छोटे बक्से के ताले तोड़ दिए। चोरों ने कपड़े, रजाई आदि चीजे बाहर निकाल कर डाल दी और सोने की चेन, बच्चे के कंगन, चार जोड़ी पायल, तीन जोड़ी बिछिया, चांदी सिक्का, दो सोने की अंगूठी, नथुनी, दो मंगलसूत्र, दो सोने के पेंडल, 60 हजार की नगदी चोरी कर ले गए, उधर, उसी गांव के रहने वाले रवि प्रकाश उर्फ चिंटू ने बताया कि शनिवार रात को घर में वह और उसकी सास उषा देवी, पत्नी प्रीति देवी, पुत्री महिमा, नियारिका, देवांश, अमन आंगन में सो रहे थे। रात किसी समय चोरों ने खेत से आकर कमरे में नकब लगा दिया और बक्से से झुमकी, दो पायल, मांगबेदा, टीका, कपड़ा, पांच सौ रुपये की नगदी सहित 80 हजार की चोरी हो गई। रविवार सुबह गांव के लोग खेत की ओर पहुंचे तो नकब लगी देखी। परिजनों को जानकारी हुई तो होश उड़ गए। सूचना के बाद थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों से बातचीत की। जांच के बाद पुलिस लौट आई। पीड़ित देव पटेल की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अफसरों ने खुलासे को लगाई तीन टीमें

दो घरों में नकब लगाकर लाखों की चोरी के मामले में पुलिस, फॉरेंसिक टीम के साथ ही एसओजी टीम भी चोरी का खुलासा करने में जुट गई है। घटना के बाद रविवार दोपहर एसओजी टीम गांव पहुंची। जहां अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से जांच की। इसके बाद घटना से संबंधित परिजनों से बातचीत कर साथ ही साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। हालांकि, तीन टीमें इस मामले में चोरों का पता लगाने में मुखबिर के माध्यम से जानकारी और तलाश की जा रही है।

पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। चोरी की घटना में टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

–**संजय कुमार**, थानाध्यक्ष खुटार

### मकान का किराया और गुल्लक भी उठा ले गए

देव पटेल ने बताया कि उसका एक मकान खीरी के कस्बा गोला में है। उसमें किरायेदार रहते हैं। शनिवार को वह मकान का किराया लेकर घर आया था और बक्से में 38 हजार नगदी रख दी। रात को घर में चोरी हो गई और चोर बक्से में रखे रुपये चोरी कर ले गए। करीब पांच लाख रुपये की चोरी हुई है। वहीं, पत्नी ने बताया कि उनके बेटे की गुल्लक घर के कमरे में रखी हुई थी। उसमें करीब तीन हजार रुपये रखे हुए थे। चोरों ने उसे भी नहीं छोड़ा।

### गन्ने के खेत में पड़ा मिला बक्सा और सामान

चोर दो घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद दो बक्से गन्ने के खेत में डालकर छोड़ गए। घर से करीब 200 कदम की दूरी पर गांव के जसकरन के खेत में बक्से पड़े मिले। पुलिस ने पीड़ितों से बक्सा और बचा सामान उठा ले जाने को कहा। पीड़ित कपड़े, जरूरी दस्तावेज आदि घरेलू चीजे बक्से में भरकर ले गए।

### शेफाली का पर्स मिला आधा किमी दूर

शेफाली ने बताया कि घर के कमरे में उसका पर्स रखा हुआ था। उसमें करीब सात सौ रुपये थे। उसे भी उठा ले गए। गांव से करीब आधा किमी दूर गांव के पूर्व दिशा में बरगद पेड़ के नीचे पर्स पड़ी मिली। लेकिन उसमें रखे रुपये गायब थे।



मकान के पास गन्ने के खेत में बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

### कहीं अपनों की साजिश तो नहीं

देव के घर लाखों रुपये के जेवरात, कपड़े और नगदी चोरी हो गई। चर्चा है कि किसी ने सटीक जानकारी दी और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसमें अपनों की साजिश मानी जा रही है। इसके अलावा देव के पिता का नाम फूल सिंह पटेल और दूसरे रवि प्रकाश के पिता का नाम फूल चंद्र है। चर्चा है कि रवि प्रकाश के घर में चोरी की, तो कुछ हासिल नहीं हुआ। इसके बाद देव पटेल के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### गन्ने के खेत से लगाया शातिरों ने नकब

जिन दो घरों में चोरी हुई है। उनके घर जसकरन के खेत से लगे हैं। शनिवार रात को चोरों ने गन्ने के खेत की तरफ पहुंच कर मकानों में नकब लगाई। इसके बाद आसानी से घटना को अंजाम दे दिया गया। वजह है कि दोनों परिवार आंगन और टीन शेड में सो रहे थे और कमरे खाली थे।

## एक नजर

### सब्जी लेने गए युवक की बाइक चोरी

**तिलहर।** सब्जी मंडी में सब्जी लेने गए युवक की बाइक को चोरी हो गई। युवक ने बाइक को काफी तलाश किया, लेकिन नहीं मिली। युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। नगर के गुरगवां कॉलोनी के सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि शनिवार सुबह लगभग 7 बजे वह अपनी बाइक से सब्जी मंडी में सब्जी लेने गया था। उसने अपनी बाइक मंडी के दक्षिण वाले गेट की तरफ खड़ी कर दी और वह सब्जी लेने चला गया। सब्जी लेकर वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। उसने बाइक को काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

### टंकी की सरिया चोरी का आरोपी पकड़ा

**खुदागंज।** हर घर जल हर घर नल योजना के तहत जल निगम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित पानी की टंकी की सरिया चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। खुदागंज क्षेत्र के गांव अकबरपुर में निर्माणाधीन पानी की टंकी पर रखी कई क्विंटल सरिया एक युवक द्वारा पिकअप में रखकर चोरी कर ली गई थी। पिकअप में सरिया लादने का सीसीटीवी कैमरे में घटनाक्रम कैद हो गया था। रविवार को वहां टंकी की देखरेख करने वाले एक युवक ने उक्त पिकअप को पहचान लिया और जिसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया।

# प्राचीन जानकी महाराज मंदिर से घंटे चोरी

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव कपसेडा में नेशनल हाईवे स्थित श्री जानकी महाराज का प्राचीन मंदिर है। श्रद्धालुओं की ओर से मन्नत पूरी होने पर मंदिर में चढ़ाए गए घंटा शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने चुरा लिए।

सुबह ग्रामीणों ने मंदिर में लगे घंटा गायब होने पर 112 पीआरबी को सूचना दी। टीम में तैनात कांस्टेबल मयंक मौके पर पहुंचे और संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने घंटों की कीमत 80 से 90 हजार रुपये बताई है। मंदिर से घंटा चोरी की सूचना पर भारतीय हिंदू परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर पहुंचे और चोरी होने की निंदा की। चौकी प्रभारी नगरिया मोड़ सुकेद्र पाल सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान सुबोध कुमार यादव, रामनरेश यादव, अजय यादव, रामवीर सिंह यादव, सर्वेश कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# चोरी की योजना बनाते चार आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



जलालाबाद पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

● **5300 रुपये, तमंचा, रॉड हथौड़ा व अन्य सामान बरामद**

**अमृत विचार:** जलालाबाद पुलिस ने चोरी की योजना बनाते हुए चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरों के कब्जे से 5300 रुपये, एक तमंचा, रॉड आदि सामान बरामद किया है।

प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि एक जून को विश्वास गुप्ता निवासी नौसारा थाना जलालाबाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी दुकान मंडी स्थल में है। चोरों ने दुकान में रखी अलमारी का लॉक तोड़ दिया था ओर 14300 रुपये, जरूरी कागजात चेक बुक तथा कुलदीप निवासी गांधीनगर नवीन स्थल मंडी में स्थित दुकान अलमारी का लाक तोड़ रुपये चुरा लिए थे। पुलिस ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस चोरों की सुरागरसी में लगी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को एक जून की रात 11 बजे सूचना मिली कि काकोरी इंटर कॉलेज के मैदान में चोर चोरी की योजना बना रहे है। पुलिस ने घेराबंदी करके अभियुक्त सचिन निवासी रुस्तमपुर थाना जलालाबाद, सनोवर निवासी प्रतापनगर थाना जलालाबाद तथा दो बाल अपचारी को पकड़ लिया।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 5300 रुपये, एक तमंचा, एक कारतूस, रॉड, हथौड़ा आदि बरामद किया है। सभी अभियुक्तों पर पहले से विभिन्न धाराओं के मुकदमे दर्ज है। पूछताछ के दौरान चोरों ने बताया कि नवीन स्थल मंडी में अलमारी की दुकान से 30 हजार रुपये चोरी किए थे। 14300 रुपये चारों ने बाट लिए थे। पुलिस ने चारों अभियुक्तों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार आदि थे।

# दीवार के सहारे घर में घुसे चोर समेट ले गए लाखों का जेवर

**जैतीपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव महमूदापुर में शनिवार की रात चोरी हो गई। दीवार के सहारे घर में घुसे चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे जेवर पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 4 लाख बताई गई है।

महमूदापुर की भावना ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शनिवार की रात परिजनों सहित घर पर सो रही थी। तभी दीवार के सहारे चार चोर मुंह पर कपड़ा लपेटे घर में घुस आए। रात करीब 3 बजे वह बेटे के रोने पर उसको दूध पिलाने उठी। आहट होने पर चोर सजग हो गए। कमरे का ताला टूटा देख व चोरों को घर में देख उन्होंने शोर मचाया। तभी मौका पाकर चोर भाग गए।

बताया कि चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमे रखा सोने का हार, अंगूठी, झुमकी, चेन, चार चूड़ी, चांदी की पायल आदि चोरी कर लिया। कमरे में जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था।

चोरी हुए जेवर की कीमत करीब चार लाख साठ हजार रुपये है। महिला ने तुरंत डायल 112 पर फोन किया। पुलिस पहुंची, जांच पड़ताल की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा।

# टावर से उपकरण चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार को किया गिरफ्तार

तिलहर,



तिलहर पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

● **27 अजना कार्ड चोरी कर बेच चुके हैं, एक कार्ड की कीमत एक हजार रुपये**

**अमृत विचार:** पुलिस ने मोबाइल टावर से अजना उपकरण चुराने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोर बरेली के हैं। पुलिस ने चोरों के कब्जे से अजना उपकरण, तीन मोबाइल, एक कटर, दो पेचकस, बाइक आदि सामान बरामद किया है। चोर 27 कार्ड चोरी कर बेच चुके हैं।

प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह रविवार की रात ढाई बजे गश्त पर थे। उनको सूचना मिली कि फिरोजपुर गौटिया में खंडहर में कुछ लोग छिपे हुए और चोरी की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों में प्रदीप कुमार निवासी तिलमास थाना मीरगंज जिला बरेली, सतेंद्र कुमार निवासी कुतुबपुर थाना मीरगंज जिला बरेली, चंद्रपाल निवासी धनेटा जिला बरेली तथा एक नाबालिग है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से तीन अजना कार्ड उपकरण, दो पेचकस, एक कटर, एक बाइक, तीन मोबाइल आदि सामान बरामद किया है। अभियुक्तों पर पहले से विभिन्न धाराओं के मुकदमे दर्ज है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि टावरों से अजना कार्ड उपकरण चोरी कर बेच देते हैं और अब तक 27 कार्ड बेच चुके है। एक कार्ड 40 हजार रुपये का बिक जाता है। कार्ड बेचने में जो पैसा मिलता है, उसे आपस में बांट लेते हैं। पुलिस ने चारों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सुकेंद्र पाल सिंह, धनश्याम बहादुर, जय प्रकाश भारती, नितिन कुमार, विवके सिंह आदि थे।

### टावर में उपकरण चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला दीवान जोगराज निवासी अमित तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि इंडस टावर्स प्राइवेट लिमिटेड में टेक्नीशियन के पद है। 20 मई की रात सेहरामऊ गांव में स्थित टावर में लगे अजना नामक दो उपकरण चोरी हो गए है। वह तलाश करते रहे लेकिन चोरी गए उपकरणों का पता नहीं चला। एसओ रोहित सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ टावर उपकरण चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस चोरों की सुरागरसी कर रही है।

### अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां।** इंडस टावर के टेक्नीशियन अंकुल सिंह पुत्र बुधपाल सिंह निवासी चिन्नौर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। अंकुल सिंह ने बताया कि पुवायां के गांव खानपुर में लगे टावर से अज्ञात चोरों ने 16 मार्च, सत्ताइस मार्च व 24 मई को तीन-तीन अंजना कार्ड चोरी कर लिए।

नुमाईश दुबई थीम कर्निवाल



देशी विदेशी झूलों के साथ
दुबई का मजा शाहजहाँपुर में
समय
सायं 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक
स्थान
ओ.सी.एफ. रामलीला मैदान, शाहजहाँपुर

# नि:शुल्क हड्डी रोग शिविर में उमड़े मरीज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



तिलहर में मेडिकल कैंप में लोगों की जांच करते हड्डी रोग के विशेषज्ञ डॉ. दिव्यांश।

● **वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने तिलहर में किया लोगों का परीक्षण, दवाइयां दी**

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा के तत्वावधान में नगर पालिका टाउनहॉल तिलहर में रविवार को निशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच भी कराई। शिविर में मरीजों को परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। साथ ही मेडिकल जांचों, सीटी स्कैन तथा एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। मेडिकल कॉलेज के पीआरओ रईसुद्दीन ने बताया कि इस प्रकार के शिविर प्रत्येक रविवार को लगाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके। इस दौरान उन्होंने रोहिलखंड अस्पताल के हड्डी रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया। कहा कि गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, सायटिका, पैरों की कमजोरी, पैरों का सुन्नपन, झनझनाहट, गर्दन का दर्द, रीढ़ का दर्द, जन्म से टेड़े-मेड़े हाथ-पैरों का इलाज, हड्डी का संक्रमण, हड्डी की टीबी., गली हड्डी से मवाद आने का सफल इलाज, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, सभी प्रकार की टूटी हुई हड्डी का प्लास्टर एवं ऑपरेशन द्वारा इलाज तथा आईसीयू की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। शिविर में हड्डी रोग के विशेषज्ञ डॉ. दिव्यांश अपनी चिकित्सीय टीम तथा पैरामेडिकल स्टाफ के साथ मौजूद रहे।

### होटल से चोरी का प्रयास

**खुटार।** नगर के रसवां खुर्द निवासी महेश गुप्ता ने बताया कि उनका बंडा चौराहा पर होटल है और पड़ोस में आसिफ का मकान व दुकान है। शनिवार शाम को वह होटल बंद करके घर चले गए थे। रविवार सुबह तड़के तीन बजे पड़ोसी मोहम्मद आसिफ सोकर उठे तो होटल से खटपट की आवाज सुनाई दी। देखने पर सड़क किनारे कार खड़ी थी और उसमें एक व्यक्ति बैठा हुआ था। जबकि दूसरा व्यक्ति में चौराहे पर खड़ा था। शक होने पर इसकी सूचना होटल स्वामी को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे। लेकिन इससे पहले संदिग्ध फरार हो गए।

### गलत नीयत से पकड़ा

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला की महिला ने बताया कि 29 मई की शाम साढ़े सात बजे मोहल्ले का आलीशान उसके घर में आया और उसकी नाबालिग बहन को गलत नीयत से पकड़ लिया। आरोप है कि उसकी बहन को पकड़कर खींचकर ले जाने लगा। उसकी बहन ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसे मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तमंचे के बल पर बाइक सवार दपंती से लूटपाट

संवाददाता, शाहजहांपुर

● **रिश्तेदारी से लौट रहे थे, कुंडल लेकर फरार हो गए लुटेरे**

● **रोजा के बरमौला अर्जुनपुर के पास घटना को दिया अंजाम**

**अमृत विचार :** थाना रोजा के बरमौला अर्जुनपुर के पास रविवार की दोपहर रिश्तेदारी से बाइक से घर वापस जा रहे दंपती को बाइक सवार दो लुटेरों ने तमंचे के बल पर रोककर लूटपाट की और फरार हो गए। पुलिस व सीओ सदर मौके पर पहुंच गए। लुटेरों की तलाश में टीमों के साथ क्राइम ब्रांच को लगाया गया है।

हरदोई के थाना हरियांवा के उतरा गांव निवासी अंकित गुप्ता अपनी पत्नी रागिनी गुप्ता के साथ गुर्री गांव में अपनी रिश्तेदारी में आए थे। दोपहर में दोनों बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। बताते है कि बाइक सवार दपंती जैसे ही बरमौला गांव में नहर के पास के पास पहुंचे तभी दो बाइक सवार लुटेरों ने हथियारों के बल पर उन्हें रोक लिया। रागिनी के कुंडल खींच कर भाग गए। उसने फौरन ही डायल 112 को फोन किया। सूचना मिलने पर रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार और सीओ सदर अमित चौरसिया ने मौके पर पहुंच कर पीडित महिला से घटना की जानकारी ली। सीओ सदर ने घटना के खुलासे के लिए टीम गठित कर दी है। पुलिस दोनों बाइक सवार लुटेरों की तलाश में जुट गई है। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि महिला के दाहिने कान के कुंडल छीनकर भागे हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगी हुई है। जल्द ही लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के कैंप में छह लोगों में मिला मोतियाबिंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **कटरा में लगे कैंप में नि:शुल्क आई ड्रॉप और दवाइयां भी बांटी**



आंख की जांच करती डॉ. रिव्या।

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से संचालित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र कटरा में रविवार को निःशुल्क नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं सामान्य रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 45 मरीजों ने आंख के इलाज के लिए पंजीकरण कराया, छह मरीजों को मोतियाबिंद मिला, जिनका ऑपरेशन रोहिलखंड अस्पताल में किया जाएगा।

पीआरओ अतुल गंगवार ने बताया कि रोहिलखंड अस्पताल में मरीजों को लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां एवं खाने की सुविधा उपलब्ध है। शिविर में आई ड्रॉप एवं दवाइयां दी गईं। चिकित्सकों ने लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरुक किया तथा अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोहिलखंड अस्पताल में काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद का ऑपरेशन चीरे विधि तथा फेको विधि द्वारा, भेंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। कैंप में नेत्र रोग विभाग की डॉ. रिव्या, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के डॉ. कीर्ति पटेल, सामान्य रोग के डॉ. राजेश, नेत्र टेक्नीशियन वसुधा यादव समेत पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली को
अनुवादक की
अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने में दक्ष हो।
हिन्दी टाईपिंग का भी अनुभव होना चाहिए
अनुभव : न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें
9518031113, 8476006584
ऑफिस : नजदीक सैटेलाईट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# सुरक्षा गार्ड ने मेडिकल कॉलेज में दवा के शक पर पिकअप पकड़ी, चालक फरार

## बोरे खोलने पर नहीं मिली दवाएं, सिरिंज, कॉटन व ड्रिप मिलने पर कमेटी कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


पकड़ी गई पिकअप में लदा सामान।

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कालेज में शनिवार की रात सुरक्षा गार्ड को शक हुआ कि पिकअप में दवाएं कहा जा रही है। सुरक्षा गार्ड ने पिकअप को कॉलेज गेट के पास रोक लिया। चालक तथा एक अन्य व्यक्ति पिकअप छोड़कर भाग गया। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पिकअप को कब्जे में ले लिया। जांच कमेटी ने बोरो को खोला तो सिरिंज, गलब्स, कॉटन तथा ड्रिप निकली है लेकिन दवाएं नही थी।

बता दें कि कई साल पहले बरेली मोड़ के निकट पंडित राम प्रसाद जिला संयुक्त अस्पताल बनाया गया था। तीन साल पहले अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिया गया था। जो 330 बेड का अस्पताल है। मेडिकल कॉलेज का दर्जा देने का तात्पर्य था कि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। यहां सुरक्षा गार्ड तैनात है। शनिवार की रात 11 बजे मेडिकल कॉलेज से एक चोरी छिपे पिकअप निकल रही थी। सुरक्षा गार्ड राम प्रकाश ने देखा कि इतनी रात में कॉलेज के पीछे से पिकअप कहां से आ रही है। बोरे लदे होने से उसे शक हुआ कि दवाएं हो सकती है। सुरक्षा गार्ड ने पिकअप का पीछा किया तो चालक गेट के पास पिकअप छोड़कर भाग गया। सुरक्षा गार्ड ने रात ही में कॉलेज के प्राचार्य डॉं राजेश कुमार तथा सीएमएस डॉ. नेपाल सिंह को दी। रात ही में दोनों पहुंचे और पिकअप को ट्रामा सेंटर के पास खड़ा करा लिया। रविवार को इस संबंध में डीएम को भी अवगत करा दिया गया था। पिकअप की जांच के लिए डॉक्टरों की कमेटी बनाई गई। जांच कमेटी ने रविवार शाम को पिकअप में लदे बोरों को खुलवाया तो पांच बोरों में कॉटन, गलब्स, ड्रिप तथा सिरिंज थी। बोरों में दवाएं नहीं थी। कॉलेज की जांच कमेटी जांच कर रही है।

> शनिवार की रात सुरक्षा गार्ड ने दवाओं से भरी पिकअप पकड़ने की सूचना दी थी। पिकअप को ट्रामा सेंटर के पास खड़ा करवा लिया था। इसके लिए जांच कमेटी का गठन किया गया। कमेटी ने बोरों को खोला तो देखा कि सिरिंज, ड्रिप्स, कॉटन आदि था। इसकी जांच की जा रही है कि कहां जा रही थी या कहां से आई थी। - **डॉ. राजेश कुमार**, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

> मेडिकल कालेज में दवा से संबंधित पकड़ी गई पिकअप की सूचना मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने दी थी। लेकिन तहरीर नहीं आई है। कॉलेज प्रशासन की कमेटी जांच कर रही है। यदि तहरीर मिलती है तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> –**राजीव तोमर**, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली

# सफाई मजदूर संघ की जिलाध्यक्ष बनीं अर्चना


अर्चना वाल्मीकि को मनोनयन पत्र सौंपते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति पर प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद , प्रदेश महामंत्री अश्वनी कुमार, प्रदेश महामंत्री मुरारी लाल भास्कर ने अर्चना वाल्मीकि को संघ का जिलाध्यक्ष मनोनीत कर नियुक्ति पत्र सौंपा।

नव नियुक्त जिला अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छकार समाज के लिए तन मन धन से समर्पित रहूंगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में सफाई कर्मी परेशान रहते हैं, उन्हें उनका हक नहीं मिलता है। संगठन के जरिए वह सफाई कर्मचारियों की आवाज सरकार तक ले जाएंगी और हर जायज मांग को पूरा कराया जाएगा। इस मौके पर रामबाबू, वरिष्ठ सफाई नायक राजकुमार, सफाई नायक गणेश कुमार ,पूर्व सभासद मंगला देवी, रमेश चंद्र कटारिया, अनिल महाजन, आकाश आनंद, लिपिक अमरदीप, कुलदीप आदि लोग उपस्थित रहे।

# गर्मी में शर्बत वितरण कर बुझाई राहगीरों की प्यास


शर्बत वितरण करते एहसास वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **एहसास वेलफेयर सोसाइटी की ओर से हुआ आयोजन**

**अमृत विचार:** महानगर में रविवार को एहसास वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रविवार को टाउन हॉल स्थित नगर निगम कार्यालय के पास शर्बत वितरण किया गया। जिसका प्रारंभ व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुमित्रा गुप्ता ने किया। गर्मी से राहत दिलाने के लिए राहगीरों को शर्बत बांटा गया।

इस मौके पर व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष मो. सलाउद्दीन, कोर कमेटी अध्यक्ष/महानगर महामंत्री अनूप गुप्ता, एहसास सोसाइटी के प्रबंधक असलम खान, नरेंद्र शुक्ला, सुमित पूरी, सैयद कासिम रजा, श्याम मोहन मिश्रा, आबिद हसन खान, सचिन कुमार सक्सेना, अनुराग दिक्षित, गुलजार हुसैन आदि रहे।

# महिला ने पल्लेदार को पीटा

**निगोही।** बीसलपुर रोड पर कैमुआ पुल के पास एक आढ़ती के यहां पल्लेदार रविवार दोपहर काम कर रहा था, इसी दौरान एक महिला डंडा लेकर वहां पहुंच गई और उसे उल्टा–सीधा कहते हुए उस पर डंडे से हमला कर दिया। इस दौरान किसी ने महिला द्वारा मजदूर की पिटाई का वीडियो बना लिया। जिसमें दिख रहा है कि पिटाई से महिला के हाथ का डंडा टूट गया। तब वह मजदूर के ऊपर ईट लेकर दौड़ पड़ी, उसने भाग कर अपनी जान बचाई। इधर, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी कर लौट गई। हल्का इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में कार्रवाई की जाएगी। वायरल वीडियों का संज्ञान लिया गया है।

## महिला को पीटकर किया घायल

**खुटार।** क्षेत्र के गांव गेंहुआ निवासी प्रेम प्रकाश ने बताया कि 31 मई दोपहर बाद करीब तीन बजे वह और उसकी पत्नी सरिता देवी घर पर बैठी थी। आरोप है कि पड़वा के रहने वाले दो युवक आए और बेवजह विवाद करने लगे। विरोध करने पर गाली गलौज और पिटाई कर दी। इसके बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुरानी रंजिश को लेकर रविवार को उक्त लोगों ने फिर से पिटाई कर दी। जिससे सरिता घायल हो गई। परिजनों ने 108 सेवा एंबुलेंस से सरिता देवी को खुटार अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। प्रेम प्रकाश ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।


भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071


डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव


डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान


डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षो का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अम्बा हैल्थ क्लीनिक


डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरुष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 09 जून 2024, रविवार
07 जुलाई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

### ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट

**बरखेड़ा।** गांव सेमर गौटिया के रहने वाले राजेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 मई को दोपहर करीब एक बजे उसके बड़े भाई कन्हईलाल, आनंद कुमार और भतीजा अर्जुन मामूली कहासुनी के बाद गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। लाठी डंडे से वार कर पीटा। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### ई-रिक्शा चालक घायल

**बरखेड़ा।** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया के रहने वाले 60 वर्षीय रहमान शाह रविवार को ई-रिक्शा में पीलीभीत से सवारियां लेकर बीसलपुर के गांव टिकरी माफी में गए थे। वापस लौटते वक्त पीलीभीत -बीसलपुर मार्ग पर थाना बरखेड़ा क्षेत्र में गांव पतरसिया के नजदीक पहुंचते ही पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी।जिसमें चालक रहमान शाह घायल हो गए।

### पीटीआर प्रशासन ने भीषण गर्मी के चलते टाली गणना, मानसून सत्र समाप्त होने के बाद की जाएगी तैयारी

# गर्मी का सितम...अब 15 अक्टूबर के बाद होगी बाघों की गणना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



• वन विभाग के आंकड़ों में पीटीआर में वर्तमान में हैं 71 से अधिक बाघ

**अमृत विचारः** पीटीआर (पीलीभीत टाइगर रिर्जव) में टाइगर रिर्जव प्रशासन की ओर से कराई जाने वाली बाघों की गणना फिलहाल टल गई। इसकी वजह भीषण गर्मी होना बताया जा रहा है।

एनटीसीए की ओर से जहां हर चार साल में बाघों की गणना का कार्य होता है। वहीं टाइगर रिजर्व प्रशासन प्रतिवर्ष बाघों की गणना कर आंकड़े एनटीसीए को भेजता है। टाइगर रिजर्व प्रशासन के मुताबिक अब यह बाघ गणना मानसून सत्र समाप्त होने के बाद कराई जाएगी। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 71 से अधिक बाघ है। एनटीसीए (नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी) के निर्देश पर देश के सभी टाइगर रिजर्वों में हर चार साल बाद बाघ गणना कराई जाती है। वहीं स्थानीय स्तर पर टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से हर साल फेज-4 के तहत बाघ गणना का प्रावधान है, मगर संसाधनों की कमी के चलते यह बाघ गणना प्रतिवर्ष न होकर अमूमन दो साल में कराई जा रही है। इधर, टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से फेज-4 की बाघ गणना को मई में कराने का निर्णय लिया गया है। जिसकी एक माह पूर्व तैयारियां भी शुरू करा दी गई थीं। मगर, भीषण गर्मी को देखते हुए बाघ गणना का कार्य टाल दिया गया।

वन अफसरों के मुताबिक भीषण गर्मी में अधिकांश बाघ अपने प्राकृतिक वासस्थलों के आसपास नदी-नालों के किनारे ही पड़ाव डाले रहते हैं। ऐसे में कैमरे के जरिए ट्रेप करना मुश्किल है। इससे बाघ गणना प्रभावित हो सकती थी। वहीं मानसून सत्र को लेकर 15 जून को पीटीआर बंद हो जाएगा्र। बारिश में पीटीआर के रास्ते खराब हो जाते हैं। इसके चलते गणना कार्य संभव नहीं होगा।

लिहाजा, अब मानसून सत्र समाप्त होने के बाद करीब 15 अक्टूबर के बाद बाघ गणना की तैयारी की जाएगी।

#### कैमरा ट्रिपिंग से होती है गणना

गणना कैमरा ट्रिपिंग के जरिए की जाती है। पगचिन्हों को देख उनकी तस्वीर खींच अन्य तस्वीरों से मिलान का काम भी पीटीआर प्रशासन करता है। कैमरा ट्रिपिंग में जिन इलाकों में बाघ ज्यादा दिखते हैं, वहां कैमरों को लगाया जाता है। वन्यजीवों के निकलने पर कैमरा आटोमैटिक तस्वीर खींच लेता है। जीपीएस के माध्यम से बाघों के इलाकों को रीड करने के बाद ही गणना का कार्य किया जाता है। लगाए गए कैमरों में चिप व मेमोरी कार्ड के जरिए डाटा सेव करने का काम होता है।

> पीटीआर में बाघ गणना की तैयारियां पूरी कर ली गई थी, लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए बाघ गणना को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। अब यह बाघ गणना 15 अक्टूबर के बाद कराई जाएगी।
> – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

# पोल्ट्री फार्म की दीवार ढहने से मलबे में दबकर श्रमिक की मौत

### आंधी से बचने को दीवार के पास रुका था मोहम्मद सलीम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



दीवार ढहने के बाद पड़ा मलबा। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तराखंड से साथी के संग मजदूरी कर लौट रहे श्रमिक की हादसे में मौत हो गई। खंडहर हो चुके पोल्ट्री फार्म की दीवार के पास वह खड़ा हुआ और दीवार उसी के ऊपर ढह गई। शोर पर जमा हुए लोगों ने मलबे से बाहर निकला और अस्पताल ले जाते वक्त उसने दम तोड़ दिया।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव मुड़सेना मदारी के रहने वाले मोहम्मद सलीम (45) पुत्र नवी हुसैन मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। शनिवार सुबह वह गांव के ही अन्य श्रमिकों संग उत्तराखंड के सितारगंज मजदूरी करने गए थे। वहां से देर शाम वापस साथी मकसूद की बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक तेज आंधी आ गई। जिसके चलते अपने गांव से तीन किलोमीटर दूर परेवा भगाडांडी नहर मार्ग पर एक पोल्ट्री फार्म के पास रुक गए। वर्तमान में पोल्ट्री



मृतक मोहम्मद सलीम का फोटो।

• उत्तराखंड के सितारगंज से मजदूरी कर लौट रहा था वापस

फार्म खंडहर में तब्दील हो चुका है।दोनों लोग पोल्ट्री फार्म की दीवार से सटकर खड़े हो गए। आंधी के दौरान पोल्ट्री फार्म की दीवार ढह गई। जिसके मलबे में सलीम दब गया। साथी मकसूद ने शोर मचाकर ग्रामीणों को जमा किया। सलीम के परिवार वाले भी सूचना मिलने पर पहुंच गए। जिसके बाद लोगों ने मशक्कत कर मलवा हटाकर उसमें दबे मोहम्मद सलीम को बाहर निकाला। निजी वाहन से उन्हें पीलीभीत ले जा रहे थे कि रास्ते में ही सलीम ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिवार में कोहराम मचा रहा। शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है। इधर, श्रमिक की मौत के बाद पूरे परिवार में आर्थिक संकट गहरा गया है। पत्नी फात्मा बेगम का रोकर बुरा हाल है। मृतक के पुत्री रिफा (16), फैजान (14), निदा (12), जैनुल (10) हैं। अचानक हुए इस हादसे से गांव में गमगीन माहौल है। सलीम ही इकलौता कमाने वाला था। उसकी मौत के बाद परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है।

## वन्यजीव की नहीं हो सकी पहचान

**पीलीभीत, अमृत विचारः** अमरिया क्षेत्र में नहर में मिले मृत मिले वन्यजीव का पोस्टमार्टम आईवीआरआई बरेली में किया गया। पोस्टमार्टम में भी वन्यजीव की पहचान नहीं हो सकी। वहीं उसकी मौत की वजह भी नहीं पता चल सकी। इसको लेकर बिसरा प्रिजर्व किया गया है। वन्यजीव बाघ है या फिर कोई अन्य वन्यजीव, इसको लेकर सैंपल डब्ल्यूआईआई देहरादून भेजा गया है।

अमरिया तहसील क्षेत्र में करगैना गांव के समीप एक माइनर में शनिवार शाम एक वन्यजीव का शव पड़ा मिला था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी थी। इसके बाद सामाजिक वानिकी प्रभाग के प्रभारी डीएफओ मनीष सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। हालांकि शव बाघ का प्रतीत हो रहा था, लेकिन शव काफी सड़-गल जाने के कारण इस बात की पुष्टि नहीं कर सके थे कि वह बाघ है या फिर कोई अन्य वन्यजीव है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई बरेली में भेजा गया था। इधर रविवार को आईवीआरआई में विशेषज्ञों की टीम द्वारा वन्यजीव के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में वन्यजीव की उम्र डेढ़ से दो साल के बीच बताई गई।

# एक साथ उठीं पांच अर्थियां तो सिसक पड़ा पैगा भीकमपुर

संवाददाता, बिसौली

• शनिवार दोपहर कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव पैगा भीकमपुर में हादसे में तीन लोगों की हुई थी मौत

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पैगा भीकमपुर में एक साथ पांच शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। कोई पिता के शव को पकड़कर रो रहा था, तो कोई पति के शव के पास बैठकर विलाप कर रहा था, कहीं पिता बेटे के गम में बेसुध था। ढांढस बंधाने पहुंचे लोगों की हिम्मत भी जवाब दे गई और लोग खुद के आंसू भी नहीं रोक सके। ऐसा लग रहा था कि पूरे गांव की हर गली में मातम पसरा है। हालात ऐसे थे कि पत्थर दिल इंसान भी सिसकने के लिए मजबूर हो गया। पूरे गांव में किसी के घर पर चूल्हा नहीं जला। जब पांचों लोगों की अर्थियां उठी तो गांव में चीत्कार मच गया। शमशान स्थल पर एक साथ पांचों चिताएं को जब मृतकों के परिजनों ने मुखाग्नि दी तो वहां मौजूद पूरा माहौल मातम ओर सिसकियों में बदल गया।

शनिवार को पैगा भीकमपुर गांव में पीपल की छांव में बैठे छह लोगों को तेज गति से आई पिकअप ने टक्कर मार दी थी। मौके पर ही रामप्रकाश, ज्ञानचंद्र, धनपाल, और ब्रह्मपाल ने दम तोड़ दिया था। जबकि इलाज के दौरान रविवार को घायल नेत्रपाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं रामवीर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। रविवार को करीब तीन बजे पांचों शव जब एक साथ गांव पहुंचे तो वहां चीत्कार मच गया। पूरा गांव में मातम पसरा गया। कोई पिता के शव को पकड़कर रो रहा था, तो कोई पति के शव के पास बैठकर विलाप कर रही थी। वहीं कोई बेटे के खोने के गम में बेसुध था। ऐसा मंजर देखकर वहां पहुंचे लोग भी अपने आंसू नहीं रोक सके। परिजनों को रोता देख लोगों ने ढांढस बंधाने का साहस किया, लेकिन ढांढस बंधाते बंधाते उनके भी आंसों निकलने लगते। दोपहर बाद करीब पांच बजे जब पांचों के शव घरों से उठे तो चीख पुकार मच गई। ऐसा लग रहा था मानो पैगा भीकमपुर गांव का जर्रा-जर्रा रो रहा है। हर गली से सिसकियों की आवाज आ रही थी। हर घर में के लोग गम में डूबे हुए थे। गांव में दो दिन से चूल्हे तक नहीं जले। जब रामप्रकाश, धनपाल, ब्रह्मपाल, ज्ञानेंद्र और रामवीर के शवों को बेटों और परिजनों ने मुखाग्नि दी तो घाट पर मौजूद लोगों की आंखों से भी आंसू बहने लगे।



नेत्रपाल का फाइल फोटो।

### युवक की पिटाई, छह नामजद

**बीसलपुर।** मामूली विवाद के बाद एक युवक की पिटाई कर दी गई। शोर पर लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। छह लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है। नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां जुनूबी निवासी शाहरुफ ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था। उसी वक्त मोहल्ले के एक युवक से कहासुनी हो गई। आरोपी ने अपने पांच अन्य साथियों को बुला लिया और हमला कर दिया।

## युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित किया परिवार वाले रेत में दबाए रहे शव

संवाददाता, पूरनपुर

• घर में लगे नल में अचानक उतर आया था करंट, उसी की चपेट में आया था सोनू

**अमृत विचारः** घर में लगे नल में अचानक करंट उतर आया। करंट की चपेट में आए युवक को परिजन आनन-फानन में एक अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मगर अंधविश्वास के चलते रात भर परिजन शव को ही रेत में दबाए रहे। पड़ोस के लोगों ने समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माने। दूसरे दिन भी जब हालत जस की तस रही तो परिजनों ने युवक को मृत माना। फिर गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



मृतक सोनू।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव पटिहन के रहने वाले सोनू पुत्र मनोज के घर में लगा टुल्लू पंप शनिवार को खराब हो गया। सोनू ने उसे ठीक किया और हाथ धोने के लिए गए। पम्प से जुड़े नल को चलाया। नल के हत्थे को पकड़ते ही सोनू को करंट लगा। नल के हत्थे से चिपके सोनू को झटपटाता देख परिवार वाले पहुंचे और उसे छुड़ाया। करंट लगने के बाद से वह अचेत हो गया था। परिजनों ने गांव जोगराजपुर ले जाकर एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ देर बाद ही सोनू को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को घर ले आए। जिंदा होने की आस में परिजनों ने उसे रेत में दबा दिया। रात भर युवक का शव रेत में दबाए रखा गया। रविवार सुबह भी जब सांस नहीं आई तो कोहराम मच गया।

# ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर ठगे सात लाख तकादा किया तो पेट्रोल डाल लगा दी आग

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

• घायल मंजीत मेडिकल कॉलेज में भर्ती, पूरनपुर के ग्राम हरसिंहपुर की है घटना

**अमृत विचारः** योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर एक जालसाज ने फार्मर से सात लाख रुपये ठग लिए। इसके बाद न तो ट्रैक्टर दिलाया, न ही रुपये वापस किए गए। कई दिन से चली आ रही टालमटोल के बाद जब पीड़ित ने अपने भाई संग जाकर तकादा किया तो मारपीट की गई। कुछ देर बाद बाइक से जाते वक्त फार्मर के ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आरोपी ने आग लगा दी। परिवार वालों ने ग्रामीणों की मदद से उसे बचाया। गंभीर हालत में पीड़ित को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

घटना पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरसिंहपुर की है। यहां के रहने वाले मंजीत सिंह पुत्र रक्षपाल सिंह खेती करते हैं। गांव के ही रंजीत सिंह पुत्र वीर सिंह ने प्रधानमंत्री किसान ट्रैक्टर योजना के तहत ट्रैक्टर दिलवाने का झांसा देकर करीब एक साल पहले सात लाख रुपये लिए थे। साढ़े पांच लाख रुपये आरटीजीएस किए गए थे जबकि डेढ़ लाख नकद दिए गए थे। इसके बाद कई दिनों तक टालमटोल की जाती रही। मगर न तो ट्रैक्टर दिलाया जा सका, न ही रुपये लौटाए। इसके बाद से पीड़ित अपने रुपये निकलवाने के लिए चक्कर लगा रहा था। रविवार को पीड़ित को जानकारी मिली कि आरोपी घर आया हुआ है। इस पर मंजीत सिंह अपने भाई सुखबिंदर सिंह के साथ आरोपी के घर पहुंचे और दिए गए सात लाख रुपये को लेकर तकादा किया।



मेडिकल कॉलेज में भर्ती मंजीत।

आरोपी ने रुपये लौटाने से इंकारकर दिया और झगड़ा करने लगा। आरोपी ने अपने साथियों को बुलाकर हमला कर दिया। दोनों भाईयों की पिटाई कर दी गई। किसी तरह भागकर उन्होंने खुद को बचाया। कुछ देर बाद मंजीत सिंह बाइक से काम से जा रहे थे। आरोप है कि कुछ दूर पहुंचते ही अचानक आरोपी आया और पेट्रोल छिड़ककर मंजीत को आग लगा दी। आग की लपटों में घिरे मंजीत की चीख पुकार सुनकर काफी लोग जमा हो गए। भाई सुखविंदर सिंह भी पहुंच गए और किसी तरह आग बुझाई। आनन-फानन में झुलसी हालत में उन्हें सीएचसी लाया गया।

# प्रधान के लापता भाई का मिला कंकाल परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव का गल्ला व्यापारी का 15 दिन बाद उझानी रोड के पास स्थित एक खेत में शव मिला। रिश्तेदार की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव मौसमपुर निवासी ग्राम प्रधान शफीक के भाई फारुक (36) अनाज का व्यापार करते थे। 19 अप्रैल को वह परिजनों से उझानी गल्ला मंडी जाने की बात कहकर निकले थे। उनके वहां के एक व्यापारी पर धान के रुपये थे। 19 अप्रैल को जब फारुक शाम तक वापस नहीं आए तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। तब



मौके पर पूछताछ करते मूसाझाग थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार।

थाना मूसाझाग में गुमशुदगी के लिए तहरीर दी थी। दो जून को शफीक के फुफेरे बहनोई शेर मोहम्मद निवासी अल्लेहपुर भोगी को सूचना मिली कि खाटू श्याम मंदिर के पास किसी व्यक्ति का कंकाल पड़ा है। इसकी सूचना शेर मोहम्मद ने शफीक को फोन पर दी। तब शफीक और उनके परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची और कपड़ों के आधार पर कंकाल की शिनाख्त फारूख के रूप में की। शफीक ने हत्या करके शव फेके जाने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि किसी का कंकाल मिला था। जिसे पोस्टमार्टम हाउस पर रखवाया गया है। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है। **कंकाल से कुछ दूरी पर पड़ी थी पैंट और चप्पलः** कंकाल से कुछ दूरी पर मृतक की पैंट पड़ी थी। जिसमें बेल्ट लगी हुई थी। वहीं कुछ दूरी पर चप्पले पड़ी थी। पैंट पर टेलर के नाम का टैग लगा था, जिसके आधार पर शिनाख्त की गई।

## झूठे मामले में फंसाने की दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला एमनजई जलालनगर निवासी मोहम्मद जफर ने बताया कि 18 मई की शाम साढ़े पांच बजे उससे एक महिला मिली, जिसने अपना नाम शाजिया बताया और कहा कि वह मोहल्ला गदियाना थाना सदर बाजार से आई है। उसके साथ 13 साल का बच्चा था। महिला ने अपने बच्चे को ट्यूशन पढ़ाने के लिए बात कही। मोहम्मद जफर ने उससे कहा कि मैं ट्यूशन नहीं पढ़ाता हूं और उसकी बेटी ट्यूशन पढ़ाती है। उसकी पत्नी हाशमी बानो तथा पुत्री घर पर मौजूद थी। पत्नी तथा बेटी शिष्टाचार के नाते महिला को घर के अंदर ले गई और पानी पिलाया। महिला उसके घर पर दस मिनट रुकी। उसकी पत्नी महिला को घर के बाहर छोड़ने के लिए आई। मोहम्मद जफर को पता चला कि शाजिया मोहम्मद, सईद हसन खां निवासी एमनजई जलालनगर थाना सदर बाजार की महिला मित्र है। उसका आरोप है कि सईद हसन ने उसको किसी झूठे मुकदमे फंसाने के लिए भेजा था। 20 मई की शाम उसकी पत्नी अपनी पुत्री के साथ जलालनगर बजरिया में किसी कार्य से गई थी। रास्ते में शाजिया उसकी पत्नी से मिली और कहा कि सईद हसन पर जो मुकदमा तुम्हारे पति ने किया है, वह वापस ले लो। मोहम्मद जफर शिक्षा विभाग में अध्यापक हैं। उसका आरोप है कि मोहम्मद सईद हसन ने महिला से मिलकर उसकी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की ली है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नाजिर अहमद को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **कदीर अहमद पुत्र श्री खलील अहमद निवासी मो. दर्जी चौक कस्बा व थाना शीशगढ़ तहसील मीरगंज, जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नरेन्द्र को उसके गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **बाबूराम पुत्र डल्लू निवासी ग्राम हमीरपुर थाना सीबीगंज जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै दिनांक 29.05.2024 को अपनी माता जी श्रीमती आशा पत्नी श्री उमेश कुमार वैश्य निवासी निकट मंडी समिति बदायूं मौहल्ला बाला जी नगर तहसील बदायूं थाना सिविल लाईन के नाम एक प्लाट के बैनामे प्रतिलिपि संख्या 1819/2024 बिक्रेता श्रीमती मनोरमा सक्सेना क्रेता श्रीमती आशा वही नंबर 01/जिल्द/खंड 12655 पृ. सं. 285/298 पर क्र. सं. 1070 दिनांक 9.02.24 को पंजीकृत किये गए बैनामे की फोटो कॉपी कराने गया था जो मंडी समिति के निकट कही गिर गया और बहुत ढूँढा परंतु प्राप्त नहीं हुआ। **ध्रुव देव गुप्ता मनु पुत्र श्री यू. के. वैश्य नि. निकट मंडी समिति मौ. बाला जी नगर तह. बदायूं थाना सिविल लाईन जिला बदायूँ। मो. 9457387101**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## बिलासपुर के स्पा सेंटर मालिक ने किया महिला स्टॉफ से दुष्कर्म

- आरोपी भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का है मंडल अध्यक्ष

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में तारबहार थाना क्षेत्र के स्पा सेंटर के मालिक ने अपने महिला स्टाफ से दुष्कर्म किया। दिल्ली की युवती ने आरोप लगाया है कि संचालक के बाद उसके दो दोस्त भी उसके साथ दुष्कर्म करना चाहते थे। युवती ने संचालक पर स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट संचालित करने का गंभीर आरोप लगाया है। विश्वजीत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का मंडल अध्यक्ष है।

बिलासपुर के व्यापार विहार में सनराइज थाई बॉडी स्पा सेंटर है और इस सेंटर में उक्त युवती काम करती थी। युवती ने आरोप लगाया है कि रायपुर शंकर नगर निवासी विश्वजीत सेनगुप्ता द्वारा बाहर से लड़कियों को बुलाकर स्पा सेंटर की आड़ में ग्राहकों को परोसा जाता था। युवती का आरोप है कि शुक्रवार रात मौका पाकर विश्वजीत ने पहले तो उसे शराब पिलाया और फिर उससे दुष्कर्म किया। जब उसका मन नही भरा तो आरोपी ने युवती को दो अन्य लोगों के साथ भी संबंध बनाने के लिए जोर दिया। पीड़िता किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाते हुए थाना पहुंची। पीड़िता ने तारबाहर थाने में दर्ज करायी है। पुलिस ने विश्वजीत के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# आखिरकार 22 घंटे की देरी के बाद रवाना हुई एयर इंडिया की दिल्ली-वैंकूवर उड़ान

**मुंबई, एजेंसी**




- शनिवार सुबह 5.30 बजे उड़ान भरने वाले विमान को तकनीकी समस्या के कारण एयरलाइन को करना पड़ा पुनर्निर्धारित

एयर इंडिया की वैंकूवर को एक जून को जाने वाला विमान आखिरकार रविवार सुबह लगभग 22 घंटे की देरी के बाद 3.15 बजे रवाना हुआ। विमान शनिवार सुबह 5.30 बजे उड़ान भरने वाली थी, लेकिन एक तकनीकी समस्या के कारण एयरलाइन को इसे पुनर्निर्धारित करना पड़ा।

सूत्र ने कहा, ''एयर इंडिया की दिल्ली-वैंकूवर उड़ान, जिसे शनिवार सुबह रवाना होना था, आखिरकार रविवार सुबह करीब 3.15 बजे रवाना हुई।'' एयर इंडिया के प्रवक्ता ने शनिवार को बयान में कहा, ''एआई 185...की उड़ान में तकनीकी मसले के कारण और बाद में चालक दल के अनिवार्य उड़ान ड्यूटी समयसीमा के तहत आने के कारण देरी हुई।'' पिछले एक सप्ताह में यह कम से कम तीसरी मौका था जब एयर इंडिया की लंबी दूरी की उड़ानों को किसी न किसी कारण से अत्यधिक देरी का सामना करना पड़ा। इससे पहले एयरलाइन की दिल्ली-सैन फ्रांसिस्को उड़ान जिसे बृहस्पतिवार को को लगभग 3:30 बजे प्रस्थान करने था, अगले दिन 9:55 बजे रवाना हुई थी। इसमें लगभग 30 घंटे का विलंब हुआ था। उड़ान में देरी के कारण यात्रियों को हुई परेशानी के बावजूद टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया था। हालांकि, शनिवार को, एयरलाइन ने इसको लेकर खेद जताया और बोइंग 777 विमान की एयर कंडीशनिंग प्रणाली के काम न करने सहित कई कारकों के कारण सैन फ्रांसिस्को उड़ान के भारी विलंब के लिए प्रत्येक यात्री को 350 अमेरिकी डॉलर का यात्रा वाउचर देने की पेशकश की।

## केरल में पत्नी-बच्चों को आग के हवाले कर किया आत्मदाह

**वर्कला (केरल)।** केरल के वर्कला जिले में कथित पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने पत्नी और बेटे को आग के हवाले कर आत्मदाह कर लिया।

पुलिस ने बताया कि मरने वाला चेम्मारुथी का रहने वाला था और आग में झुलसने के कारण रविवार को उसकी मौत हो गयी। इस हादसे में मृतक की पत्नी और बेटे बुरी तरह झुलस गए हैं और उन्हें तिरुवनंतपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों की हालत गंभीर है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमें संदेह है कि व्यक्ति ने किसी पारिवारिक विवाद के कारण ही इस तरह के अपराध को अंजाम दिया है। पीड़ितों के बयान लेने के बाद ही इसका पता लगाया जा सकेगा।

# उमस और गर्मी से बेहाल रहे लोग, 7 लोगों की गई जान

**संवाददाता, प्रतापगढ़**

- नौतपा के अंतिम दिन अधिकतम 40 व न्यूनतम तापमान रहा 28 डिग्री रहा

**अमृत विचार :** नौतपा के अंतिम दिन भी लाग उमस और गर्मी से लोग बेहाल रहे। इससे 7 लोगों की मौत हो गई। घरवालों के अनुसार इनकी मौत गर्मी से तो प्रशासन ने बीमारी व सामान्य मौत मान रहा है।

इब्राहिमपुर निवासी डेढ़ वर्षीय कुनाल की सांस थम गई। पल्टन बाजार निवासी सरफराज के एक माह के पुत्र को उल्टी दस्त होने पर रविवार दोपहर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी सांस थम गई। कंधई के रतनमई निवासी 88 वर्षीय ढनगू, महेशगंज के निमिहन का पुरवा निवासिनी 65 वर्षीय शांति देवी, जोगापुर की 70 वर्षीय सितारा बानो और नरहरपुर कोहंड़ौर निवासी 18 वर्षीय मंजीत की रविवार को सांस थम गई। वहीं मथुरा प्रसाद इंटरमीडिएट कालेज चिलबिला में रविवार दोपहर 80 वर्षीय अवधेश यादव निवासी शिवराजपुर अंतू की सांस थम गई। वह कालेज में खाना बनाते थे। लू लगने से मौत होने की आशंका है। चिलबिला चौकी इंचार्ज सुमित सिंह ने बताया कि विद्यालय के सभी कर्मचारी शुक्रवार को जा चुके थे। अवधेश अकेले विद्यालय में रहते थे। प्रधानाचार्य की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सनई अनुसंधान केंद्र के मौसम विज्ञान प्रेक्षक देशराज मीना ने बताया कि शनिवार को अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को अधिकतम 40 व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहा। सीएमओ डा. जीएम शुक्ल ने बताया कि हीट वेब से किसी के मरने की सूचना नहीं है।

## एक नजर

### कार से 34 किग्रा डोडा चूरा के साथ 4 गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में प्रतापगढ़ जिले के जलोदा जागीर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कार से 34 किग्रा डोडा चूरा बरामद कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस टीम ने गश्त के दौरान महुडी तिराहे पर शनिवार रात एक कार को रुकवा कर तलाशी ली। तलाशी में कार में दो बोरों में अफीम डोडा चूरा भरा हुआ मिला जिसका वजन 34 किलोग्राम हुआ। बरामद डोडा चूरा की बाजार कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रही है।

### मध्य रेलवे ने 63 घंटे ब्लाक लेकर काम किया पूरा

**मुंबई।** मध्य रेलवे ने रविवार को कहा कि उसने ठाणे में प्लेटफार्म पांच और छह के चौड़ीकरण का काम पूरा कर लिया है। मध्य रेलवे ने ठाणे स्टेशन पर बुनियादी ढांचे के उन्नयन कार्य के लिए विशेष ब्लॉक के बारे में जानकारी साझा की। इसने कहा कि प्लेटफॉर्म पांच/छह को 587 मीटर की लंबाई में दो से तीन मीटर तक चौड़ा किया गया है। मध्य रेलवे ने ठाणे रेलवे स्टेशन पर 63 घंटे का मेगा ब्लॉक और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर 36 घंटे का विशेष ब्लॉक शुरू किया था। मेगा ब्लॉक 30-31 मई की दरमियानी रात से शुरू हुआ। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि प्लेटफॉर्म चौड़ीकरण परियोजना में 750 प्री-कास्ट खोखले ब्लॉक का उपयोग किया गया और इसके लिए 400 श्रमिकों, 20 टीम और 10 ठेकेदारों के समन्वय की आवश्यकता थी।

### 42 छात्र छात्रावास में परोसे गए भोजन से हुए बीमार

**इरोड (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के इरोड में एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के 42 छात्र छात्रावास में परोसे गए भोजन को खाने के बाद रविवार सुबह बीमार पड़ गए। पुलिस के अनुसार, छात्रों ने छात्रावास में रात में भोजन किया था और उसके बाद उन्होंने बेचैनी और उल्टी की शिकायत की। इसके बाद उन्हें इरोड जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां सभी छात्रों की हालत स्थिर बताई गई है।

### गैस से भरे टैंकर में आग लगने से अफरा तफरी

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर के लखनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को गैस से भरे एक टैंकर में आग लगने से अफरा तफरी मच गयी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर नदबई क्षेत्र में डेहरा मोड़ के पास गैस से भरा टैंकर जयपुर से भरतपुर की ओर आ रहा था कि अचानक तेज गर्मी के चलते उसमें आग लग गई। आग लगते ही चालक टैंकर से कूद गया और वहां से गुजर रहे वाहनों को चेताते हुए पुलिस को इत्तिला दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों तरफ से आवागमन बंद कराके दमकल बुलवाई।

### बंद फैक्टरी में आग लगने से 35 कारें जलकर राख

**नोएडा (उप्र)।** गौतमबुद्धनगर जिले के सेक्टर आठ में एक बंद पड़े फैक्ट्री परिसर में रविवार को भीषण आग लगने से 35 कारें राख बन गईं। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर आठ में बंद पड़े एक परिसर में आग लगने से वहां खड़ी स्कोडा कंपनी की स्क्रैप की गई पुरानी कारें राख में बन गईं। उन्होंने बताया कि दमकल की छह गाड़ियों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। चौबे ने बताया कि करीब 35 कारें जल गई हैं, लेकिन कोई जन हानि नहीं हुई है।

# छत्तीसगढ़ में आंधी-तूफान ने मचाया कहर, जनजीवन अस्त-व्यस्त

## प्री मानसून की तैयारियों की खुली पोल, कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिरे

**रायगढ़, एजेंसी**



छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में शनिवार रात आए तेज आंधी तूफान से कई जगहों पर विद्युत पोल के टूटने और पेड़ों की डंगाल बिजली के तारों पर टूट कर गिरने से रायगढ़ शहर सहित पूरे जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था तथा जन जीवन बुरी तरीके से प्रभावित हुई।

बीती रात के अंधड़ पानी ने बिजली विभाग के प्री मानसून तैयारियों की पोल खोल दी है। कल रात सात बजे से विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है और भीषण गर्मी में विदुयुत अवरोध से लोगो का बुरा हाल है। घरों में पानी का संकट भी खड़ा हो गया है। पिछले 20 घंटे से बिजली के अभाव के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जिलाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने जल्द व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश दिए हैं। बिजली विभाग कल रात से ही विद्युत सप्लाई बहाल करने में जुटा हुआ है। एसई सीएसईबी मनीष तनेजा ने बताया कि आंधी तूफान से रायगढ़ शहर में करीब 35 से 40 फीडर से बिजली सप्लाई बाधित हुई थी। करीब 20 से अधिक बिजली के पोल गिर गए हैं।

कई जगहों पर पेड़ बिजली की तारों में गिर गए हैं जिससे तारें भी टूट गई हैं। उन्होंने बताया कि रायगढ़ शहर के साथ आस पास के ग्रामीण इलाकों के साथ कोड़ा तराई, किरोड़ीमल नगर, तमनार, लैलूंगा में भी कुछ जगहों पर पोल गिरे हैं। सभी जगहों पर मरम्मत का काम चल रहा है। रायगढ़ शहर में छह फीडर को छोड़ कर बाकी जगहों पर सप्लाई शुरू कर दी गई है। अभी 70 लोगों की टीम विद्युत व्यवस्था बहाल करने में जुटी हुई है। जहां तार टूट गए थे उन्हें जोड़ा जा रहा है।

### हिमाचल में भीषण गर्मी के बीच आंधी-तूफान के आसार

**शिमला।** मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश में दो दिनों में लू चलने, गरज के साथ छींटे पड़ने की चेतावनी देते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार चार जून से शुष्क लू से कुछ राहत मिल सकती है। इस दिन राज्य में बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं। हिमाचल के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी के कारण होटल अपनी क्षमता के 80 प्रतिशत तक बुक हो चुके हैं और शिमला, मनाली, काजा और डलहौजी में पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। मौसम विभाग ने परामर्श जारी करते हुए कहा कि अगले 24 घंटों में सोमवार तक अलग-अलग स्थानों पर लू चलने, बिजली के साथ आंधी और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

### असम: बाढ़ से 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई क्षेत्रों में प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग पश्चिम और दीमा हसाओ जिलों में कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 28 मई से अब तक बाढ़ और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। नागांव सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए जबकि होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं। राज्य में 40,000 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), स्थानीय प्रशासन और आम नागरिकों द्वारा बचाव और राहत अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में सड़क और रेल संपर्क बाधित हो गया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि न्यू हाफलोंग के चंद्रनाथपुर खंड में पटरी को हुए नुकसान और सिलचर स्टेशन पर जलभराव के कारण शनिवार से सोमवार तक कम से कम 10 ट्रेन रद्द कर दी गईं।

# अपहरण के बाद डेढ़ वर्षीय बच्ची की हत्या, हाथ-कान कटा मिला

**फिरोजाबाद, एजेंसी**

- शिकोहाबाद थाने में परिजनों ने दी थी बच्ची के लापता होने की सूचना
- सीसीटीवी फुटेज में आकिव का बहनोई बच्ची को ले जाता दिखा
- पंजाबी कॉलोनी की नाली में बच्ची का क्षत विक्षित शव मिला

उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना शिकोहाबाद में दो दिन से लापता डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची का शव रविवार को नाली में मिला, जिसकी निर्ममता से हत्या की गई है। एसपी ग्रामीण रण विजय सिंह ने बताया है कि थाना प्रभारी शिकोहाबाद अनिल सिंह को शुक्रवार शाम मीरा कटरा निवासी आकिब और मुस्कान ने अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी महक के लापता होने की सूचना दी थी। पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति जो बच्ची को ले जाते हुए देखा गया वह रिश्ते में आकिव का बहनोई गुलफाम बताया गया।

पुलिस ने शनिवार को आरोपी गुलफाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई किंतु उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। गुलफाम पुलिस को बराबर गुमराह करता रहा, उसने अपनी पत्नी का भी नाम लेते हुए उसे बच्ची के विषय में जानकारी होने की बात कही पुलिस ने उसे भी हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

इस बीच पुलिस टीम द्वारा बच्ची की तलाश की जा रही थी इस दौरान रविवार को सुबह पंजाबी कॉलोनी की नाली में बच्ची का क्षत विक्षित शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया, जिसकी पहचान डेढ़ वर्षीय महक के रूप में की गई है। जानकारी अनुसार बच्ची का शव कंधे और कान पर कटा हुआ है। आशंका है कि मासूम बच्ची का प्रयोग किसी तांत्रिक प्रक्रिया में किया गया है। संबंधित मामले में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर गहनता से जांच की जा रही है। आशंका व्यक्त की जा रही है आरोपी रिश्तेदार फूफा के अलावा बच्ची महक के अपहरण और हत्या में अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं।

## पानी के लिए उप्र और हरियाणा को आतिशी ने लिखा पत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया है कि वे राष्ट्रीय राजधानी में गहराए जल संकट के मद्देनजर एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ें।

आतिशी ने कहा कि वर्तमान में दिल्ली जल संकट से जूझ रही है और गर्मी के कारण पानी की मांग पिछले वर्षों की तुलना में काफी बढ़ गई है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी को 31 मई को लिखे पत्र में कहा कि राजधानी में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है और यहां जल संसाधनों के मामले में स्थिति खराब है। मौजूदा संकट से निपटने के लिए हमें हरियाणा से जल्द से जल्द यमुना नदी में अतिरिक्त पानी छोड़े जाने की जरुरत है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में जल मंत्री आतिशी ने भीषण गर्मी की गंभीरता के मद्देनजर मदद करने की जरुरत पर जोर दिया। लिखा कि महोदय, इस पत्र के माध्यम से मैं आपसे अपील करना चाहती हूं कि हमारे अनुरोध पर विचार करें और अगले एक महीने के लिए दिल्ली को अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराएं ताकि दिल्ली के लोगों को इस भीषण गर्मी से राहत मिल सके। दिल्ली सरकार और राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले लोगों को आपकी ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया का इंतजार है।

# संदेशखालि तनावग्रस्त, निषेधाज्ञा लागू

**कोलकाता, एजेंसी**

- रविवार दोपहर को पुलिस बल ने अग्रहटी मंडल पारा में छापेमारी की
- हिंसा के आरोपी को पुलिस वैन से महिलाओं ने जबरन उतारा

पश्चिम बंगाल के संदेशखालि इलाके में रविवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब पुलिस और आरएएफ एक व्यक्ति की तलाश कर रही थी, जिसे कथित रूप से आंदोलनकारी महिलाओं के एक समूह ने पुलिस वैन से उतार लिया था। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी।

अंतिम चरण के मतदान के दौरान शनिवार को छिटपुट हिंसा का सामना करने वाले संदेशखालि में रविवार दोपहर को एक बार फिर उबाल आ गया जब राज्य पुलिस बल ने अग्रहटी मंडल पारा में छापेमारी की और वह साधन नंदी को शनिवार की हिंसा में पूछताछ के लिए राजबाड़ी पुलिस शिविर ले जाने के लिए उनके घर पहुंची थी। शनिवार को पुलिस और ग्रामीणों में झड़पें हुई, जिसमें दोनों पक्ष के लोग घायल हुए। हालांकि, आंदोलनकारी महिलाएं पुलिस वैन के पास पहुंची और साधन नंदी को वहां से ले गईं, जिन्हें वाहन में हिरासत में रखा गया था और उन्हें पुलिस शिविर लेकर जाना था। नंदी के ठिकाने अभी तक कोई पता नहीं चला है। महिलाओं के समूह ने पुलिस बल को ललकारा और पुलिस वैन को घेर लिया और यहां तक कि उसके सामने लेट गईं और अंत में नंदी को एक अज्ञात स्थान पर ले गईं।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि राज्य पुलिस निर्दोष ग्रामीणों को परेशान कर रही है और गिरफ्तार कर रही है जबकि सहजहां शेख के गुंडे संदेशखली के आसपास खुलेआम घूम रहे हैं और ग्रामीणों पर हमला कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार राज्य पुलिस, आरएएफ और केंद्रीय सशस्त्र बल फिर से बसंती राजमार्ग पर खड़े हैं और एक नया खोज अभियान शुरू कर सकते हैं। पुलिस ने सरबेरिया गांव में भी छापेमारी की, जहां शनिवार को हिंसा में कथित रूप से शामिल एक व्यक्ति की पुलिस द्वारा तलाश करने के बाद तनाव का माहौल था।

## एनएचएआई ने टोल शुल्क 5% बढ़ाया

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल दरों में पांच प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अब वाहन चालकों को सोमवार से अधिक भुगतान करना होगा। शुल्क का वार्षिक संशोधन पहले एक अप्रैल से लागू होना था। लेकिन लोकसभा चुनावों के कारण वृद्धि स्थगित कर दी गई थी।

एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नया उपयोगकर्ता शुल्क 3 जून से लागू होगा। टोल शुल्क में यह परिवर्तन थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति में परिवर्तन से जुड़ी दरों को संशोधित करने की प्रक्रिया का हिस्सा है। एनएच पर 855 प्लाजा हैं, जिन पर शुल्क लगाया जाता है।

# मप्र: ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 13 की मौत, 15 घायल

**राजगढ़ (मप्र), एजेंसी**

- राजस्थान की सीमा से सटे मध्यप्रदेश के राजगढ़ में रात नौ बजे हुआ हादसा कई के घायल होने की सूचना

मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के पिपलोधीजाद में रविवार देर रात ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चार बच्चों समेत 13 लोगों की मौत हो गयी और 15 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

राजगढ़ के जिलाधिकारी हर्ष दीक्षित ने को फोन पर बताया कि घायलों में से 13 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं दो लोगों को सिर और छाती पर चोट लगने के कारण बेहतर उपचार के लिए भोपाल के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि मृतक संख्या बढ़ने का अनुमान नहीं है क्योंकि गंभीर रूप से घायल दो लोगों की हालत खतरे से बाहर है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि ये लोग राजस्थान से आई एक बारात में शामिल थे। यह हादसा रात्रि में नौ बजे हुआ। मोतीपुरा गांव से बरात ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर पास ही स्थित कमालपुरा गांव जा रही थी, तभी छान छगोड़ा के जंगल में ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस वजह से ट्राली में सवार लोगों में से 13 की मौके पर ही मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए।

## ट्रामाडोल की गोलियां बरामद, तीन गिरफ्तार

**जींद।** हरियाणा के जींद जिले की पुलिस ने बाइक सवार तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से ट्रामाडोल की 20 हजार गोलियां बरामद की हैं जिनका इस्तेमाल नशे के लिये किया जाता है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान हरदीप उर्फ दीप, सोनू एवं गौरव के रुप में हुई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़ी थाने के सहायक उपनिरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी हरदीप, सोनू व गौरव प्रतिबंधित दवाइयों की आपूर्ति करते हैं। पुलिस रसीदां गांव के पास जांच कर रही थी, तभी तीनों को पकड़ा गया।

# मई माह में बिजली की मांग 15% बढ़कर 156.31 अरब यूनिट हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- गर्मी से एक दिन में अधिकतम आपूर्ति 250.07 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंची

देश में बिजली की खपत मई में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत बढ़कर 156.31 अरब यूनिट (बीयू) हो गई है। इसका एक प्रमुख कारण देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी है जिसकी वजह से ठंडक देने वाले एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ा है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

मई 2023 में बिजली की खपत 136.50 अरब यूनिट थी। मई 2024 में एक दिन में अधिकतम आपूर्ति (पूरी की गई अधिकतम मांग) भी बढ़कर 250.07 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 221.42 गीगावाट थी। इससे पिछली अधिकतम आपूर्ति 243.27 गीगावाट थी, जो सितंबर, 2023 में दर्ज की गई थी। पिछले महीने बिजली मंत्रालय ने मई के लिए दिन के समय 235 गीगावाट और शाम के समय 225 गीगावाट और जून, 2024 के लिए दिन के दौरान 240 गीगावाट और शाम के समय 235 गीगावाट बिजली की अधिकतम मांग का अनुमान लगाया था। मंत्रालय ने यह भी अनुमान लगाया है कि इन गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट तक पहुंच सकती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि बिजली की खपत में वृद्धि के साथ-साथ मांग में बढ़ोतरी की मुख्य रूप से मई में पारा चढ़ने से हुई है। जबर्दस्त गर्मी की वजह से एसी और कूलर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस गर्मी के दौरान बिजली की मांग और खपत स्थिर बनी रहेगी। आंकड़ों से पता चलता है कि शनिवार एक जून को अधिकतम आपूर्ति 245.41 गीगावाट थी। पूरे जून, 2023 में अधिकतम बिजली की मांग 224.10 गीगावाट दर्ज की गई थी। विशेषज्ञों ने कहा कि जून के पहले दिन के आंकड़े से स्पष्ट संकेत मिलता है कि पूरे महीने बिजली की मांग मजबूत बनी रहेगी।

## 80 हजार श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन


**अयोध्या।** अयोध्या में रविवार को मौसम सुहाना होने के साथ साप्ताहिक छुट्टी होने के कारण आसपास के जनपदों से बड़ी संख्या श्रद्धालु राम मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे। देर शाम तक हनुमान गढ़ी, कनक भवन और राम मंदिर में श्रद्धालु दर्शन पूजन करते नजर आए। इसके बाद राम की पैड़ी और लता चौक पर भी दशनार्थियों ने सुहाने मौसम का आनंद लिया।

अयोध्या में रामलला के दरबार में रविवार को 80 हजार दर्शनार्थियों ने दर्शन पूजन किया है। राम की पैड़ी पर पिकनिक स्पॉट जैसा माहौल रहा और बड़ी संख्या में लोग नहाते हुए दिखाई दिए। लता चौक पर शाम को लोग सेल्फी लेते नजर आए। गोरखपुर से अयोध्या पहुंचे प्रेम अग्रवाल ने बताया कि अयोध्या में पूरे परिवार के साथ प्रभु के दर्शन करने के लिए आए हैं। बच्चों की छुट्टी हो गई है।

# वनों की कटाई को लेकर उदासीनता से दिल्ली बन जाएगा रेगिस्तान : हाईकोर्ट

## दिल्ली में 52.3 डिग्री सेल्सियस तापमान पर अदालत ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- मुंगेशपुर क्षेत्र में बुधवार को शहर में सबसे अधिक तापमान होने पर उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी

दिल्ली में हाल ही में तापमान बढ़कर 52.3 डिग्री सेल्सियस हो जाने पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि वनों की कटाई के प्रति वर्तमान पीढ़ी का रुख उदासीन बना रहा, तो राष्ट्रीय राजधानी रेगिस्तान बन जाएगी। दिल्ली के मुंगेशपुर क्षेत्र में बुधवार को अधिकतम तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शहर में सबसे अधिक तापमान है।

न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा कि इस तथ्य पर न्यायिक संज्ञान लिया गया है कि हाल ही में 30 मई को दिल्ली में तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगर वर्तमान पीढ़ी वनों की कटाई के प्रति उदासीन दृष्टिकोण अपनाती रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब यह शहर रेगिस्तान बनकर रह जाएगा। उच्च न्यायालय ने इससे पहले अपने पूर्व न्यायाधीश नजमी वजीरी को दिल्ली में वनों के संरक्षण से संबंधित शहर के अधिकारियों की आंतरिक विभागीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया था। उच्च न्यायालय को सूचित किया गया कि वजीरी बुनियादी ढांचे की कमी के कारण अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हैं। अदालत ने कहा कि यह अदालत ऐसी स्थिति को बर्दाश्त नहीं कर सकती, जहां अध्यक्ष कार्यालय स्थान या लिपिकीय और सहायक कर्मचारियों या यहां तक कि परिवहन साधनों की कमी से जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में असमर्थ हों। हालांकि वन एवं वन्यजीव विभाग को अलग-अलग क्षमता में कर्मचारी उपलब्ध कराने का निर्देश देने के बजाय, विभाग को मामले को पूरी गंभीरता से आगे बढ़ाने का निर्देश देना उचित समझा गया है कि किसी भी स्थिति में मंजूरी में 15 जून से अधिक देरी नहीं की जाए। अधिवक्ता आर. अरुणाद्रि अय्यर के माध्यम से दायर समिति के अध्यक्ष की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली सरकार को बुनियादी ढांचे, लिपिकीय कर्मियों, सहायक कर्मियों और परिवहन की आवश्यकता के बारे में सूचित किया गया था, जो अध्यक्ष के अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए आवश्यक होगा। कोर्ट ने कहा कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन दिए जाने के बाद, बुनियादी ढांचे का विकास अगले 15 दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि सुनवाई की अगली तारीख 29 जुलाई पहले तय हो चुकी है, इसलिए समिति की आवश्यकताएं पूरी की जाएं, जिससे वह काम करने की स्थिति में होंगी

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों-रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# उत्साहजनक वृद्धि

किसी भी देश की उन्नति व समृद्धि के लिए मजबूत अर्थतंत्र का होना बहुत आवश्यक है। एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था से ही हम देश की सुरक्षा और मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक खबर आई है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2024 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.8 फीसदी रही है। वहीं पिछले साल की समान तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.1 फीसदी रही थी। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ 8.2 फीसदी रही है। जीडीपी के यह आंकड़े अनुमानों से कहीं बेहतर रहे हैं। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। यह आंकड़ा सभी अनुमानों एवं पूर्वानुमानों से ऊपर है। गौरतलब है कि यह वृद्धि दर एनएसओ द्वारा 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत और आरबीआई द्वारा अनुमानित 7 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। कोरोना काल के बाद से चीन की अर्थव्यवस्था में उथल पुथल है। चीनी अर्थव्यवस्था गिरते जीडीपी से जूझ रहा है। हालांकि हाल ही में आईएमएफ ने 2024 के लिए चीन की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान को पहले के 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी कर दिया है। आईएमएफ ने आगाह किया है कि 2029 तक यह घटकर 3.3 फीसदी रह जाएगी। यह संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

'इंडियन इकोनॉमी-ए रिव्यू' में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जाएगा। जीडीपी के उत्साह जनक आंकड़े आने के बाद अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक और अच्छी खबर आई है। देश का सकल जीएसटी संग्रह मई में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह वृद्धि घरेलू लेन-देन से राजस्व में वृद्धि के कारण हुई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। मंत्रालय ने बयान में कहा, "मई, 2024 में सकल जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है।" सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की यह गति इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगी। साथ ही आर्थिक विकास देश को न केवल विकसित देशों में, बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।

मेरे प्यारे देशवासियों, लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव 1 जून को पूरा हो गया है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं। वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। मां भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद, उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार, मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं, मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था। कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार, आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया। मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहां आया था। मैं ईश्वर का भी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा। इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, एकता का निरंतर एहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था। कश्मीर से कन्याकुमारी ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्याकुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर मां शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहां एक और महान संगम दिखता है-भारत का वैचारिक संगम! यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएं यहां राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है। कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा। भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आज़ादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतंत्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला। आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस, एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट, एस्पिरेशनल ब्लॉक जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है।

भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुंच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व टेक्नोलॉजी लोकतंत्रीकरण को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं। साथियों, नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गंवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है। हमें भारत की शक्तियों को स्वीकार भी करना होगा, उन्हें पुष्ट भी करना होगा और विश्व हित में उनका सम्पूर्ण उपयोग भी करना होगा। आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है। 21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें रिफॉर्म को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत रिफॉर्म को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में रिफॉर्म की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे रिफॉर्म 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

हमें हर पल इस बात पर गर्व होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें भारत भूमि में जन्म दिया है। ईश्वर ने हमें भारत की सेवा और इसकी शिखर यात्रा में हमारी भूमिका निभाने के लिए चुना है। हमें प्राचीन मूल्यों को आधुनिक स्वरूप में अपनाते हुए अपनी विरासत को आधुनिक ढंग से पुनर्परिभाषित करना होगा। भारत की अनंत और अमर शक्ति के प्रति मेरी आस्था, श्रद्धा और विश्वास भी दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। मैंने पिछले 10 वर्षों में भारत के इस सामर्थ्य को और ज्यादा बढ़ते देखा है और ज्यादा अनुभव किया है। जिस तरह हमने 20वीं सदी के चौथे-पांचवे दशक को अपनी आज़ादी के लिए प्रयोग किया, उसी तरह 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में हमें विकसित भारत की नींव रखनी है। स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों के सामने बलिदान का समय था। आज बलिदान का नहीं निरंतर योगदान का समय है। स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आज़ाद हो गया। आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नए भारत की सुदृढ़ नींव बनकर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देखकर ये कह सकता हूं कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें...मिलकर चलें, भारत को विकसित बनाएं।

## प्रसंगवश

# शहर सत्ता के केंद्र

शहर सत्ता के केंद्र हैं। जितना बड़ा शहर, उतनी ही अधिक उसकी हैसियत। राजनीतिक सत्ता का केंद्र दिल्ली, तो आर्थिक सत्ता का मुंबई। फिर इनके नीचे के शहर और उनके भी नीचे के, फिर और भी नीचे होते होते अंचल के कस्बाई शहर। ये सब मिलकर गावों का दोहन करते हैं जिसके लिए ऊपर से नीचे तक बाजार का, दलाली का और शोषण का सिस्टम कायम है।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजार ने शहरों के माध्यम से मध्यकाल का सामंती तंत्र खड़ा कर लिया है। जीवन की सारी सुविधाएं- सड़क, मकान, मनोरंजन, पढ़ाई, दवाई, कमाई आदि सभी बड़े शहरों में है। कभी भारत के गांव आर्थिक रूप आत्मनिर्भर होते थे। केंद्रीय सत्ता के परिवर्तन से उन पर कोई असर नहीं पड़ता था। उनका काम सिर्फ टैक्स देना था, लेकिन अब बात बदल चुकी है बाजार के आगमन ने सारे हिंदुस्तान को ऊपर से नीचे तक एक जाल में आबद्ध कर दिया है। अब मुंबई या दिल्ली को जाड़ा लगता है तो सारा हिंदुस्तान कंपकंपी का शिकार हो जाता है। "कोऊ नृप होहि हमहि का हानी" वाली बात अब बीते दिन की बात हुई। शहरों की इस सत्ता और अमीरी ने इनमें बीच भांति-भांति के लोगों को जन्म दिया है। दिल्ली के दिलशाद गार्डन के एक पार्क में सुबह टहलते हुए तरह तरह के नजारे दिखे। औरत-मर्द पूरी गति में टहलते मिले, तो एक कोने में व्यायाम करते भी। एक जगह योग कक्षा चल रही थी तो एक जगह लाठी चालन शाखा भी थी। दिल्ली जैसे शहरों में पुरुष और औरत लगभग समकक्ष स्थान रखते हैं। सिर्फ लाठी चालन शाखा को छोड़कर अन्य सारे जगहों पर औरत मर्द समान रूप से मौजूद थे।

दिल्ली में बहुत गर्मी है। पर यह कहने से क्या होगा? अब गांवों में गर्मी क्या कम है? गांवों के लगभग सारे बाग-बगीचे समाप्त हो गए। ताल तलैया पोखर भी खत्म। पहले कुंआ खोदने पर दस फीट पर ही पानी निकल आता था, अब सौ फीट बोरिंग कराना पड़ रहा है। जिस तरह से जंगल काटे गए हैं और बाग-बगीचे खत्म हुए है, आने वाले दिनों में गर्मी का और ज्यादा विकराल रूप देखने को मिलने वाला है। सो भयानक गर्मी हो या प्रचंड ठंड, बड़े शहर से भागकर कोई कहां जाएगा। विगत पांच सौ वर्षों में क्या-क्या गुल खिलाएगी, देखना बाकी है।

# भारतीय संस्कृति की पीड़ा: अपने ही घर में किरायेदार

डॉ. सुनीति कुमार चाटुर्ज्या ने संस्कृति के वर्तमान अर्थ के लिए पुराने 'कृष्टि' शब्द का प्रयोग किया, जो एक तरह से 'कल्चर' का ध्वन्यात्मक दृष्टि से संवादी शब्द है। इस 'कृष्टि' शब्द का अर्थ खेती के विविध प्रकारों-बागवानी, रेशम के कीड़ों का पालन आदि अर्थों में विस्तृत हुआ। साथ ही किसी भी पदार्थ को संशोधित करके उसके स्वरूप को उत्तम बनाने के अर्थ में परिवर्धित हुआ।

इन सभी अर्थों का आधान 'संस्कृति' शब्द में करके इसे मनुष्य की सर्जनात्मक ऊर्जा के अनुसंधान के अर्थ में किया जाता है। संस्कृति इसीलिए एक सिद्ध पदार्थ नहीं है, बना-बनाया या पका-पकाया पदार्थ नहीं है। यह साध्य है, निरंतर कुछ-से-कुछ बन रहा पदार्थ है। यह निष्पन्न न होकर निष्पाद्य है। अपने को नए-नए रूप में उत्पन्न करने का भाव है। यह उसके सहज स्वभाव को ऊपर लाना है। भारतीय संस्कृति की पीड़ा वे नहीं समझ सकेंगे। भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं। बाजारवादी संस्कृति ने भारत और इंडिया के बीच गहरी रेखा खींच दी है। डाक्टर कपिलाजी ने मुझे एक पत्र में लिखा था कि "आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है।"

जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देना मनुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। दिन-रात असंख्य चैनल चल रहे हैं और हमें समझा रहे हैं कि देह ही मनुष्य जीवन का अंतिम सत्य है। देहसुख बाजार का सौदा है, उसे खरीदना जीवन का पुरुषार्थ है। इस सभ्यता के लिए धनवान मनुष्य कंज्यूमर है और सारी प्राकृतिक संपदा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं है, मिथक समूचे विश्व में हैं।

तथा निर्धन मनुष्य कच्चा माल है। ऐसे परिवेश में भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की ही पहचान कौन कर रहा है? भारत की लोक संस्कृति पर हमला उस जमाने में भारत की लोक संस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गयी थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी।

हमारी परिवार संस्था बनी रही। मनुष्य और मनुष्य का रागात्मक संबंध बना रहा, मनुष्य और प्रकृति के बीच पारंपरिक संबंध कायम रहा। गंगा और यमुना की धार अविरल बहती रही। आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर-टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सब कुछ उड़ा जा रहा है, जीवन पद्धति भी, जीवन दर्शन भी। भाषा भी, कला भी, संगीत भी। पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण पुराण प्रसंगों में आने वाले मोटिव्स या अभिप्रायों को लेकर कुछ नेता बहुत अधिक उत्साहित रहते हैं। हमारे यहां इंटरनेट था, हमारे यहां टेस्टट्यूब था, हमारे यहां सर्जरी थी और न जाने क्या-क्या था। हमारे यहां एटमबम था, हमारे यहां हवाई जहाज था उन्हें कौन खा गया? ऐसी ऐसी हास्यास्पद बातें करके ये अपने बुद्धिबल (आग्रह) का परिचय दे देते हैं। आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल ने इस प्रवृत्ति को पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण माना था। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में रेल, तार, हवाई जहाज आदि के नाम और रचनाविधि को ढूंढना अनावश्यक तो है ही, पश्चिमाक्रांत प्रवृत्ति का द्योतक भी है।

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं हैं, मिथक समूचे विश्व में हैं। मिथकशास्त्र आज एक अनुशासन का रूप ग्रहण कर चुका है। हम इस मामले में भी पीछे हैं। हम अपने पुराणों की अभिप्राय अनुक्रमणिका अभी तक नहीं बना सके। सीता का धरती से जन्म लेना, धरती में समा जाना, यज्ञ का फल खाकर दशरथ की रानियों के गर्भ होना, रावण के दस सिर होना, नाभि में अमृतकुंड, पसीने की बूंद, कान के मैल, अग्निकुंड, घट, फल आदि से जन्म होना, कुंड में नहाने से स्त्री का पुरुष बन जाना, वृद्ध का युवा बन जाना, अक्षय पात्र होना। अगस्त्यमुनि का समुद्र का आचमन कर जाना, कल्पवृक्ष, शाप-वरदान जैसी परिकल्पना। ये मोटिफ हैं। मिथकशास्त्र की। हम अध्ययन अनुसंधान की पद्धति का विकास नहीं कर सके। इन लोगों की समझ में यह बात नहीं आ पाती कि अवश्य ही मिथक इतिहास की रचना है, लेकिन मिथक इतिहास नहीं है। भारतीय संस्कृति में आत्मा की अवधारणा आधारभूत है, भारतीय संस्कृति में मनुष्य की प्रतिष्ठा है।

## सोशल फोरम

# हम न भूलेंगे

कई साल पहले की बात है। एक आर्थिक परेशानी आन पड़ी। एक नामी फाइनेंस कंपनी में समय से पूर्व एफडी तुड़ाने पहुंचे। वहां एक सज्जन से बात हुई। उन्होंने एक काउंटर की ओर इशारा किया, वहां अर्जी लिख दें। दो-चार दिन बाद मिल पाएंगे पैसे।

हमने अर्जी लिखकर काउंटर की तरफ बढ़े। वहां देखा, एक लड़की बैठी थी। बहुत सुंदर तो नहीं, लेकिन चेहरे पर शरारत और स्मार्टनेस। हमने समझा रिसेप्शनिस्ट है। अर्जी पकड़ा कर हम वापस जाने के लिए मुड़े ही थे कि उसने बैठने का इशारा किया और उसने खुद को पीछे ठेला। वो रिवॉल्विंग चेयर पर थी। ऐसी चेयर उन दिनों हमारे बत्ती विभाग में बड़े अफसरों के पास ही हुआ करती थीं। फिर वो उठी और गायब हो गई। पांच मिनट बाद वो फिर प्रकट हुई। फिर रिवॉल्विंग चेयर पर धम्म से बैठ गई। अगले पांच मिनट तक हम उसे उसी चेयर इधर से उधर लुढ़कते यानी स्किट करते हुए देखते रहे। कोई संपेरनी जैसी नाच रही हो। हैरान थे हम कि यह कर क्या रही है? फिर वो हमारी और मुखातिब हुई। एक जुंबिश ली उसने और स्किट करती हुई हमारे करीब आ गई। उसने हमें एक कागज पकड़ाया। हमने उस कागज को देखा। हमारी आंखें फटी रह गईं। वो चेक था। कुछ पल तक हम दूसरी दुनिया में रहे। उसने चुटकी बजाई, ओ हेल्लो। हम धरती पर वापस आए। इतनी जल्दी काम हो गया? कल्पना से परे। वो कह रही थी, इस स्लिप पर सिग्नेचर कर दीजिए, रिसीविंग के। हमने उसे थैंक्यू बोला तो वो मुस्कुरा दी।




वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

गजब की मुस्कान थी। मानो कह रही थी, इन दरो-दीवारों को गौर से देख लीजिए, इस अंजुमन में आपको आना है बार-बार। हमारा उठने का मन नहीं था, लेकिन ओवरआल हम शरीफ आदमी थे। लोक-लाज भी निभानी थी और यह बात भी हमारे दिमाग में थी कि ऑफिस में हमारा स्टेटस ऑफिसर का है। हम जमीन पर पैर दबाकर रखे ताकि ऐसा न हो कि चिकने फर्श पर गिर जाएं और हंसी का पात्र बनें। वो दिन है आज का, हम आज भी उस फाइनेंस कंपनी में जाते रहते हैं, कभी एफडी भुनाने तो कभी बनवाने। मगर वो लड़की वहां नहीं मिलती है। सोचता हूं, अब तो बाल-बच्चों वाली होगी।

**- फेसबुक वॉल से**

# चीन के जे-20 स्टील्थ फाइटर प्लेन्स का भारतीय जवाब

हम यहां इस बात पर लड़ रहे हैं कि अगली सरकार किसकी बनती है और उधर चीन ने सिक्किम से 200 किलोमीटर दूर अपने एयरफोर्स फेस पर जे-20 स्टील्थ फाइटर एयरक्राफ्ट तैनात कर दिए हैं। जे-20 नीची उड़ान भर सकते हैं और इन पर एक खास कोटिंग होने की वजह से ये रडार की पकड़ में भी नहीं आते। हिमालय की टोपोग्राफी ऐसी है कि घाटी में ये जहाज नीची उड़ान भरकर भारत के भीतर 1000-1200 किलोमीटर भीतर तक घुस सकते हैं। चीन के पास 250 के करीब ऐसे जहाज हैं।



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है।

ऐसा एक फाइटर प्लेन बनाने पर $100-120 मिलियन अर्थात् 8.5 अरब भारी रुपये तक खर्च होते हैं। लगता है उधर तिब्बत और इधर भारतीय हिमालय में हाई ऑल्टियुड वारफेयर के लिए अभी से तैयारी होने लगी है। एक दिन तो यह होकर रहेगा। ग्राउंड फोर्सेज से बात नहीं बनते देख दोनों ओर से एयरफोर्स और मिसाइल बेस बनाए गए हैं। बड़े स्तर के युद्ध से तो भारत के गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों से सिंचित मैदानी इलाकों के लिए तो पूरी हाइड्रोलॉजी ही बदल जाएगी। इससे देश में फूड क्राइसिस अवश्यंभावी है। भयंकर बाढ़ और भू-स्खलन तो होना ही है। अगर ऐसा युद्ध होता है तो इसकी कॉस्ट बहुत अधिक होगी। चीन की पीएए युद्ध को भयानक और निर्णायक बनाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। भारत की एयरफोर्स के खरीदे हुए विमान और असलहा कहां तक काम आएगा और हॉल ही विकसित एमके लाइट फाइटर विमान जे-20 के आगे किस तरह ठहर पाएगा, यह तो एयरफोर्स के चीफ ही बता पाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी कभी-कभी ही नहीं, बल्कि इस मामले में हमेशा ही ठीक कहते आए हैं कि कांग्रेस सरकार ने देश में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में पूरी तरह से नालायकी की है। जे-20 का विकास जे-एक्स एक्स से 90 के दशक के अंत में उभरा और 2008 में चीन की एयरफोर्स ने प्रोजेक्ट 718 का समर्थन किया। 2010 तक पहले संस्करण प्रोटोटाइप ने चेंगदू विमान डिजाइन संस्थान में उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया।

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिज़ाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाज़ों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है। भारत इसका मुकाबला अपने एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए मार्क 1) कैसे करेगा? अभी कैबिनेट ने डीआरडीओ की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी को एएमसीए बनाने रु.15 हजार करोड़ रुपये देकर इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिए हैं जिसे हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स बनाकर देगा। इसकी खेप सन् 2028 से भारतीय वायुसेना को मिलने लगेगी। तब तक इसमें स्टील्थ कैपबिलिटी, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस का इंटीग्रेशन, लॉन्ग-रेंज टार्गेटिंग एंड पायलट रहित बहुत से फंक्शन इनकार्पोरेट कर लिए जाएंगे। तब तक चीन को 'होल्ड-ऑन' पर अर्थात् रोके रखना होगा। भारत के एएमसीए-मार्क 1 प्रोजेक्ट की अधिकांश डिटेल्स क्लासिफाइड हैं।

इस मामले में चीन और भारत के बीच पांच साल का अंतराल काफी मायने रखता है। इसीलिए भारत में केंद्र सरकार की लीडरशिप में मोदी का रहना अत्यावश्यक है। डिफेंस प्रोजेक्ट्स को लेकर कांग्रेस सरकार का पिछला रिकॉर्ड बिल्कुल निराशा जनक है। अमेरिका और इंग्लैंड के कहने पर इसने भारत में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना तो दूर इसे ठीक से काम भी नहीं करने दिया। इसीलिए डिफेंस रिसर्च, डेवेलपमेंट और प्रोडक्शन में लगे हुए हमारा ढांचा चरमराने की कगार पर था जब 2014 में मोदी ने इसका आकलन किया।

# डर और अंधविश्वास

जब हमें डर लगता है। बड़े नुकसान की संभावना नजर आती है, जो भी कोशिश कर सकते है वो कर चुके होते हैं या कर रहे होते हैं। सभी फेल हो चुकी होती हैं। ऐसे समय में कोई अपना-पराया राय देता है कि फलां दरगाह/मंदिर चले जाइए। आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ, जो वहां गया हो और उसकी मन्नत पूरी न हुई हो। हम सोचते है चलो ये भी सही, करके देखते हैं।



इकबाल अहमद

ऐसे हालात में दो स्थिति हो सकती हैं। या तो काम बन जाएगा या नहीं बनेगा, नहीं बना तो उस दरगाह या मंदिर के दर्शन और चढ़ावे की याद भी नहीं आएगी, क्योंकि हमने उसे एक तुक्के की तरह लिया था। वहीं अगर काम बन गया तो सबसे पहले वो चमत्कारिक वजह ही याद आती है। उस समय ये नहीं सोच पाते कि बाकी की जो मेहनत की, जुगाड़ लगाया उसका ये उसका परिणाम है।

डर के आगे जीत नहीं, उसके आगे डर लगातार कायम रहता है। अगली बार कोई निर्णायक कदम उठाने से पहले कदम उधर ही बढ़ जाते हैं। उंगलियों में अंगूठियां, गले में माला और कलाई पर धागे बढ़ने लगते हैं। व्यक्ति कितना भी आम या कितना भी खास हो डर सबका बराबर होता है। डर का निवारण बताने वाला व्यक्ति की जेब का ध्यान रखता है। जेब हल्की है तो पड़ोस के घोड़े शहीद बाबा की दरगाह काफी है। जेब में वजन है तो हाजी अली के नीचे बात नहीं होगी। यही कहानी बूढ़े बरगद वाले हनुमान जी से लेकर तिरुपति बाला जी तक जाती है। अंगूठी के रत्न में भी वर्ग संघर्ष कायम रहता है। अमिताभ बच्चन की समस्या है तो निर्दोष नीलम। राम प्रसाद कष्ट निवारण के लिए फिरोजा (चिचड़ी) चल जाएगा।

अक्सर अपनी समस्या का दोष दूसरे पर मढ़ हम सुकून पाते है। ये चढ़ावे, दर्शन और शॉर्ट टर्म परेशानी निवारण एक्सेसरीज (अंगूठी, धागे, ताबीज आदि) भी हमारी समस्या टालू मंत्र के साधन हैं। गोरेपन की क्रीम की तरह एक बड़ा आर्थिक साम्राज्य इधर भी है। फेयर वाली क्रीम लगाने से न कोई हैंडसम होता है न लवली, लेकिन खुद को लगता है कुछ तो फर्क पड़ रहा है।

कुछ वैसी ही कहानी रोज ज्यादा असुरक्षित होते जाते इंसान की है। डर बढ़ता है और निवारण यंत्र ये भरोसा दिलाते है कि कुछ तो हो रहा है, पहले से बेहतर। हथेली को फैलाकर और दबाकर भाग्य रेखा को जबरदस्ती लंबा करने की कोशिश करते रहते हैं। कीरो की लिखी किताब से भाग्य पर भरोसा बढ़ा था। वही किताब जो रेलवे स्टेशन की बुक स्टॉल से सफर पर तब खरीदी थी जब गाड़ी पांच घंटे लेट थी। टाइम पास में भी डर निवारण मिल जाता है।

## सार-संक्षेप

### विश्वविद्यालय से 55 वर्षों तक उत्तर पुस्तिकाओं के संरक्षण की अपेक्षा रखना गलतः हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर पुस्तिकाओं में अंकों के संशोधन की मांग पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा 55 वर्षों तक उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखना संभव नहीं है। जहां स्पष्ट रूप से निर्विरोध मामलों की उत्तर पुस्तिकाएं कुछ वर्षों के बाद हटा दी जाती हैं, वहां विश्वविद्यालय से इतने लंबे समय बाद उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन करने की मांग करना उचित नहीं है। उक्त टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने प्रयागराज निवासी अपीलकर्ता अश्विनी कुमार की विशेष अपील को खारिज करते हुए की। दरअसल 76 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक/मौजूदा अपीलकर्ता ने वर्ष 1967 में अपने स्नातक परिणाम का नए सिरे से मूल्यांकन करने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद से वर्ष 1963 से 1970 तक के यानी हाईस्कूल से लेकर एमए फाइनल तक के वार्षिक प्रदर्शनों का पुनर्मूल्यांकन कर अंक प्रदान करने की प्रार्थना की है। बता दें कि अपीलकर्ता को मार्च- अप्रैल 2022 में स्नातक परीक्षाओं में अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के घोर अवमूल्यांकन की जानकारी मिली, जिससे व्यथित होकर उन्होंने एकल न्यायाधीश के समक्ष याचिका दाखिल की। जिसके खारिज होने के बाद वर्तमान विशेष अपील दाखिल की गई।

### ट्रैक से उतरी मालगाड़ी, पहिया निकला

**फतेहपुर, अमृत विचार :** दिल्ली-हावड़ा रूट पर जा रही मालगाड़ी डाउन लाइन पर ट्रैक से उतर गई। मालगाड़ी के चलने के दौरान पहिया निकलकर बाहर आ गया। इसके बाद मालगाड़ी की बोगियां एक-दूसरे से टकराने लगीं। हादसे में जनहानि नहीं हुई है। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। मालगाड़ी का पहिया निकलने के कारण डाउनलाइन पर रेल ट्रैफिक प्रभावित रहा। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर रवाना हो गए हैं। मालगाड़ी के ट्रैक से उतरने की घटना काटोघन रेलवे स्टेशन के पास का है। डीएफसीसी के कटोघन रेलवे स्टेशन पर डाउन लाइन से जा रही मालगाड़ी का एक वैगन रविवार सुबह 05 :17 बजे पटरी से उतर गया। ब्रेकवान (गार्ड वाला कोच) से 34वें वैगन के बेपटरी होने से अन्य ट्रेनों को उनके स्टेशनों पर रोका गया। क्रेन की मदद अफसरों की देखरेख में राहत का काम शुरू कराया गया।

### वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिपाठी को पितृ शोक



**कानपुर, अमृत विचार :** वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिपाठी के पिता विद्या नारायण त्रिपाठी (85) का लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। स्व. त्रिपाठी आर्डनेंस फैक्ट्री से सेवानिवृत्त थे। वह अपने पीछे पत्नी कैलाशा त्रिपाठी तीन बेटे, तीन बेटियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके मंझले पुत्र अजय त्रिपाठी राजकीय पशु चिकित्सक हैं और छोटे पुत्र संजय त्रिपाठी भी पत्रकार हैं। सोमवार को निज निवास 201\8 विजय नगर से अंतिम यात्रा ब्रह्मावर्त बिठूर के लिए प्रात: साढ़े नौ बजे प्रस्थान करेगी।

### पत्नी के मायके से नहीं आने पर युवक ने दी जान

**लखनऊ, अमृत विचार :** अलीगंज क्षेत्र निवासी युवक ने पत्नी के मायके से नहीं आने पर आहत होकर शनिवार रात फंदा लगाकर जान दे दी। रिश्तेदार ने आरोप इंकार किया है। पुलिस का कहना है कि मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। पुलिस के मुताबिक, मूलत: कानपुर के बाकरगंज निवासी विशाल (32) अलीगंज के प्रियदर्शिनी कॉलोनी में रहकर निजी पैथालॉजी में काम करते थे। मौसेरे भाई अभिनव ने बताया कि विशाल की पत्नी बच्चे को लेकर कुछ समय से उन्नाव के नवाबगंज स्थित मायके चली गई थी। कई बार बुलाने के बाद भी वह ससुराल नहीं आ रही थी। इससे विशाल परेशान था। शनिवार रात को विशाल ने पंखे के कुंडे में फंदा लगाकर जान दे दी। विशाल के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। परिवार में कोई नहीं है। इंस्पेक्टर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### बंद इकाइयां चालू नहीं, बिजली संकट बरकरार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एनटीपीसी की ऊंचाहार व सिंगरौली की पांच-पांच सौ मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की बंद चल रही एक-एक इकाइयां अभी चालू नहीं हो सकीं। इससे प्रदेश में बिजली संकट बना हुआ है। एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में रखी गई है। प्रदेश में रविवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,322 मेगावाट दर्ज हुई। बीते दिन की तुलना में बिजली की अधिकतम मांग में 405 मेगावाट की गिरावट रही। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि स्थानीय खराबी के कारण पूरे प्रदेश में बिजली संकट बना हुआ है।

### 1912 को और क्रियाशील बनाने की तैयारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बिजली समस्याओं के निदान के लिए टोल फ्री नंबर 1912 को और बेहतर बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने संबंधित अफसरों को उपभोक्ताओं की हर कॉल का जवाब सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। अप्रैल 2017 में इस टोल फ्री नंबर की शुरुआत की गई थी। कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने इस सेवा को और प्रभावी व क्रियाशील बनाने के लिए समुचित कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि एक अप्रैल 2017 से टोल फ्री नंबर 1912 पर पूरे प्रदेश से बिल, मीटर, कनेक्शन, बिजली आपूर्ति, बिजली चोरी व सुझाव संबंधी 1,89,12,690 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 99.72 प्रतिशत (1,88,59,860) शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया गया।

### आंधी, बारिश से जनजीवन प्रभावित, दो महिलाओं की मौत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** आंधी और बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। रविवार भोर में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से जगह-जगह पेड़ गिर गए। छप्पर गिरे,टिन शेड उड़ गए। अचानक आये आंधी - तूफान से पेड़ गिरने व बज्रपात से दो महिलाओं की मौत हो गई। संडवा चंद्रिका के रसूलपुर गुलरहा पूरेनेवल निवासी बीडीसी पवन यादव की मां धनपत्ती देवी घर के पास खेत में सब्जी करती थी। वह सब्जी की रखवाली के लिए खेत के बगल छप्पर डाल कर वहीं रहती थी। अचानक आए आंधी-तूफान व बारिश से छप्पर पर पेड़ गिर जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घर वाले उन्हें इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले गए, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लीलापुर पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जांच की। बीडीसी के मां के निधन पर पंचायत प्रतिनिधियों ने गहरा दुख जताया है। कुण्डा प्रतिनिधि के अनुसार कड़रौरा लाला का पुरवा नवाबगंज की 60 साल की सूरसती पत्नी छोटे लाल फसल की रखवाली करने के लिए खेत में मचान पर थी। रात करीब तीन बजे आंधी बारिश शुरू होने पर वह घर जाने लगी कि अचानक वज्रपात से उसकी रास्ते में ही मौत हो गई।

# छह वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी ने लगाई फांसी

## 12 घंटे के भीतर फंदे से लटकता मिला आरोपी का शव

संवाददाता, संतकबीरनगर



- आरोपी के दूसरे संप्रदाय से जुड़ा होने के कारण क्षेत्र में तनाव

**अमृत विचार :** दुधारा क्षेत्र के ग्राम दानोकुइयां में एक युवक ने छह वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित बच्ची को मेडिकल परीक्षण और उपचार के लिए भेज दिया। पुलिस उसे तलाश पाती कि उससे पूर्व ही आरोपी ने जिस कमरे में बच्ची के साथ हैवानियत की थी, उसी कमरे में गले मे फंदा डालकर आत्महत्या कर ली।

ग्राम कानापार निवासी सऊद अंसारी ग्राम दानोकुइयां निवासी मोहम्मद समीर की दुकान पर काम करता था। शनिवार की शाम एक छह वर्षीया बच्ची दुकान पर कोल्डड्रिंक खरीदने पहुंची। सऊद अंसारी बच्ची को दुकान के पीछे वाले कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची चीखती-चिल्लाती रही लेकिन युवक का दिल नहीं पसीजा। बच्ची का शोर कमरे से बाहर न जाये इसके लिए उसने कमरे में तेज आवाज के साथ म्यूजिक सिस्टम चला दिया था। दुष्कर्म करने के बाद वह बच्ची को उसी अवस्था में छोड़कर फरार हो गया था। इधर बच्ची काफी देर बाद भी घर नहीं लौटी तो उसे तलाशते हुए उसका पिता मौके पर पहुंचा। बेटी की दशा देखकर उसके पैरों तले से जमीन ही खिसक गई। पिता की चीख पुकार पर तमाम ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। मामला दो समुदायों के बीच का होने के चलते तनाव फैलने लगा। हिंदू संगठनों के लोग भी जमा होने लगे। इसी बीच किसी ने मामले की सूचना दुधारा पुलिस को दी।

प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय घटना स्थल पर पहुंचे और पीड़ित बच्ची को उपचार के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों को अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित कर उसके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही का भरोसा दिलाया। पुलिस उसे पकड़ पाती कि इसी बीच जिस कमरे में बच्ची के साथ उसने घटनाको अंजाम दिया था, उसी कमरे में आरोपी सऊद अंसारी की गमछे के सहारे फंदे से लटकता शव पाया गया।

## ललितपुर में पिता के डांटने पर पुत्र ने कर दी पिता की हत्या

**ललितपुर, एजेंसी :** ललितपुर में थाना बार अंतर्गत ग्राम बरखिरिया निवासी पिता के डांटने पर पुत्र ने अपने पिता की रविवार को जमीन पर पटककर हत्या कर दी। मृतक के भतीजे संतोष ने बताया कि उसका चाचा हरदास (88) पुत्र वंशी अहिरवार अपने गांव में बने सार्वजनिक चबूतरे पर ग्रामीणों के साथ बैठे हुए थे, उसी समय उसके पुत्र देशराज का विवाद किसी बात को लेकर एक ग्रामीण से हो गया, विवाद को शांत करने हेतु उसके पिता ने हस्तक्षेप किया और पुत्र देशराज को सभी के सामने डांट दिया, जिसके बाद देशराज घर के अंदर कमरे में चला गया और पुनः घर से बाहर आया और सभी के सामने अपने पिता को उठाकर जमींन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया व देशराज वहां से भाग गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीण घायल हरदास को उपचार के लिए बार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लें गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# खुद पर उठे सवालों के बीच मोदी के साथ सारथी की तरह रहे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष की ओर से खुद पर उठ रहे सवालों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सारथी की तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रहे। प्रचार के दौरान दोनों जहां भी साथ रहे बेहतर समन्वय देखने को मिला। शनिवार को सर्वे एजेंसियों की रिपोर्ट में एग्जिट पोल के नतीजों ने भाजपा और एनडीए को जोश से भर दिया है। ऐसे में चर्चा हो रही है कि उप्र. में मोदी और योगी की जोड़ी एक बार फिर प्रभावी साबित हुई है।

दरअसल, पिछले दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा योगी आदित्यनाथ को उनके पद से हटाए जाने को लेकर दिए गए विवादित बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी कहा कि वह सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं। उन्हें हटाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है। चुनाव के दौरान मेरठ से लेकर मिर्जापुर तक मोदी और योगी तकरीबन 21 कार्यक्रमों में एक दूसरे के साथ रहे। इस दौरान 13 जनसभाएं, 5 रोड शो, वाराणसी में नामांकन और काशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन के दौरान दोनों नेताओं का एक दूसरे के प्रति आपसी विश्वास को बढ़ाने वाले संवादों की चर्चाएं हर जगह हुईं। इस दौरान कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए, जिसने जनता के बीच प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के बीच भरोसे को मजबूत किया।

### हाथ पकड़ने वाला वीडियो हुआ वायरल

पीलीभीत में आयोजित जनसभा के दौरान जब मुख्यमंत्री उद्बोधन के लिए प्रधानमंत्री के पीछे से डायस की ओर जाना चाहते थे, तभी प्रधानमंत्री द्वारा उनका हाथ पकड़कर सामने से जाने के लिए आग्रह करना सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ।

# 15 लाख के बदले पास कराई थी परीक्षा, गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस उपनिरीक्षक एवं समकक्ष भर्ती परीक्षा 2020-21 से जुड़ा है मामला

**अमृत विचार :** पुलिस उपनिरीक्षक एवं समकक्ष भर्ती परीक्षा-2020-21 में परीक्षा केंद्रों पर मिलीभगत कर अभ्यर्थियों को परीक्षा पास कराने से जुड़े गिरोह के एक सदस्य को एसटीएफ ने रविवार को सुल्तानपुर से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ अधिकारियों के मुताबिक सुल्तानपुर से गिरफ्तार अभियुक्त अतुल यादव देवसरा प्रतापगढ़ का निवासी है।

पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान अतुल यादव ने अपने रिश्तेदार रितेश यादव से इस परीक्षा में चयन कराने का सौदा किया था। रितेश यादव का चयन भी हो गया, लेकिन तय की हुई 15 लाख की धनराशि रितेश द्वारा न दिए जाने पर रितेश का मूल दस्तावेज गिरोह के पास ही रखा था। भर्ती बोर्ड द्वारा सत्यापन के लिए जब दस्तावेज मांगा गया तो रितेश यादव को दस्तावेज गिरोह द्वारा नहीं दिया गया। इस दौरान रितेश ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। यहीं पर पूछताछ के दौरान पता चला कि इस परीक्षा में चयन कराने वाला गिरोह भी सक्रिय था। इस दौरान राजधानी के थाना हुसैनगंज में 11 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ। इस केस की जांच एसटीएफ को सौंपी गई। गिरोह के सदस्य अतुल यादव तभी से फरार चल रहा था। पुलिस ने अतुल पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। रविवार को सुल्तानपुर के एक रेस्टोरेंट में एसटीएफ ने अतुल यादव को गिरफ्तार कर लिया।

## बिजली अभियंताओं का महाधिवेशन 27 को

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ का 39वां वार्षिक महाधिवेशन 27 जून को राजधानी में आयोजित होगा। वार्षिक महाधिवेशन में बेहतर उपभोक्ता सेवा सुनिश्चित करने, राजस्व वसूली में वृद्धि करने, बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, निर्बाध बिजली आपूर्ति करने व बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ ऊर्जा क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों, विकास की अन्य संभावनाओं, अभियंताओं के अपेक्षित योगदान और अभियंताओं की विभिन्न लम्बित समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किये जायेंगे। अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अभियंता संघ के महाधिवेशन के लिए शुभकामना संदेश दिया है। शुभकामना संदेश में कहा गया कि राज्य की जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में ऊर्जा निगमों में कार्यरत अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# घरेलू कलह में दंपती ने पीया पिसा कांच, मौत

संवाददाता, उमरी बेगमगंज(गोंडा)



वीर प्रताप।



कुसुमा।

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ऐली परसौली गांव में घरेलू कलह में शनिवार की देर शाम दंपती ने पिसा हुआ कांच पी लिया। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रविवार देर शाम दोनों की मौत हो गई।

गांव के मजरे केवटाही के रहने वाले वीर प्रताप की पत्नी कुसुमा का शनिवार को अपनी सास धनराजी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ा तो कुसुमा ने अपनी सास धनराजी की साड़ी को फाड़ दिया। मां की साड़ी फाड़े जाने से नाराज धनराजी के छोटे बेटे भरथे ने अपनी भाभी की साड़ी फाड़ दी। विवाद की जानकारी मिलने पर वीर प्रताप घर पहुंचा तो उसने सभी को समझाने की कोशिश की। इस दौरान वीर प्रताप ने मामले को रफा दफा कराने की नीयत से अपनी पत्नी कुसुमा को एक थप्पड़ मार दिया। इससे नाराज कुसुमा ने घर में रखा पिसा कांच(फ्यूराडान एक तरह का कीटनाशक) पी लिया। कुसुमा की हालत बिगड़ी तो वीर प्रताप को लगा कि अब वह फंस जाएगा। इसी आशंका के बीच उसने भी पिसा कांच पी लिया। कुछ ही देर में दंपती गिरकर तड़पने लगे। परिवार के लोगों ने आनन फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से डाक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार की देर शाम इलाज के दौरान 27 वर्षीय वीर प्रताप व उसकी पत्नी कुसुमा का मौत हो गयी। गांव के पूर्व प्रधान के बेटे सुरजीत सिंह ने घटना की पुष्टि की है। वहीं उमरीबेगमगंज पुलिस ने घटना की जानकारी से इंकार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम ने बताया कि ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है।

## एमडी-एमएस करने वालों का मानदेय हजम नहीं कर सकेंगे निजी मेडिकल कॉलेज

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य के निजी मेडिकल कॉलेजों में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) करने वाले चिकित्सकों को मिलने वाले मानदेय के साथ अब कॉलेज प्रशासन खिलवाड़ नहीं कर सकेंगे। एमडी-एमएस करने वाले चिकित्सकों को नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा निर्धारित मानदेय हर माह देना पड़ेगा। मानदेय देने के बाद इस विवरण एनएमसी को हर माह की 5 तारीख तक मेल करना पड़ेगा। यह निर्देश एनएमसी द्वारा कॉलेजों को दिये गए हैं।

एनएससी ने सभी मानदेय न अपलोड करने वाले मेडिकल कॉलेजों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्नातक इंटर्न, पोस्ट ग्रेजुएट रेजिडेंट डॉक्टरों और सुपर स्पेशियलिटी विभागों में सीनियर रेजिडेंट या पीजी को दिए जाने वाले मानदेय के आंकड़े जमा करने का निर्देश दिये हैं।

# इंजीनियर समेत दो से डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगे 12 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ितों ने दर्ज कराई विकासनगर थाने में एफआईआर

**अमृत विचार :** साइबर ठगों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर समेत दो लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने के नाम पर 12 लाख रुपये ठग लिए। इंजीनियर को भेजे गए पार्सल में नशीला पदार्थ मिलने की बात कहकर नौ लाख रुपये वसूले। वहीं एग्रो कंपनी के कर्मचारी से तीन लाख ठग लिए। दोनों 27 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया। पीड़ितों ने विकासनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

विकासनगर सेक्टर-आठ निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर अश्वनी वर्मा के पास अन्जान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि अश्वनी ने एक पार्सल भेजा है, जिसमें 150 ग्राम एमडीएक्स मिली है। आप तुरंत साइबर क्राइम अधिकारी राजेश प्रधान से बात कर लीजिए। अश्वनी ने आईपीएस अधिकारी बने राजेश प्रधान को कॉल किया। उसने नशीले पदार्थ की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाते हुए अश्वनी की 28 दिन की रिमांड लेने की बात कही। स्काइप ऐप से स्क्रीन भी शेयर करवा लिया, ताकि कहीं कॉल न कर सके। आरोपी के दबाव में अश्वनी ने बैंक जाकर करीब नौ लाख रुपये ठग के बताए अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए।

विकास विहार निवासी मनोज गुप्ता गोयल एग्रो में काम करते हैं। उनके मोबाइल पर अनजान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि मनोज के आधार का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधि में हुआ है। ऐसे में उनके खिलाफ सीबीआई की तरफ कार्रवाई होगी। आपको अभी डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। इसके बाद जालसाज ने मनोज को एक अकाउंट बताया। इसमें एनईएफटी से करीब तीन लाख रुपये जमा कराए।

## वर्ग पहेली-89

**बाएं से दाएं**

1.1. दही मथने की बड़ी मथानी 2. (पुराण) मंदर पर्वत 3. अमलतास।

2.1. एक साथ गिराना या मिलाना, भिड़ंत, टक्कर 2. संपर्क, संसर्ग, समागम 3. वह स्थान जहां एक रेखा दूसरी रेखा से मिलती या उसे काटती हुई बढ़ती है 4. चलना, हटाया जाना 5. संगम, मिलन 6. तलछट, गाद 7. प्रवेश, पहुंच, दख़ल 8. पक्षियों के उड़ने का तरीका 9. युद्ध का ढंग 10. घटित होना 11. गरुड़ का पुत्र।

4.1. भ्रम का नष्ट हो जाना, शंका या संदेह का निराकरण 2. तर्क-वितर्क।

7.1. मथानी 2. कलछी 3. युद्ध 4. प्रतियोगिता।

8. जो मूल पाठ के अनुरूप हो, मूल पाठ से मिलने वाला, पाठानुसार, पाठानुकूल।

**ऊपर से नीचे**

1.1. वह स्थान जहां लोग पूजा के लिए जाते हैं, देवालय 2. स्थान 3. (अ-अ.) रहने का घर, मकान, निवास।


2.1. संकुचित होने या करने की क्रिया या भाव 2. सिकुड़ना।

3.1. कंकड़

4.1. कुलीन 2. रईस, उच्चवर्गीय 3. संभ्रांत, संस्कारी, शिष्ट 4. मनोहर, सुंदर 5. उपयुक्त, मान्य।

5. बराबरी की हैसियत वाला, बराबरी का दरजा रखने वाला।

6. टेक या सहारा लगाना।




### वर्ग पहेली -88 का हल




### सुडोकू -2

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 3 | | | 4 | | |
| | 6 | | | | 2 | | 9 | |
| 1 | | 5 | | | 9 | | 8 | |
| 3 | | | 6 | 5 | | | 1 | |
| | | 8 | 1 | | 3 | 7 | | |
| | 4 | | | 9 | 7 | | | 6 |
| | 9 | | 4 | | | 3 | | 7 |
| | 2 | | 9 | | | | 6 | |
| | | 7 | | | 6 | | 5 | |

### सुडोकू -1 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 9 | 3 |
| 5 | 7 | 9 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 | 1 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 9 | 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 7 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 4 जून 00.18 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्विनी 4 जून 00.05 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज अति धार्मिक होने से भी आपको समस्या हो सकती है। पेट में इंफेक्शन की संभावना बन रही है। आप नई शुरुआत करने को लेकर उत्साहित रहेंगे। सहकर्मियों के प्रति आपके मन में नकारात्मक भाव आएंगे,लेकिन आपको अपनी कमियों पर विचार करना होगा।

**वृष** — आज सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में कड़वाहट हो सकती है। संतान की सेहत का ध्यान रखें। शत्रु आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन** — आज शोध कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। व्यवसाय में तरक्की होने से आपका मनोबल बढ़ेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

**कर्क** — आज सॉफ्टवेयर क्षेत्र के व्यवसाय से जुड़े लोगों को निवेशकों के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। पुराने संपर्क का आपको लाभ मिलेगा। आप कई सारे कार्य एक साथ कर पाएंगे। निर्माण कार्यों में आपको अच्छी प्रगति देखने को मिलेगी।

**सिंह** — आज आपकी कठोर भाषा से उच्च अधिकारी नाराज हो सकते हैं। चेहरे पर मुंहासे और दाग जैसी समस्या होने की आशंका है। विवाह आदि कार्यक्रमों को टालना फिलहाल हितकारक होगा। अनावश्यक कारणों से यात्रा होने की संभावना है।

**कन्या** — आज झगड़ा होने की भी संभावना है जिसके दौरान आप कुछ हिंसक भी हो सकते हैं। अपनी मान्यताओं को किसी पर न थोपें। अग्नि से जुड़े उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आपको काफी सतर्क रहना चाहिए।

**तुला** — आज आप व्यवसाय को लेकर काफी सावधान रहेंगे। लोग आपसे काफी प्रभावित रहने वाले हैं। नई जॉब की शुरुआत कर सकते हैं। नए प्रेम संबंधों के उभरने की संभावना बन रही है। विदेशी भाषा का प्रयोग सीख सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करने के लिए दिन शुभ है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे,लेकिन आपका कोई भी अहित नहीं होगा। मौसम में बदलाव के कारण बुखार और सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। नए कारोबार की योजना बना सकते हैं।

**धनु** — आज आप अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं। यद्यपि आपको कार्यालय में कुछ तकनीकी परेशानियों का भी सामना करना पड़ेगा। अंतरिक्ष और जैव-रसायन जैसे क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा रहने वाला है।

**मकर** — आज यदि आप निजी कंपनियों में काम कर रहे हैं तो आपको बॉस के नखरों को सहना पड़ सकता है। परिजनों पर गुस्सा न निकालें। धर्म-कर्म को लेकर अंधविश्वासी न बनें। सरकारी कार्यों में रुकावट के संकेत हैं। आप अपनी योजनाओं को सार्वजनिक न करें।

**कुंभ** — आज जीवनसाथी की बातें आपको कड़वी लग सकती है। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका संपर्क बनेगा। स्वजनों की अनदेखी न करें। आप कुछ नया जानने को लेकर उत्सुक हो सकते हैं। फिल्मों और कहानियों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा।

**मीन** — आज नए कारोबार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। यूरिन संक्रमण जैसी समस्याओं से घिर सकते हैं। आपको सेहत का ध्यान रखना होगा। कड़वी बातों के कारण जीवनसाथी नाराज हो सकता है।

## आज की फिल्में

**होते होते प्यार हो गया**
सुबह : 10.11

**जोश**
शाम : 05.22

**कहो न प्यार है**
सुबह : 10.40

**फुटफेरी**
रात : 08.00

**जिओस्ट्राम**
सुबह : 10.21

**2012**
रात : 09.00

**पहेली**
सुबह : 11.05

**जोड़ी नं. 1**
रात : 07.20

**सूर्या सिंगम 2**
दोपहर : 12.00

**द वॉरियर**
रात : 08.04

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू एक होटल में स्कीम देखी और डिनर करने पहुंचा।
वेटर- सर आपका बिल।
गप्पू- लो कार्ड रख लो।
वेटर-लेकिन सर ये तो आप की शादी का कार्ड है।
गप्पू- तो फिर बहार क्या मजाक में लिख रखा है कि 'ऑल काड्र्स एक्सेप्टेड'...

बब्लू- बेकार ही लोग कहते हैं कि पत्नियां अपनी गलती नहीं मानती है।
डब्लू- अच्छा, तुम्हारी पत्नी क्या कहती है?
बब्लू- कहती है गलती हो गई तुमसे शादी करके।


# मोदी ने सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर दिया बल

## प्रधानमंत्री ने की कई बैठकों की अध्यक्षता, भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा स्थिति को संभालने के दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा के सत्ता बरकरार रखने के प्रति आश्वस्त होने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आगामी सरकार के पहले 100 दिन के एजेंडे पर विचार-विमर्श किया। नई सरकार का गठन चार जून को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद किया जाएगा। कांग्रेस ने इस बैठक की आलोचना की और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खेला जा रहा मनोवैज्ञानिक खेल करार दिया साथ ही यह भी दावा किया कि वह पद छोड़ने वाले हैं। एग्जिट पोल में शनिवार को अनुमान जताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे और भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा चुनावों में भारी बहुमत से जीत मिल सकती है। लोकसभा चुनाव शुरू होने से बहुत पहले मोदी ने नई सरकार के लिये 100 दिन का एजेंडा तैयार करने के वास्ते विभिन्न सरकारी मंत्रालयों को काम सौंपा था। उन्होंने अपनी मंत्रिपरिषद से पहले 100 दिनों के लिए कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने के लिए कहा है। देश में आग लगने की विभिन्न घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा हुई स्थिति की समीक्षा की और अस्पतालों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर बल दिया।

लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने कई बैठकों की अध्यक्षता की। उन्होंने पूर्वोत्तर के राज्यों में चक्रवात रेमल के कारण पैदा हुई बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और अगली सरकार के 100 दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबे मंथन सत्र में भी भाग लिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, देश के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आग की घटनाओं को रोकने और उससे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास किए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जंगलों में 'फायर लाइन' के रखरखाव और बायोमास के उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए।


नरेंद्र मोदी ने चक्रवात रेमल को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

### रेमल से प्रभावित राज्यों को केंद्र की ओर से हर संभव मदद मिलती रहेगी: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह यहां अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न राज्यों में चक्रवात रेमल के प्रभाव की समीक्षा की और कहा कि केन्द्र सरकार प्रभावित राज्यों को हर संभव सहायता जारी रखेगी। बैठक में अधिकारियों ने इन राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन तथा बाढ़ के कारण जान माल की हानि भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री को बताया कि स्थिति को ध्यान में रखते हुए जरूरत के मुताबिक प्रभावित राज्यों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें तैनात की गई हैं। इन टीमों ने एयरलिफ्टिंग और सड़क से निकासी अभियान चलाया है।

## दिल्ली के एक मकान में सड़ी-गली अवस्था में मिला शव

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के एक मकान में 42 वर्षीय एक व्यक्ति का शव सड़ी-गली हालत में मिला है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात को नौ बजे फोन आया कि छतरपुर में किराए पर रह रहा रतन फोन नहीं उठा रहा है और उसका कमरा बंद है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया-रतन एक बहु राष्ट्रीय कंपनी में काम करता था। कॉल पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर मकान में घुसी। रतन का शव बिस्तर पर पड़ा था और अत्यधिक सड़ी-गली अवस्था में था। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पुलिस ने पाया कि रतन पिछले एक साल से अकेले रह रहा था। उन्होंने कहा-अपराध शाखा की टीम को बुलाकर मामले की जांच की जा रही है।

## डाक मतपत्रों की पहले गिनती की जाए, दिशा-निर्देशों का हो पालन

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंडिया गठबंधन के नेताओं ने निर्वाचन आयोग से की मांग

विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं ने रविवार को निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि चार जून को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के नतीजों से पहले डाक मत पत्रों की गिनती कर उनके परिणाम घोषित किए जाएं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि निर्वाचन आयोग को मतगणना प्रक्रिया पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करना चाहिए और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

लोकसभा चुनाव की मंगलवार को होने वाली मतगणना से पहले, इंडियन नेशनल डेवलपमेन्टल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को निर्वाचन आयोग की पूर्ण




पीठ से मुलाकात की। मुलाकात के बाद, कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा कि यह तीसरा मौका है जब विपक्षी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने आम चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग का दौरा किया। सिंघवी ने बताया कि प्रतिनिधमंडल ने अन्य चीजों सहित अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ईवीएम के नतीजे घोषित किए जाने से पहले डाक मत पत्रों की गिनती हो और उनके परिणाम घोषित किए जाएं।

### एक नजर

#### असम में मादक पदार्थ के साथ 7 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य की बराक घाटी में अलग-अलग अभियानों में सात लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान शनिवार को चलाया गया। एक्स पर जानकारी साझा करते हुए शर्मा ने बताया कि पुलिस के मजबूत खुफिया नेटवर्क के आधार पर अभियान चलाया गया। करीमगंज पुलिस ने एक दुकान पर छापा मारा और करीब 800 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति व 1.9 किलोग्राम हेरोइन के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।

#### तमिलनाडु अभिनेता के बैग से मिलीं 40 गोलियां

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को पूर्व विधायक और अभिनेता करुणास के बैग से बन्दूक की 40 गोलियां बरामद हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता के बैग की जांच करने पर उसमें से गोलियां बरामद हुईं, जब अधिकारियों ने उनसे इस संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनके पास गोलियां रखने के लिए वैध दस्तावेज हैं। अधिकारियों ने करुणास को बताया कि उड़ान के अंदर गोलियां नहीं ले जाई जा सकती हैं।

## पुरी में पटाखा विस्फोट की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हुई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। एक आधिकारिक घोषणा में बताया गया कि फिलहाल पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न अस्पतालों में कुल 17 लोग उपचाराधीन हैं। विशेष राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि घायलों में से दो की रविवार सुबह मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने दोपहर को दम तोड़ दिया। पुरी में 29 मई की रात भगवान जगन्नाथ की 'चंदन यात्रा' उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में हुए विस्फोट में 30 लोग घायल हो गए थे। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के पुरी लोकसभा उम्मीदवार संबित पात्रा ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की।

## बंगाल में चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

कोलकाता, एजेंसी

- भाजपा ने सत्तारूढ़ टीएमसी पर लगाया हत्या का आरोप

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में चुनाव के बाद हुई हिंसा में कुछ लोगों ने एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी। भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर पार्टी कार्यकर्ता की हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, तृणमूल ने दावा किया है कि यह हत्या पारिवारिक कलह का नतीजा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना जिले के उत्तरी हिस्से के कालीगंज में उस समय हुई जब भाजपा कार्यकर्ता हफीजुर शेख शनिवार रात अन्य लोगों के साथ कैरम खेल रहे थे। आरोप है कि 10-12 लोग मोटरसाइकिल पर आए और शेख की गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने दो घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शन किया और पुलिस को शव उठाने नहीं दिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। भाजपा की उत्तर नादिया इकाई के अध्यक्ष अर्जुन विश्वास ने आरोप लगाया कि तृणमूल के गुंडों ने पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की। हालांकि, जिले के तृणमूल नेता रुकबानुर रहमान ने हत्या के पीछे पारिवारिक कलह को जिम्मेदार ठहराया है।

## मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट मामले के दोषी पर जेल में जानलेवा हमला, मौत

**मुंबई।** मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले के एक दोषी पर रविवार को कोल्हापुर के कलाम्बा केंद्रीय कारागार में पांच कैदियों ने जानलेवा हमला किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। जेल के स्नानागार में नहाने को लेकर अन्य कैदियों के साथ, प्रथम दृष्टया बहस होने के बाद 59 वर्षीय मुन्ना उर्फ मोहम्मद अली खान पर हमला किया गया। खान सिलसिलेवार विस्फोट मामले में उम्र कैद की सजा काट रहा था। पुलिस अधिकारी ने कहा- बहस के बीच, कुछ विचाराधीन कैदियों ने लोहे की जाली उठाई और उससे खान के सिर पर वार किया जिसके बाद वह जमीन पर गिर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# असम में बाढ़ से छह लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई क्षेत्रों में प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग पश्चिम और दीमा हसाओ जिलों में कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 28 मई से अब तक बाढ़


असम के नागांव जिले में चक्रवात रेमल के बाद हुई बारिश के बाद आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क पर दोपहिया वाहन से जाते लोग। ● एजेंसी

- अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया

और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। नागांव सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए जबकि होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं। राज्य में 40,000 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है।

### केरल में भारी बारिश ऑरेंज अलर्ट जारी

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के कारण केरल के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को राज्य के एर्णाकुलम जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जहां पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। ऑरेंज अलर्ट का मतलब है 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर तक की भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में जिले के अलग-अलग स्थानों पर 'बहुत भारी बारिश' होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पतानमथिट्टा, अलप्पुझा, इडुकी और वायनाड जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

## भाजपा सांसद रामकृपाल पर हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पटना।** भाजपा के सांसद रामकृपाल यादव के काफिले पर यहां हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मसौढ़ी निवासी विकास यादव के रूप की गई है। उन्होंने बताया कि फरार आठ अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है। यादव ने आरोप लगाया कि उनके पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में मतदान खत्म होने के करीब एक घंटे बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समर्थकों ने उन पर और उनके काफिले पर हमला किया। उन्होंने दावा किया कि पटना के मसौढ़ी इलाके में शाम करीब साढ़े सात बजे हुए हमले में उनके कुछ समर्थक घायल भी हुए हैं।

## महिला ने 4 बच्चों को पानी की टैंक में फेंका, खुद भी जान देने का किया प्रयास

जयपुर, एजेंसी

- राजस्थान के बाड़मेर जिले की घटना, चारों बच्चों की हुई मौत
- पुलिस ने बताया-जांच में पारिवारिक कलह की बात सामने आई

राजस्थान के बाड़मेर जिले के सदर थाना क्षेत्र में रविवार को एक महिला ने अपने 4 बच्चों को खेत में बने पानी के टैंक में फेंक दिया और उसमें खुद भी कूद कर आत्महत्या करने की कोशिश की।

पुलिस ने बताया कि धने का तला गांव में हेमी देवी (35) ने अपने चार बच्चों को खेत के पास बने पानी के टैंक में फेंक दिया, इसके बाद वह खुद भी उसमें कूद गई। बाड़मेर के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि एक महिला ने चार बच्चों को पानी की टंकी में फेंक दिया। इसके बाद वह स्वयं भी टंकी में कूद गई और आत्महत्या करने की कोशिश की। पानी में डूबने से चारों बच्चों की मौत हो गई। महिला को बचा लिया गया है और उसका उपचार जारी है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला से पूछताछ की जा रही है कि उसने ऐसा क्यों किया।" उन्होंने बताया कि मृत बच्चों की पहचान संजू (9), मंजू (11), कृष्णा (7) और दिनेश (5) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में घटना के पीछे पारिवारिक कलह की बात सामने आई है। महिला का पति मजदूरी करता है। घटना के वक्त महिला की सास घर पर मौजूद थी।



### एक नजर

#### किसानों ने दुग्ध उत्पादन में एक करोड़ रुपये का किया कारोबार

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले के बिछड़ी में हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से संचालित घाटा वाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने गत वित्तीय वर्ष में एक करोड़ रुपये का कारोबार कर सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है। जिंक द्वारा बीएआईएफ विकास अनुसंधान फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित समाधान परियोजना के तहत दो पूर्व स्थापित महिलाओं के नेतृत्व वाली डेयरी, घाटावाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1 करोड़ रुपये का कारोबार कर अल्प समय में दुग्ध उत्पादन में पहचान बनाई है।

#### एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन घटा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी का उत्पादन मई, 2024 में 37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23.4 करोड़ टन रहा है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले साल इसी महीने में उसका लौह अयस्क का उत्पादन 37.1 करोड़ टन रहा था। एनएमडीसी की मासिक बिक्री भी मई में 22 प्रतिशत गिरकर 28.2 करोड़ टन रही है, जो पिछले साल इसी महीने में 36.2 करोड़ टन थी।

#### इन्फोसिस पर लगा 3,142 डॉलर का जुर्माना

**नई दिल्ली।** प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस पर अमेरिका के टेक्सास लोक लेखा नियंत्रक ने 3,142.02 डॉलर (करीब 2.60 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है।

## आंकड़ों के अनुसार पिछले माह की अपेक्षा मई में शेयरों से निकासी हुई अधिक

# चुनाव नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने निकाले 25,586 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में भारतीय शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। यह मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के कारण अप्रैल के 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शुद्ध निकासी के आंकड़े से कहीं अधिक है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। वहीं जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की थी। आम चुनाव के नतीजे चार जून को आने हैं। इससे निकट भविष्य में भारतीय बाजार में एफपीआई प्रवाह की दिशा तय होगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार विजयकुमार ने कहा कि मध्यम अवधि में अमेरिकी ब्याज दरें एफपीआई प्रवाह पर अधिक प्रभाव डालेंगी। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में शेयरों से शुद्ध रूप से 25,586 करोड़ रुपये निकाले हैं। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक विपुल भोवर ने कहा-अपेक्षाकृत ऊंचे मूल्यांकन और विशेष रूप से वित्तीय और आईटी कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों के साथ राजनीतिक अनिश्चिता की वजह से एफपीआई भारतीय शेयरों से निकासी कर रहे हैं।

### भारत को वित्त वर्ष 2023-24 में सिंगापुर से मिला सबसे ज्यादा एफडीआई



भारत को बीते वित्त वर्ष (2023-24) में सिंगापुर से सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। हालांकि, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश में विदेशी निवेश के प्रवाह में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, 2023-24 में सिंगापुर से एफडीआई प्रवाह 31.55 प्रतिशत घटकर 11.77 अरब डॉलर पर आ गया है, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि भारत ने उस देश (सिंगापुर) से सबसे अधिक निवेश आकर्षित किया है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से निवेश बढ़ा है।

## सीबीआईसी ने जीएसटी वसूली शीघ्र शुरू करने के जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि प्रधान आयुक्त या आयुक्त स्तर के अधिकारी मांग आदेश की तामील के लिए निर्धारित तीन महीने से पहले माल एवं सेवा कर (जीएसटी) बकाया वसूलने के निर्देश जारी कर सकते हैं। यदि कोई कर देने योग्य व्यक्ति सीजीएसटी अधिनियम के तहत पारित आदेश में तय राशि का तीन महीने के भीतर भुगतान नहीं करता है, तो कर अधिकारी इस अवधि की समाप्ति के बाद ही वसूली की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं। हालांकि, असाधारण मामलों में जहां राजस्व के हित में ऐसा करना जरूरी है, लिखित में कारणों को दर्ज करने के बाद, कर देने योग्य व्यक्ति को तीन महीने से पहले राशि का भुगतान करने के लिए कह सकते हैं।

## मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर व्यापार व लघु उद्योग आशान्वित

नई दिल्ली, एजेंसी

- कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जताई उम्मीद

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज कहा कि देश के व्यापारियों और लघु उद्योगों सहित व्यापारिक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर बेहद आशान्वित है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि व्यापारी वर्ग देश के व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए आगामी पांच वर्षों को बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में देश के छोटे व्यापारियों के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जिनसे देश में व्यापार में वृद्धि हुई है और इसी नीति के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप आने वाले वर्षों में व्यापार के अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद है। घरेलू व्यापार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, भारत के वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी सुधारने ओपी और कर संरचना को सरल बनाने के लिए नई पहल तथा व्यापार एवं लघु उद्योग के लिए नीतिगत समर्थन और महत्वपूर्ण कदम की आशा है ताकि कर अनुपालन आसानी से हो और सरकार के राजस्व में वृद्धि हो सके तथा जिसके बल पर भारत विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान में सकारात्मक माहौल और अपेक्षित राजनीतिक स्थिरता को देश के मजबूत विकास की कुंजी माना जा रहा है।

## भीषण गर्मी के बीच मई में एसी की बिक्री हो गई दोगुनी

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच मई में एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है। प्रमुख एसी विनिर्माता कम ऊर्जा खपत वाले मॉडल के भंडार में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं पर पारा 45 डिग्री से ऊपर चल रहा है। वहीं, एसी विनिर्माता असाधारण मांग से निपट रहे हैं, और इस महीने में अबतक की सबसे अच्छी बिक्री दर्ज की गई है। वोल्टास, एलजी, डाइकिन, पैनासोनिक और ब्लू स्टार जैसे प्रमुख ब्रांड की मई में मजबूत बिक्री देखी गई और उद्योग को पिछले साल की तुलना में 2024 में उनकी बिक्री में 30 से 35 प्रतिशत की समग्र वृद्धि की उम्मीद है।

## 10 कंपनियों में आठ का 2.08 लाख करोड़ घट गया बाजार पूंजीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,08,207.93 करोड़ रुपये की गिरावट हुई। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और इन्फोसिस को हुआ।

इसके अलावा आईटीसी, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण भी घटा। वहीं एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) लाभ में रहीं। पिछले सप्ताह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,449 अंक या 1.92 प्रतिशत टूटा था। शुक्रवार को यह 75.71 अंक या 0.10 प्रतिशत बढ़कर 73,961.31 अंक पर बंद हुआ। इससे पांच दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूटा। सूचकांक की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 67,792.23 करोड़ रुपये घटकर 19,34,717.12 करोड़ रुपये रह गया, जबकि टीसीएस का एमकैप 65,577.84 करोड़ घटकर 13,27,657.21 करोड़ रुपये रह गया है।

## ग्राहक सेवा के लिए एआई का लाभ उठा रहीं हैं एयरलाइन कंपनियां

**नई दिल्ली।** भारतीय एयरलाइंस ग्राहक सेवा कर्मचारियों के काम के बोझ को कम करने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का लाभ उठा रही हैं।

एयर इंडिया ने अपनी पांच वर्षीय बदलाव योजना के तहत एआई का व्यापक उपयोग करने की तैयारी की है। इसका जेनरेटिव एआई वर्चुअल एजेंट एआई.जी 1,300 से अधिक विषयों को संभालता है। इसी तरह देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के पास एआई चैटबॉट 6एस्काई है, जिसमें 1.7 लाख करोड़ मानक हैं, जिससे यह आसानी से सवालों के जवाब दे सकता है।

# रेपो दर में कटौती नहीं करेगा रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

- 5-7 जून के लिए निर्धारित एमपीसी की बैठक को लेकर विशेषज्ञों ने जताई संभावना

मुद्रास्फीति की चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5-7 जून के लिए निर्धारित है।

विशेषज्ञों ने कहा कि एमपीसी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि आर्थिक वृद्धि जोर पकड़ रही है। रेपो दर फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत पर कायम है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता




वाली एमपीसी बैठक के फैसले की घोषणा 7 जून (शुक्रवार) को की जाएगी। लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे। यदि सात जून को ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया जाता है, तो यह यथास्थिति बनाए रखने का आठवां मौका होगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि पिछली नीति के बाद से आर्थिक स्थितियां काफी हद तक अपरिवर्तित बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पीएमआई और जीएसटी संग्रह जैसे उच्च आवृत्ति संकेतक दिखाते हैं कि वृद्धि सही दिशा में है। उन्होंने आगे कहा कि मुद्रास्फीति पर चिंता बनी हुई है और गर्मी ने विशेष रूप से सब्जियों की कीमतों को प्रभावित किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने भी उम्मीद जताई कि आगामी एमपीसी बैठक में रेपो दर को अपरिवर्तित रखने की उम्मीद है, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है।

# विश्व कप



खेल डायरी



### अजीश बने इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन

**मंगलुरु।** पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेने वाले तमिलनाडु के सर्फर अजीश अली इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन बने हैं। टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में तमिलनाडु के सर्फर्स ने सभी चार श्रेणियों (पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स बॉयज और अंडर -16 और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर -16) में शीर्ष सम्मान हासिल किया। पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर (2023 आईएसए वर्ल्ड सर्फिंग गेम्स, अल साल्वाडोर) में भाग लेने वाले अजीश अली को पुरुष ओपन वर्ग में नए आईओएस चैंपियन का ताज पहनाया गया वहीं युवा सनसनी कमली मूर्ति ने महिला ओपन और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर-16 दोनों श्रेणियों में जीत हासिल कर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तमिलनाडु के एक अन्य किशोर, तैयिन अरुण ने अपनी सर्फिंग की कलाबाजी से जजों को प्रभावित किया और ग्रोम्स बॉयज और अंडर-16 वर्ग में नए आईओएस चैंपियन बन कर उभरे। तीन दिवसीय प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता आज कर्नाटक के मंगलुरु शहर के प्राचीन ससिहिथलू समुद्र तट पर संपन्न हुई। चैंपियनशिप का आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा किया गया था और इसकी मेजबानी मंत्रा सर्फ क्लब ने की थी। अंतिम दिन की कार्रवाई ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज वर्ग के सेमीफाइनल के साथ शुरू हुई।

### प्रज्ञानंदा ने कारूआना को हराया, विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचे

**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें दौर में अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारूआना को हराया, जिससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने खराब फॉर्म में चल रहे चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर अपनी बढ़त को एक अंक तक बढ़ा दी। नाकामुरा के 10 अंक हैं। कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। अब जबकि टूर्नामेंट में पांच दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब प्रज्ञानंदा 8.5 अंक लेकर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन के बाद तीसरे नंबर पर हैं। अलीरेजा के 6.5 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर हैं।

### विकेलमैन गेम्स 2024 में साहिल, हर्षिता और धनवीर ने जीते स्वर्ण पदक

**स्टैंडल।** भारतीय एथलीट साहिल सिलवाल ने विकेलमैन गेम्स 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा, हर्षिता सहरावत ने महिला हैमर थ्रो में और धनवीर सिंह ने पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को जर्मनी के स्टैंडल में स्टेडियन एम गैलजेनबर्ग में 23 वर्षीय साहिल ने अपने चौथे प्रयास में 75.36 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हमवतन विक्रांत मलिक ने अपने तीसरे प्रयास में 72.65 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक तथा जर्मनी के ओले स्टर्जिक ने 45.85 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। विक्रांत ने अपने तीसरे प्रयास में 70 मीटर का आंकड़ा पार करने से पहले अपने दूसरे प्रयास में 68.91 मीटर थ्रो के साथ बढ़त बनाई।

### एल्डोस और जेसी संदेश ने जीते स्वर्ण पदक

**पेरिस।** मीटिंग डी लिमोज 2024 एथलेटिक्स मीट में भारत के एल्डोस पॉल ने ट्रिपल कूद और जेसी संदेश ने ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। फ्रांस में शनिवार को स्टेड डी ब्यूब्लांक में पुरुषों की ट्रिपल जंप में प्रतिस्पर्धा में कॉमनवेल्थ गेम्स के चैंपियन एल्डोस पॉल ने 16.24 मीटर की जंप लगाकर प्रतियोगिता जीती। कैमरून के मार्सेल मयाक ने (15.80 मीटर) कूद के साथ रजत पदक तथा अल्जीरिया के एडेम बौलबानी ने (15.79 मीटर) कूद लगाकर कांस्य पदक जीता। भारतीय एथलीट का यह प्रयास पिछले साल क्यूबा में प्रवीण चित्रवेल द्वारा बनाए गए 17.37 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड और 17.22 मीटर के ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क से कम रहा। 27 वर्षीय एल्डोस पॉल की वर्ष की दूसरी प्रतियोगिता है। उन्होंने पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में अपने सत्र की शुरुआत में 16.59 मीटर की कूद लगाई थी। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास 16.99 मीटर है, जो दो साल पहले हासिल किया गया था।

# बल्लेबाजी क्रम पर बाकी है काम : रोहित

## भारतीय कप्तान बोले- हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे, गेंदबाजों की दृष्टि से अच्छा रहा अभ्यास मैच

न्यूयॉर्क, एजेंसी

कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया है और बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर भेजने के टीम प्रबंधन के फैसले को ज्यादा तूल नहीं दी जानी चाहिए। भारत ने शनिवार को अभ्यास मैच में निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 122 रन पर रोककर नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 60 रन से जीत हासिल की।

पंत के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में रोहित ने कहा सिर्फ उसे मौका देने के लिए ऐसा किया। हमने अब तक अपनी बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया है। यहां तक कि गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर चीजें जिस तरह से हुईं, उससे खुश हूं। पंत ने 32 गेंद में 53 रन की तेज पारी खेली जबकि हार्दिक पंड्या ने 23 गेंद पर 40 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने भी 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली। रोहित ने मैच के बाद कहा जिस तरह से चीजें हुईं, उससे मैं काफी खुश हूं। मुकाबले से हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे। जैसा कि मैंने टॉस के समय कहा था, परिस्थितियों के अनुकूल होना महत्वपूर्ण था। नया स्थल, नया मैदान, ड्रॉप-इन पिच - इनसे अनुकूल होना महत्वपूर्ण था और हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।



- अभ्यास मैच में भारत ने बांग्लादेश को 60 रन से दी थी शिकस्त
- राहुल द्रविड़ बोले- थोड़ी नरम और मुलायम थी पिच

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया और तीन ओवर में 12 रन देकर दो विकेट चटकाए। ऑलराउंडर शिवम दुबे ने भी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि पिच थोड़ी नरम और मुलायम थी। द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट एक वीडियो में कहा एक अच्छा मुकाबला मिलना बहुत बढ़िया है। बेशक, यह एक अच्छे मैदान की तरह दिखता है। मैदान थोड़ा नरम है और खिलाड़ियों को पैर की मांसपेशियों और पिंडलियों पर इसका असर महसूस हो सकता है।

### विराट को पारी की शुरुआत करनी चाहिए: मांजरेकर

**न्यूयार्क।** विशेषज्ञ और पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली तीसरे नंबर पर उतने असरदार नहीं है उन्हें रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करनी चाहिए। मांजरेकर ने कहा जिस तरह की टीम का चुनाव हुआ है उससे भारतीय टीम ने स्वयं के लिए ही दिक्कत बढ़ाई हैं। क्योंकि अगर आपने आईपीएल में भी देखा होगा तो विराट कोहली पहले छह ओवर में तेज शुरुआत कर रहे थे। तो अगर उन्हें यह फायदा ना मिले तो फिर समस्या हो सकती है। क्योंकि नंबर तीन पर वैसा एडवांटेज नहीं मिलता। कोहली नंबर तीन पर उतने असरदार नहीं होंगे।

### भारत का कोच बनना पसंद करूंगा: गौतम गंभीर

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे होने की अटकलों के बीच पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देना पसंद करेंगे। गंभीर ने हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स को तीसरा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब दिलाया और उन्हें राहुल द्रविड़ के योग्य उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। द्रविड़ का अनुबंध टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है। भारतीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 27 मई थी, लेकिन अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गंभीर ने इसके लिए आवेदन भरा है या नहीं।

# विरोधी पर ध्यान न दें, अपनी क्षमता से खेले टीम : युवराज

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और अगर वह टी-20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है।

भारत ने अपना अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्व कप भी जीता था जिसमें युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ लीग मैच में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में छह छक्के लगाए थे। युवराज से जब भारत के पिछले एक दशक से भी अधिक समय से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा मेरा मानना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए हमारे पास आत्मविश्वास है। अगर भारत खुद पर विश्वास रखे और अपनी पूरी क्षमता से खेले तो वह खिताब जीत सकता है।


टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी के एंबेसडर युवराज ने कहा अतीत में हमने इन्हीं चीजों पर गौर करके जीत हासिल की।



हमने अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान दिया। हमें इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि विपक्षी टीम हमें कहां नुकसान पहुंचा सकती है। हमें अपने मजबूत पक्षों पर गौर करना होगा। हमारे पास कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। आईसीसी विश्व कप की तैयारी के लिए आईपीएल सबसे बेहतरीन मंच है और मुझे पूरी आशा है कि यह शानदार टूर्नामेंट होगा। अगर भारत जीतता है तो यह हमारे लिए शानदार पल होगा।

भारत को आईसीसी ट्रॉफी जीते हुए लंबा समय हो गया है। उम्मीद है कि इस बार हमारी टीम यह इंतजार खत्म कर देगी। युवराज से पूछा गया कि कौन सी टीमें फाइनल में जगह बना सकती हैं, उन्होंने कहा मेरी उम्मीद है कि भारत और संभवत वेस्टइंडीज या पाकिस्तान लेकिन ऑस्ट्रेलिया नहीं।

# वेस्टइंडीज ने जीत से शुरू किया सफर



वेस्टइंडीज के खिलाफ शॉट खेलते पापुआ न्यू गिनी के किपलिंग डोरिगा।

जॉर्जटाउन (गयाना)

दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को रविवार को मुकाबले में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को पांच विकेट से हराने में मशक्कत करनी पड़ी। अपना दूसरा टी20 विश्व कप खेल रही पीएनजी ने मजबूत खिलाड़ियों से भरी वेस्टइंडीज को दबाव में डालकर अच्छा प्रदर्शन किया।

ऐसा लग रहा था कि कहीं टूर्नामेंट के शुरू में ही उलटफेर देखने को न मिल जाए, पर रोस्टन चेज (नाबाद 42 रन) और आंद्रे रसेल (नाबाद 15 रन) ने मिलकर छठे विकेट के लिए 18 गेंद में 40 रन की अटूट साझेदारी से वेस्टइंडीज को जीत तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज की आधी टीम 97 रन पर पवेलियन पहुंच गई थी लेकिन चेज और रसेल के मिलकर टीम को 19 ओवर में पांच विकेट पर 137 रन बनाकर जीत से अभियान शुरू करने में कामयाब रही। पीएनजी के कप्तान असद वाला ने दो विकेट झटके।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**पीएनजी :** 136/8, 20 ओवर। असद वाला 21, सेसे बाऊ 50, किपलिंग 27। **विकेट :** जोसफ 2, रसल 2, शेफर्ड 1।

**वेस्टइंडीज :** 137/5, 19 ओवर। किंग 34, चेस 42। **विकेट :** असद 2, जोन 1, एली नाउ 1।

इससे पहले पीएनजी ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मध्यक्रम बल्लेबाज सेसे बाऊ (50 रन) के अर्धशतक से आठ विकेट पर 136 रन बनाए। पीएनजी के लिए बाऊ (43 गेंद, छह चौके, एक छक्का) ने जोशीले प्रदर्शन से अर्धशतकीय पारी खेली। पीएनजी की टीम चार विकेट पर 50 रन बनाकर लड़खड़ा रही थी। लेकिन बाऊ ने चार्ल्स अमिनी (12) के साथ 44 रन की साझेदारी कर टीम को जल्दी सिमटने से बचाया। दूसरी पारी के दौरान कुछ देर के लिए बारिश भी आई और 20 मिनट की बाधा के बाद मैच फिर से शुरू किया गया।

# विश्व कप के पहले मैच में अमेरिका ने कनाडा को हराया



कनाडा के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनाते आरोन जोन्स।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**कनाडा :** 194/5, 20 ओवर। नवनीत धालीवाल 61, निकोलस 51, श्रेयस मोव्वा 31। **विकेट :** अली 1, हरमीत 1, सीजे एंडरसन 1।

**अमेरिका :** 197/3, 17.4 ओवर। एंड्रीस 65, आरोन जोन्स 94। **विकेट :** कलीम साना 1, निखिल दत्ता 1।

डलास, एजेंसी

- अमेरिका के लिए आरोन जोन्स ने खेली 40 गेंद पर नाबाद 94 रन की पारी कनाडा को सात विकेट से हराया

आरोन जोन्स की 40 गेंद पर खेली गई नाबाद 94 रन की पारी की मदद से सह मेजबान अमेरिका ने टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में कनाडा को 14 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर शीर्ष स्तर की क्रिकेट में धमाकेदार शुरुआत की।

कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 194 रन बनाए। अमेरिका ने इसके जवाब में एंड्रीज गौस के 65 रन और जोन्स की तूफानी पारी की मदद से 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 197 रन बनाकर जीत दर्ज की। जोन्स ने अपनी पारी में 10 छक्के और चार चौके लगाए। न्यूयॉर्क में जन्में जोन्स ने जहां आक्रमक बल्लेबाजी करके प्रभावित किया वहीं गौस ने भी बेहतरीन पारी खेली। अमेरिका ने 42 रन तक दो विकेट गंवा दिए थे इसके बाद गौस ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए। जोन्स और गौस ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की जिससे अमेरिका आसानी से लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा।

इससे पहले नवनीत धालीवाल (61) और आरोन जॉनसन (23) ने कनाडा को आक्रामक शुरुआत दिलाई। इसके बाद निकोलस किर्टन ने 31 गेंदों में 51 रन बनाकर उसे चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। मुंबई में जन्मे बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने छठे ओवर में जॉनसन को आउट करके टूर्नामेंट का पहला विकेट लिया। उनकी जगह लेने के लिए उतरे परगट सिंह भी केवल पांच रन बनाकर रन आउट हो गए। धालीवाल को हालांकि किर्टन के रूप में अच्छा साथी मिला। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन ने धालीवाल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। धालीवाल ने 44 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। विकेटकीपर श्रेयस मोव्वा ने 16 गेंदों पर 32 रन बनाकर रन गति धीमी नहीं पड़ने दी। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए।



मैच जीतने के बाद जश्न मनातीं चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा। >>

# इगा क्वार्टर फाइनल में, नोवाक भी जीते

पेरिस, एजेंसी

गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने अनास्तिया पोतापोवा के खिलाफ बेहद एकतरफा जीत के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने पोतापोवा को सिर्फ 40 मिनट में 6-0, 6-0 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

स्वियातेक को पूरे मुकाबले के दौरान एक भी गेम प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। पोतापोवा ने पहले ही मैच प्वाइंट पर फोरहैंड शॉट नेट पर मारकर मुकाबला स्वियातेक की झोली में डाल दिया। वहीं, पोलैंड की यह शीर्ष वरीय खिलाड़ी अगले दौर में पांचवीं वरीय चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा और सर्बिया की गैरवरीय ओल्गा डेनिलोविच के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेगी।

- रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने ब्राजील के लूज और जोरमैन को हराकर दूसरे दौर में बनाई जगह

इससे पहले नोवाक जोकोवच ने पांच सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जोकोविच ने इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को तीसरे दौर के मैच में 7-5, 6-7 (6), 2-6, 6-3, 6-0 से हराया। यह मैच चार घंटे 30 मिनट तक चला और रविवार की सुबह तीन बजे तक खेला गया। जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में यह 369वीं जीत है और इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जोकोविच सोमवार को यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं, जब उनका सामना अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा।

वहीं, भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीय जोड़ी ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में ऑरलैंडो लूज और मार्सेलो जोरमैन की ब्राजील की जोड़ी को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। बोपन्ना और एबडेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोड़ी को ब्राजील की जोड़ी के खिलाफ 7-5 4-6 6-4 से जीत दर्ज करने के लिए दो घंटे और सात मिनट तक जूझना पड़ा। जोरमैन और लूज को टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद नहीं थी लेकिन कई जोड़ियों के हटने के बाद उन्हें खेलने का मौका मिला।



<< मैच के दौरान शॉट खेलतीं जैस्मीन पाओलिनी।

# अमित और जैस्मीन ने हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

बैंकॉक, एजेंसी

विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) और राष्ट्रीय महिला चैंपियन जैस्मीन लम्बोरिया (57 किग्रा) ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के अपने क्वार्टर फाइनल में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

कई बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता पंघाल ने एक कड़े मुकाबले में वापसी करते हुए चीन के चुआंग लियू को 5-0 से हराकर दूसरी बार ओलंपिक के लिए टिकट कटाया। परवीन हुड्डा (57 किग्रा) के पिछले महीने ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण निलंबित किए जाने के बाद भारत को ओलंपिक कोटा गंवाना पड़ा था। जैस्मीन ने अपने 60



किग्रा को छोड़कर महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल की चुनौती पेश की और देश को इस वर्ग का कोटा दिलाया। जैस्मीन ने एकतरफा क्वार्टर फाइनल में माली की मैरिन कामरा को आसानी से 5-0 से पराजित किया। पंघाल और जैस्मीन इस तरह ओलंपिक में जगह बनाने वाले मुक्केबाज निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) की चौकड़ी के साथ शामिल हो गए।

# रियल मैड्रिड ने जीती चैंपियंस लीग



**लंदन।** रियल मैड्रिड ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां बोरूसिया डॉर्टमंड को 2-0 से हराकर रिकॉर्ड 15वीं बार चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता जीती। वेम्बले स्टेडियम में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की जीत के बाद रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा हमें इसकी आदत पड़ती जा रही है। हमारा स्वप्निल सफर जारी है। एंसेलोटी का कोच के रूप में चैंपियंस लीग में यह पांचवा खिताब है। इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। जिनेदिन जिदान, पेप गार्डियोला और बॉब पैस्ले ने कोच के रूप में तीन-तीन बार चैंपियंस लीग जीती है। मैड्रिड का कोच रहते हुए एंसेलोटी ने तीसरी बार चैंपियंस लीग जीती। मैड्रिड को पहले हाफ में संघर्ष करना पड़ा लेकिन इसके बाद उसने मैच में दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से डैनी कार्वाजल और विनीसियस जूनियर ने गोल दागे। डॉर्टमंड ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया। उसने कुछ मौके भी बनाए लेकिन इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा। एंसेलोटी ने कहा यह बेहद मुश्किल मैच था।

# द. अफ्रीका-श्रीलंका में होगी टक्कर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों और श्रीलंका के गेंदबाजों के बीच सोमवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। द. अफ्रीका की बल्लेबाजी मजबूत है तो श्रीलंका के पास विविधता पूर्ण गेंदबाजी आक्रमण है। दोनों टीम अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान देकर शुरू में ही अंक तालिका में खाता खोलने की कोशिश करेंगे। इस ग्रुप में नीदरलैंड, बांग्लादेश और नेपाल की टीम की शामिल हैं जो उलट फेर कर सकती हैं।

दक्षिण अफ्रीका के पास कप्तान एडेन मार्कराम, विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन, क्विंटन



डी कॉक, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाज हैं। क्लासेन और स्टब्स बेहतरीन फॉर्म में हैं। इन दोनों ने हाल में आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। क्लासेन ने सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से 16 मैच में 471 रन जबकि स्टब्स ने दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए चार मैच में 378 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों ने तब अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया जब बीच के ओवरों में स्पिनर गेंदबाजी कर रहे होते हैं।

### ओमान पर जीत से खाता खोलने उतरेगा नामीबिया

**ब्रिजटाउन।** अफ्रीका के क्वालीफायर्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली नामीबिया की टीम टी-20 विश्व कप के ग्रुप बी में ओमान के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में जीत दर्ज करने के दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरेगी। नामीबिया के पास कुछ अनुभवी खिलाड़ी हैं लेकिन उसके लिए राह इतनी आसान नहीं होगी। ओमान के पास भी कुछ मंझे हुए खिलाड़ी हैं जिनके दम पर वह नामीबिया को कड़ी टक्कर देने की कोशिश करेगा। ओमान ने अप्रैल में खेली गई पांच मैच की शृंखला में नामीबिया को कड़ी टक्कर दी थी। नामीबिया ने आखिर में यह शृंखला 2-1 से जीती थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## मेक्सिको को मिल सकती है पहली महिला राष्ट्रपति



निवर्तमान राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज और प्रथम महिला बीट्रिज गुटिरेज मेलर रविवार को मेक्सिको सिटी में आम चुनाव के दौरान मतदान करने पहुंचे। ● एजेंसी

**मक्सिको सिटी।** मेक्सिको के लोग रविवार को देश के इतिहास में संभवता पहली महिला राष्ट्रपति चुनेंगे। इस बार राष्ट्रपति पद के तीन उम्मीदवारों में से दो महिलाएं हैं। इनमें से एक पूर्व शिक्षाविद् हैं जिन्होंने वर्तमान नेता की लोकलुभावन नीतियों को आगे बढ़ाने का वादा किया है तथा एक पूर्व सीनेटर एवं तकनीकी उद्यमी हैं जिन्होंने मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े गिरोहों से निपटने का वादा किया है। राष्ट्रपति पद के लिए दोनों प्रमुख उम्मीदवार महिलाएं हैं। तीसरे उम्मीदवार जॉर्ज अल्वारेज मेनेज हैं। निवर्तमान राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर की जगह नए राष्ट्रपति के चुनाव के लिए देश में 10 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं।

## इजराइली पासपोर्ट धारकों पर मालदीव लगाएगा प्रतिबंध

**माले।** मालदीव सरकार ने इजराइली पासपोर्ट धारकों को हिंद महासागर द्वीपसमूह में प्रवेश करने से प्रतिबंधित करने के लिए कानूनों में संशोधन करने का रविवार को फैसला किया। यह फैसला गाजा पर इजराइली सेना द्वारा किए गए हमलों को लेकर मालदीव में बढ़ते जनाक्रोश के बीच लिया गया है।

समाचार पोर्टल सन.एमवी की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति कार्यालय में एक आपातकालीन प्रेस वार्ता में गृह मंत्री अली इहुसन ने इस फैसले की घोषणा की। मंत्रिमंडल ने इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए मंत्रियों की एक विशेष समिति गठित की है। मालदीव में हर साल दस लाख से अधिक पर्यटक आते हैं। इसमें इजराइल से लगभग 15,000 पर्यटक शामिल हैं।

# जीवन है अनमोल इसलिए हेलमेट का सही चयन जरूरी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में भारत में सड़क दुर्घटना में 1,68,491 लोगों की मौत हो गई, जिसमें से 52000 लोगों की मौत हेलमेट न पहनने के कारण हुई। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के मुताबिक दोपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। लेकिन भारत में तो अधिकांश लोग सिर्फ चालान से बचने के लिए हेलमेट पहनते हैं। इसलिए वे सस्ते और कमजोर हेलमेट खरीद लेते हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हेलमेट की क्वालिटी कैसी है। इसलिए आज बात हेलमेट क्वालिटी की। अगर आप हेलमेट खरीदने जा रहे हैं तो किन बातों का ध्यान रखें। क्वालिटी चेक कैसे करें।

### इन मौकों पर विशेष ध्यान रखें

- ऑफिस आने-जाने वक्त बाइक का इस्तेमाल के समय
- प्रोफेशनल बाइक राइडिंग के वक्त
- हाईवे पर बाइक से लॉन्ग ट्रैवल के समय

### हेलमेट सर्टिफिकेशन आवश्यक, मानदंडों का पालन करना अनिवार्य

हेलमेट बनाते हुए सुरक्षा के कुछ जरूरी मानदंडों का पालन करना अनिवार्य होता है। विभिन्न देशों में अलग-अलग संस्थाएं इसे सर्टिफाइड करती हैं। डॉट- यह सबसे कॉमन सर्टिफिकेशन है, लेकिन यह सबसे सुरक्षित नहीं है। ईसीई सर्टिफिकेशन- इसका सबसे कॉमन ईसीई 22.05 है। हालांकि नया मानक ईसीई 22.06 है। स्नेल- यह अमेरिकन संस्था है, जो हर 5 साल में अपने टेस्ट के मानकों को अपडेट करती है। आईएसआई- भारत में हेलमेट आईएसआई सर्टिफिकेशन के साथ होना जरूरी है। हालांकि इसके पास कोई मानक टेस्ट प्रक्रिया नहीं है, लेकिन एक मानदंड यह है कि वजन बहुत ज्यादा नहीं होना चाहिए।



### हेलमेट खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

- हवा और साउंड के लिए प्रॉपर वेंटिलेशन
- ऊपरी हिस्से में अंदर की तरफ सॉफ्ट कुशनिंग
- हेलमेट का ग्लास एरिया और आई व्यू
- हेलमेट का साइज ऐसा हो जो सिर में बिल्कुल फिट रहे

### ऐसे जांचें अच्छी क्वालिटी है या नहीं

दोपहिया वाहन चलाते हुए सबसे बुनियादी और जरूरी चीज है हेलमेट। हेलमेट ऐसा होना चाहिए कि सिर पर चाहे कितने जोर की चोट लगे, सिर बिल्कुल सही-सलामत रहे। इतना मजबूत होना चाहिए कि हथौड़ा मारो तो भी नहीं टूटे। हेलमेट कोई फैशन एक्सेसरी तो है नहीं।

## एक नजर

### लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत पर हमला

**सना।** यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन जिसे आमतौर पर हूती के नाम से भी जाना जाता है, ने लाल सागर में एक अमेरिकी विमानवाहक पोत और कई जहाजों पर हमला किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या साड़ी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा हूती नौसेना की मिसाइल इकाइयों और ड्रोन ने छह अभियान चलाए हैं। अमेरिकी विमानवाहक पोत ड्वाइट आइजनहावर पर उत्तरी लाल सागर में मिसाइलें और ड्रोन के साथ कई लोगों ने हमला किया था। इसके अलावा लाल सागर में एक अमेरिकी विध्वंसक पर भी हमला किया गया।

### प्रसारण संघ के अभिनेता को पुरस्कार नहीं देने का फैसला

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के एक प्रसारण संघ ने मशहूर अभिनेता रॉबर्ट डी नीरो को एक नियोजित पुरस्कार नहीं देने का फैसला किया है क्योंकि उन्होंने न्यूयॉर्क में अदालत के बाहर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ टिप्पणियां की थीं। रॉबर्ट डी नीरो को अगले सप्ताह वाशिंगटन में नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्रॉडकास्टर्स (एनएबी) द्वारा पुरस्कार दिया जाना था।

### ईरान ने स्वीडन के राजदूत को तलब किया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तेहरान के खिलाफ अपने देश के निराधार और पक्षपातपूर्ण आरोपों पर स्वीडन के राजदूत को तलब किया। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने स्वीडिश दूत के साथ बैठक के दौरान स्टॉकहोम में एक स्वीडिश अधिकारी द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों के खिलाफ तेहरान के विरोध से अवगत कराया। इरना के अनुसार यह टिप्पणी दुष्प्रचार पर आधारित और इज़रायल के प्रभाव में की गई थी।

### वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए मजबूत कदम जरूरी

**जिनेवा।** डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों ने कोविड-19 और एमपॉक्स जैसी वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर तैयारी में सुधार करने संबंधी नए कदमों को शनिवार को मंजूरी दी और वृहद संधि पर सहमत होने के लिए नयी समय सीमा तय की। डब्ल्यूएचओ ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि देशों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों में संशोधन करने पर सहमति जताई जैसे कि वैश्विक महामारी आपातकाल शब्द को परिभाषित करना और विकासशील देशों को वित्तपोषण एवं चिकित्सा उत्पादों तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करना।

# चीन ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतारा अंतरिक्ष यान, चट्टानों के लेगा नमूने

## चाइना के मून मिशन के लिए काफी अहम माना जा रहा है यह चंद्रयान


**बीजिंग, एजेंसी**

- मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया

चीन के स्पेस मिशन ने रविवार को बड़ी कामयाबी हासिल की है। बीते माह लॉन्च किए गए चांग ई-6 मून लैंडर ने लगभग एक महीने बाद रविवार सुबह चांद के सुदूर हिस्से पर सफल लैंडिंग की। ये लैंडिंग चीन के मून मिशन के लिए काफी अहम मानी जा रही है। इसके जरिए चीन चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने वाला पहला देश बनना चाहता है। चीन की स्पेस एजेंसी के मुताबिक चांग ई-6 लैंडर चांद के दक्षिणी ध्रुव-ऐटकेन बेसिन में उतरा। यहां से चंद्रमा की सतह के नमूने इकट्ठा करना शुरू करेगा।

यह चीन का अब तक का सबसे मुश्किल मून मिशन है। पहली बार चीन ने ही 2019 में अपने चांग''ई-4 मिशन के जरिए ऐसा किया था। सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक चांग ई-6 की सफलता से चीन चांद पर बेस बनाने में अमेरिका और दूसरे देशों से आगे निकल सकता है। अगर सब उम्मीद के मुताबिक हुआ तो लैंडर चांद की सतह से 2 किलो के सैंपल लाएगा। सैंपल लेने के लिए लैंडर में ड्रिल कर खोदने और फिर मलबे को उठाने की मैकेनिकल आर्म लगाई गई है।

सैंपल को लैंडर के सबसे ऊपर लगे हिस्से में रखा जाएगा। इसके बाद एक दूसरा स्पेसक्राफ्ट चांद के इस हिस्से में भेजकर लैंडर को वापस धरती पर लाया जाएगा। इसकी लैंडिंग 25 जून के आसपास मंगोलिया में होगी। चांद के इस हिस्से पर लैंडिंग दूसरे हिस्सों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल है। इसकी वजह ये है कि चांद के इस हिस्से में अंधेरा होता है, ये उबड़-खाबड़ है। इसके चलते यहां संपर्क मुश्किल होता है और लैंडिंग में परेशानी आती हैं।



चंद्रमा की सतह पर रोवर।

### 2030 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजना चाहता है चीन

चीन को 2030 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजना है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चीन एक रिसर्च बेस बनाना चाहता है। एक्सपट्‌र्स के मुताबिक चांग ई-6 लैंडर जो सैंपल लेकर आएगा उनसे चंद्रमा, पृथ्वी और सौर मंडल के बनने और उनका विकास होने से जुड़े सुराग मिल पाएंगे। इस डेटा का इस्तेमाल चीन के आने वाले मून मिशन्स में होगा। 2020 में चीन का चांग ई-5 भी चांद से 1.7 किलो सैंपल लेकर लौटा था। हालांकि, ये सैंपल चांद के पास के इलाके ओशिएनस प्रोसेलेरम से लिए गए थे। चीन तीन और मून मिशन की तैयारी में है।

### पिछले साल भारत ने दक्षिणी ध्रुव पर उतारा था प्रज्ञान रोवर

भारत पिछले साल चंद्रमा के कम खोजे गए दक्षिणी ध्रुव हिस्से के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। प्रज्ञान रोवर को लेकर पहुंचा चंद्रयान-3 का लैंडर वहां सफलतापूर्वक उतरा था। चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र तक मिशन भेजना ज्यादा मुश्किल है क्योंकि यह पृथ्वी के सामने नहीं होता जिसके कारण संचार बनाए रखने के लिए रिले उपग्रह की आवश्यकता होती है। साथ ही यह हिस्सा अधिक उबड़-खाबड़ है जहां लैंडर के उतरने के लिए बहुत ही कम समतल भूमि है।

## दिव्यांगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शुरू किया अभियान

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक गैर सरकारी संगठन ने बौद्धिक रूप से दिव्यांग लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने के लिए एक नई पहल शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत पहले साल भारत में 10 हजार लोगों की मदद की जाएगी। हितार्थ परियोजना के तहत अमेरिका स्थित वायस ऑफ स्पेशियली एबल्ड पीपुल (वीओएसएपी) ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए परिवार एनसीपीओ (नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ पैरेंट्स ऑर्गेनाइजेशंस) के साथ साझेदारी की है।

इसमें कहा गया है कि इस साझेदारी का मकसद बौद्धिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को जरूरी चिकित्सा, दंत चिकित्सा, ओपीडी सेवा सुलभ कराने में सहायता करना तथा भारत सरकार की 'निरामय' योजना के तहत प्रति वर्ष एक लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति प्राप्त कराना है। वीओएसएपी के कैलिफोर्निया स्थित संस्थापक प्रणव देसाई ने कहा हम वीओएसएपी प्रभाव को विस्तारित करने के लिए इस नए मॉडल के साथ उपलब्ध अवसरों को लेकर बहुत उत्साहित हैं जो भारत सरकार के मौजूदा कार्यक्रमों और परिवार जैसे हमारे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित साझेदारों की ताकत का लाभ उठाता है।

# जेलेंस्की ने कहा- चीन के दखल से जंग लंबी खिंचेगी

**सिंगापुर, एजेंसी**

- वह रूस को हथियार मुहैया करा रहा, दुनिया के लिए गलत संदेश



यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन-रूस जंग में चीन रूस का समर्थन कर रहा है। चीन के दखल से यह जंग लंबे समय तक चलेगी। जेलेंस्की ने यह बात सिंगापुर में आयोजित शांगरी ला मंच में कही है। जेलेंस्की ने कहा कि चीन का यह कदम दुनिया के लिए गलत संकेत है। इससे चीन की नीतियां भी गलत साबित होती हैं। चीन कहता है कि वह हर देश की स्वतंत्रता का समर्थन करता है। इसके बाद किसी देश को बर्बाद करने के लिए हथियार या समर्थन देना कोई अच्छी बात नहीं है।

अमेरिका भी चीन पर यही आरोप लगा चुका है कि वह लगातार रूस को हथियार दे रहा है। इसके लिए कई बार चीन को चेतावनी दी गई है पर चीन ने इन आरोपों को खारिज किया है।

जेलेंस्की ने कहा कि चीन लगातार दावा करता रहा है कि वह शांति समर्थक है, जबकि वह लगातार रूस की आर्थिक मदद कर रहा है। फरवरी 2022 से शुरू हुई जंग के बाद चीन लगातार रूस से अपने संबंध मजबूत बनाने में लगा है।

**रूस कई देशों को सम्मेलन में शामिल होने से रोक रहा :** जेलेंस्की ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन को बाधित करने के लिए रूस कई देशों को दिए जाने वाले कृषि, खाद्य और रासायनिक उत्पादों पर बैन लगाने की धमकी दे रहा है। रूस कई देशों से कह रहा कि वे इस शिखर सम्मेलन में न जाए। जेलेंस्की ने कहा कि शिखर सम्मेलन में चीन के शामिल नहीं से पता चलता है चीन किसे चाहता है।

### रूस के हमलों के बाद यूक्रेन में हुई बिजली गुल

**कीव।** रूस द्वारा बुनियादी ऊर्जा ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमले किए जाने और पूर्वी दोनेत्स्क प्रांत में बढ़त हासिल करने का दावा किए जाने के एक दिन बाद यूक्रेन ने रविवार को देश के अधिकांश हिस्सों में आपातकालीन बिजली कटौती लागू कर दी। शनिवार को ऊर्जा संयंत्रों को लक्ष्य बनाकर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए जाने के बाद यूक्रेन के तीन इलाकों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। इन हमलों में कम से कम 19 लोग घायल हुए हैं।

## कुवैत में नए क्राउन प्रिंस बने शेख सबा

**कुवैत सिटी।** कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने शेख सबा अल-खालिद अल-सबा को नया क्राउन प्रिंस नियुक्त करने का फरमान जारी किया है। कुवैत के सरकारी टेलीविजन ने शनिवार को यह जानकारी दी।



1953 में कुवैत में जन्मे शेख सबा ने पहले 2019 से 2022 तक देश में प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। कुवैत विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में डिग्री के साथ स्नातक होने के बाद, नए राजकुमार ने एक बार संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि, सऊदी अरब में राजदूत और विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

# कचरे से लदे 600 से अधिक गुब्बारे द. कोरिया में गिराए

**सोल, एजेंसी**

- उत्तर कोरिया की कारस्तानी दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा

उत्तर कोरिया के कचरा ढोने वाले 600 से अधिक गुब्बारे लगातार पांच दिनों से जीपीएस सिग्नल जाम होने के बीच दक्षिण कोरिया में गिरे है। सोल की सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उसने 600 से अधिक गुब्बारों का पता लगाया है जो दोनों कोरिया को अलग करने वाली सैन्य सीमांकन रेखा के पार तैरते हुए शनिवार रात आठ बजे से रविवार सुबह दस बजे के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में गिरे थे। जेसीएस के अनुसार गुब्बारों में पिछले गुब्बारों की तरह ही सिगरेट के टुकड़े, कागज और प्लास्टिक की थैलियां जैसे कचरे के विभिन्न टुकड़े थे। दक्षिण कोरिया के कार्यकर्ताओं द्वारा भेजे गए प्योंगयांग विरोधी पर्चों के खिलाफ जैसे को तैसा कार्रवाई की चेतावनी दी।



## अमेरिका में हुई गोलीबारी में दो की मौत, सात घायल

**अमेरिका।** उपनगरीय पिट्सबर्ग के एक बार में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एलेगनी काउंटी पुलिस ने कहा कि उसने पेन हिल्स के बॉलर्स हुक्का लॉंज और सिगार बार में सुबह के वक्त हुई गोलीबारी के मामले में कार्रवाई की है।

पुलिस ने बयान में कहा कि रविवार तड़के तीन बजे के आसपास बचावकर्मियों को बार के अंदर एक पुरुष और एक महिला के शव मिले। इसके अलावा, सात व्यक्ति घायल भी हुए हैं। बयान के अनुसार, घायलों को क्षेत्र के अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से एक की हालत नाजुक है।

# नाबालिग के मां-बाप 5 तक हिरासत में

**पुणे, एजेंसी**

पुणे की एक अदालत ने रविवार को पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय लड़के के माता-पिता को सबूत नष्ट करने के मामले में 5 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। महाराष्ट्र के पुणे शहर में 19 मई को हुई कार दुर्घटना के बाद नाबालिग के रक्त के नमूने बदले जाने में उनकी कथित भूमिका के लिए दोनों के खिलाफ जांच की जा रही है।

इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की जान चली गई थी। नाबालिग आरोपी की मां शिवानी अग्रवाल को 1 जून को यह खुलासा होने के बाद गिरफ्तार किया गया था कि नाबालिग के रक्त के नमूने को मां के नमूने से बदल दिया गया था। आरोपी के पिता एवं रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल को मामले में सबूत नष्ट करने में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने नाबालिग के माता-पिता को यहां की एक अदालत में पेश किया और उनकी रिमांड का अनुरोध किया। दोनों को पांच जून तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।



### पुणे कार हादसा

- रक्त के नमूने बदले जाने के मामले में चल रही जांच
- सुबूत नष्ट करने पर कोर्ट से मांगी गई थी दोनों की हिरासत

### ड्रिंक एंड ड्राइव के चालान छोड़ मालिश करा रहा था ट्रैफिक उप निरीक्षक

**पुणे।** जिस रात नाबालिग पब से शराब पीकर निकला था उसी रास्ते में डिंक एंड ड्राइव की चेकिंग के लिए यरवदा यातायात उप निरीक्षक तैनात थे। एक वायरल वीडियों में वह चेकिंग के बजाय मालिश कराते दिख रहे हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस उपायुक्त ने स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने कहा है कि वह दो दिन से ड्यूटी पर था इसलिए टांगों की राहत के लिए मालिश करा रहा था। उन्होंने यह भी कहा है कि मामले की जांच जारी है। अगर वह दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बॉलीवुड हलचल


## सोनू सूद की फिल्म फतेह में हुई नसीरउद्दीन शाह की एंट्री



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह में नसीरउद्दीन शाह की एंट्री हो गयी है। सोनू सूद काफी दिनों से फिल्म फतेह को लेकर चर्चा में बने हुये हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह की एंट्री हो गई है। सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है, साथ ही उन्होंने नसीरुद्दीन के साथ काम करने को लेकर अपनी राय रखी हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में सोनू सूद ने लिखा, नसीर सर आपका तहे दिल से स्वागत है। जिस शख्स की पूरी जिंदगी मैंने सिर्फ और सिर्फ तारीफ की है, उसका निर्देशन करना मेरे लिए बेहद खास रहा। आपको फतेह पर काफी गर्व होगा सर। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकनील फर्नांडीस अहम रोल में नजर आने वाली हैं।

## सन्नी देओल, प्रीति जिंटा की लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सन्नी देओल और अभिनेत्री प्रीति जिंटा की आने वाली फिल्म लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी हो गयी है। आमिर खान निर्मित और राजकुमार संतोषी निर्देशित गदर 2 के बाद अब दर्शकों को सन्नी देओल की लाहौर 1947 का बेसब्री से इंतजार है।



इस बात की जानकारी प्रीति जिंटा ने अपने एक पोस्ट के जरिए दी है। प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें फिल्म के सेट की कई सारी तस्वीरें नजर आ रही हैं। शूटिंग रैप अप होने की खुशी में सेट इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि लाहौर 1947 का रैप अप और मैं इस अविश्वसनीय अनुभव के लिए पूरी कास्ट और क्रू की जितनी आभारी हूं, उतना कम है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी इस फिल्म की उतनी ही सराहना करेंगे और इसका उतना ही आनंद लेंगे, जितना हमने इसे बनाते समय लिया।

## ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद ने दाखिल किया नामांकन

**दुबई।** ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रविवार को नामांकन दाखिल किया। देश के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु के बाद वहां चुनाव कराए जा रहे हैं। अहमदीनेजाद के नामांकन से सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई दबाव में आएंगे।

अहमदीनेजाद ने 85-वर्षीय सर्वोच्च नेता को खुली चुनौती दी थी और 2021 के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की उनकी कोशिशों को अधिकारियों ने विफल कर दिया था। उन्होंने ऐसे वक्त में अपना नामांकन दाखिल किया है जब ईरान और पश्चिमी देशों के बीच तेहरान के परमाणु कार्यक्रम, रूस को हथियार देने और असंतुष्टों पर कार्रवाई को लेकर तनाव बढ़ रहा है। पत्रकारों ने तेहरान में देखा कि अहमदीनेजाद गृह मंत्रालय पहुंचे और चुनाव के लिए पंजीकरण शुरू की।

**खुलासा** जम्मू-कश्मीर के डीजीपी ने कहा- पाकिस्तान नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा

# सीमा पार से घुसपैठ की फिराक में 70 आतंकी

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि रंजन स्वैन के अनुसार एलओसी के पार स्थित लॉन्च पैड पर सक्रिय लगभग 60 से 70 आतंकवादी भारत में घुसपैठ की फिराक में हैं। उन्होंने कहा कि घटती क्षमता के बावजूद पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में लोगों और नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा है। ड्रोन के जरिये हथियार समेत अन्य सामग्री गिराए जाने की चुनौतियां लगातार जारी हैं। स्वैन ने कहा कि भारतीय सुरक्षाकर्मियों की दृढ़ प्रतिबद्धिता के कारण दुश्मन का सफल होना बहुत मुश्किल है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस और अपराध जांच विभाग (सीआईडी) का दोहरा कार्यभार संभाल रहे स्वैन ने कहा हमारे सुरक्षा साझेदारों के साथ बैठकों में हम आमतौर पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि यह एक तथ्य है कि प्रतिद्वंद्वी या दुश्मन ने लोगों और सामग्री को भेजने पर रोक नहीं लगाई है।

उन्होंने क्षेत्र में पश्चिमी पड़ोसी देश से आए विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अस्थिर करने की दुश्मन की क्षमता को और कम करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। मैं कहूंगा कि दुश्मन का इरादा वही है, क्षमता निश्चित रूप से कम हुई है, लेकिन कभी-कभार व्यवस्था को झकझोरने और आपको अस्थिर करने की क्षमता उसमें अब भी मौजूद है।



डीजीपी रश्मि रंजन स्वैन।

### चुनौतियों से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध : स्वैन

स्वैन ने कहा कि किसी एक समय पर संभवता पाएंगे कि अलग-अलग स्थानों पर पांच या छह के समूहों में लगभग 60-70 लोग हमारी तरफ भेजे जाने का इंतजार कर रहे हैं। सेना, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच तालमेल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं कि हम दुश्मन की सफलता को मुश्किल बना देंगे। ड्रोन से सामान गिराए जाने के मुद्दे पर स्वैन ने कहा कि ये गतिविधियां एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करती हैं क्योंकि ये हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, नकदी की तस्करी को सुगम बनाती हैं। इस खतरे का मुकाबला करने में प्रगति हुई है फिर भी इन गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है।

### पाक के लिए हिसाब रखने वालों ने चुनावी प्रक्रिया में लिया भाग

डीजीपी ने कहा है कि अतीत में दुश्मन के लिए काम करने और हिसाब-किताब रखने वाले लोगों ने इस बार चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया। स्वैन ने लोगों के भयमुक्त होने को रेखांकित करते हुए कहा इस साल के लोकसभा चुनाव में जम्मू कश्मीर में उल्लेखनीय मतदान प्रतिशत रहा। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से जम्मू कश्मीर में हुए पहले बड़े चुनावी मुकाबले में, (कश्मीर) घाटी की तीन लोकसभा सीट श्रीनगर, बारामूला और अनंतनाग-राजौरी में पिछले तीन दशकों में अब तक का सर्वाधिक मतदान हुआ।